भोपाल
शुक्रवार, 10 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 13, अंक : 99
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में...

विचार पेज
08 आतंक व बातचीत साथ नहीं....







## विधायक चंद्रवंशी ने क्षेत्र की 16 सड़कों का निर्माण पूरा न होने पर ऐसा कहा था

# विधायक ने कहा- तो, चप्पल-जूते त्याग दूंगा... सीएम बोले- जरूरत नहीं पड़ेगी, 17 सड़कें देने की घोषणा

### डॉ. यादव ने कहा

- शब्दों का ध्यान रखें यह काम कांग्रेसियों के लिए रहने दें
- सरकार अच्छे और सच्चे काम के लिए हमेशा आपके साथ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शाजापुर जिले के काला पीपल में गुरुवार को रोड शो और विकास कार्यों का भूमिपजून-लोकार्पण करने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंच पर बैठे सभी नेता तब चौंक गए जब भाजपा विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने ऐलान कर दिया कि यदि


विधायक चंद्रवंशी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबोधित करते हुए

उनके क्षेत्र की 16 सड़कों का निर्माण पूरा न हुआ तो वे जूते-चप्पल पहनना त्याग देंगे। डॉ. यादव ने मंच से ही विधायक को जवाब देते हुए कहा कि 16 नहीं, 17 सड़कें देंगे। हमारे जूते-चप्पल कांटों से बचाने और दौड़ लगाने के लिए हैं। विधायक जी को जूते-चप्पल छोड़ने की जरूरत नहीं है। अपनी बात और शब्दों का ध्यान रखना चाहिए। यह काम कांग्रेसियों के लिए रहने दो। सरकार अच्छे और सच्चे काम के लिए आपके साथ है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### सड़कों के साथ विधायक ने रखी ये मांग

काला पीपल के किसान सम्मेलन में विधायक चंद्रवंशी ने जनता को संबोधित करते हुए मांग पत्र पढ़कर सुनाया। उन्होंने 48 सड़कों के उन्नयन, 16 नई सड़कों की स्वीकृति, नए राजस्व भवन और अरनियाकला में आर्ट एंड साइंस खोलने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि 16 सड़कें स्वीकृत नहीं हुईं या उनका निर्माण पूरा नहीं हुआ तो मैं जूते-चप्पल नहीं पहनूंगा।

### मुख्यमंत्री ने मंजूर कर लीं सभी मांगें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मांगों से संबंधित कागज मैंने ले लिया है। नाम नहीं पढ़ूंगा, लेकिन आपको बुलाकर सभी मांगें मंजूर कर रहा हूं। विकास के कामों में कोई ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### राजेंद्र भारती मामले में फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली।** दतिया उपचुनाव के बीच पूर्व विधायक राजेंद्र भारती से जुड़े बैंक एफडी घोटाला मामले में गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। अदालत ने सरकार और अन्य पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब शुक्रवार को दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट से भी फैसले की उम्मीद है। 2 अप्रैल को 3 साल की सजा मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने भारती की सदस्यता रद्द कर दी थी।

### उज्जैनः पुजारियों के लिए हो बिना जेब का ड्रेस कोड



**उज्जैन।** अयोध्या राम मंदिर के बाद मप्र के नलखेड़ा स्थित बगलामुखी मंदिर में दान चोरी का मामला सामने आने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज व महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद ने बड़े मंदिरों की व्यवस्था सुधारने के लिए पुजारियों और कर्मचारियों हेतु बिना जेब वाले कुर्ते का ड्रेस कोड और मेटल डिटेक्टर लगाने का सुझाव दिया है। पुरी ने हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर का उदाहरण दिया।

### क्या टाइपिंग मिस्टेक के आधार पर मिल सकती है जमानत?



**इंदौर/दिल्ली।** चर्चित राजा रघुवंशी हनीमून मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम कानूनी सवाल पर सुनवाई की। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या गिरफ्तारी मेमो में केवल एक टाइपिंग की गलती (टाइपो) होने से गिरफ्तारी अवैध मानी जा सकती है और आरोपी को जमानत मिल सकती है? जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ इस मामले को बड़ी बेंच को भेजने का संकेत दे चुकी है।

### मेलबर्न में 30 हजार लोगों से बोले पीएम मोदी

## भारत में सपने का जन्म होता फिर बड़ा सपना जन्म ले लेता है...

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच

## यूरेनियम डील पर मुहर, यूरेनियम देने वाले वह पांचवां देश होगा

# दोनों देश बनाएंगे क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर कोकोस द्वीप से गगनयान मिशन को भी मदद



*वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए भारत ने ऑस्ट्रेलिया के अलावा अर्जेंटीना और जाम्बिया जैसे खनिज-समृद्ध देशों के साथ ऐसे रणनीतिक समझौते किए*

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। इससे पहले भारत 4 देशों से यूरेनियम खरीद रहा था अब ऑस्ट्रेलिया 5 वां देश होगा। यूरेनियम परमाणु ऊर्जा और बम दोनों के लिए जरूरी है। मेलबर्न में पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की। मोदी ने कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया ▶▶ शेष पेज 6 पर

क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर ऐसे विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र या इंटीग्रेटेड नेटवर्क होते हैं, जिन्हें महत्वपूर्ण खनिजों (जैसे लिथियम, कोबाल्ट, और रेयर अर्थ एलिमेंट्स) की खोज, खनन, शोधन (रिफाइनिंग) और मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्राथमिकता दी जाती है


पीएम मोदी और पीएम अल्बनीज

***पीएम ने नारा दिया 'ग्रो मोर, अचीव मोर' उधर से आवाज आई मोदी...मोदी.***

### हमारे लिए नागरिक सर्वोपरि

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे 12 साल में तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं और क्रिकेट की भाषा के लिहाज से यह उनकी हैट्रिक है। अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंथनी अल्बानीज की मौजूदगी में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आतंकी ठिकानों पर धमाके गूंज पूरी दुनिया में


पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 की सफलता, गगनयान मिशन और अंतरिक्ष स्टेशन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रयान-3 के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर विश्व इतिहास रच दिया, जो कोई अन्य देश नहीं कर पाया लेकिन भारत इससे संतुष्ट नहीं रहा। अब भारत गगनयान मिशन के तहत अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान भेजने की तैयारी कर रहा है। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया जो भी करते हैं, उससे दोनों देशों को लाभ होता है। अब, एक भारतीय ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

***रिश्तों को क्रिकेट से जोड़ा :*** *पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता क्रिकेट जैसा है। हमारी मुलाकातें क्रिकेट की तरह होती हैं। एजेंडे में वनडे जैसा फोकस है, फैसले टी-20 की तरह तेजी से होते हैं और हमारी साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी और मजबूत है।*

### कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में वारदात

## किशोरी से गैंगरेप, दुष्कर्म के दौरान बनाया वीडियो 'वायरल' कर दिया

### एक विधि विरूद्ध बालक हिरासत में दूसरे की तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में 16 साल 7 महीने की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी पीड़िता के परिजनों को उस समय लगी जब सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो वायरल हुआ। बेटी से पूछताछ के बाद परिजन उसे लेकर कटारा हिल्स थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दो लड़कों पर सामूहिक दुष्कर्म, आईटी एक्ट और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एक विधि विरूद्ध बालक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### किशोरी से पूछताछ जारी

किशोरी की काउंसलिंग कराई गई। उससे घटना के बारे में पूछताछ की गई, लेकिन वह यह नहीं बता सकी कि किस दिन उसके साथ वारदात हुई है। उसका कहना है कि चार-पांच दिन पहले उसके साथ गलत काम किया गया है। पुलिस को अनुमान है कि छुट्टी के दिन किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। बाकि दिनों स्कूल लगता है और स्कूल के आसपास चहल-पहल रहती हैं।

### हाईकोर्ट में पेश किया हलफनामा

## महिला जज को धमकी, दो आरोपियों को किया अरेस्ट

### 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सिवनी मालवा की महिला न्यायाधीश तबस्सुम खान को ऑनलाइन धमकी देने के मामले में मध्य प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश की है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) द्वारा प्रस्तुत व्यक्तिगत हलफनामे में बताया गया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि महिला जज ने गोवंश तस्करी और मॉब लिंचिंग के एक मामले में 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें इंटरनेट पर धमकियां मिलने लगीं। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने इसे न्यायिक स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई थी। सुनवाई के दौरान सरकार ने कोर्ट को बताया कि महिला न्यायाधीश को अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया करा दी गई है। इसके साथ ही दतिया, कटनी और बैतूल में भी न्यायाधीशों के साथ हुई सुरक्षा चूक की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें दतिया मामले के आरोपियों के खिलाफ चालान पेश होने की बात कही गई है।

### उमरिया में भीषण सड़क हादसा

## ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार परिवार के 5 लोगों की गई जान


हाईवे पर बिना इंडिकेटर खड़े वाहन से हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरिया

नेशनल हाइवे-43 पर कोतवाली थाना क्षेत्र के भरौला सिद्धबाबा धाम के पास तड़के सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनूपपुर के राजेंद्रग्राम (लील्हाटोला) का मार्को परिवार अपनी बेटी को हॉस्टल छोड़ने चित्रकूट जा रहा था। इसी दौरान उनकी तेज रफ्तार अर्टिगा कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इंदौर हाईवे पर यात्री बस में भीषण आग

## ड्राइवर की सूझबूझ से बचे सभी 26 मुसाफिर, टला बड़ा हादसा


टायर फटने के बाद उठी चिंगारी के बाद भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

रीवा से इंदौर आ रही अंबे ट्रेवल्स की एक यात्री बस गुरुवार को इंदौर बायपास पर भीषण आग का शिकार हो गई। हालांकि, चालक की त्वरित सूझबूझ और राहगीरों की मदद से बस में सवार सभी 26 यात्रियों और उनके सामान को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि बस रीवा से रवाना होकर सतना और अन्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कांग्रेस बोली-यह बदले की कार्रवाई

## पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के भाई नाना से लंबी पूछताछ, फिर रिहाई


दो कथित ड्रग्स पैडलरों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में सामने आया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को गुरुवार को कई घंटों तक हिरासत में रखने और पूछताछ के बाद देर रात छोड़ दिया। इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। यह पूरा मामला इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करके दो संदिग्ध युवकों इरफान खान उर्फ बोलू चंदेरी और रानी ▶▶ शेष पेज 6 पर


### ई 20 पेट्रोल को लेकर गडकरी ने किया दावा

## माइलेज पर मामूली असर.. इंजन पर नहीं इंजन खराब तो उसके पीछे मिलावटी ईंधन

### एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम होती है। इसलिए जैसे-जैसे पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा बढ़ती है, वैसे-वैसे गाड़ी का औसत माइलेज थोड़ा कम हो सकता है। लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका असर बहुत कम होगा। सोशल मीडिया पर ई20 पेट्रोल से वाहनों के खराब होने की जो बातें सामने आ रही हैं, उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। यह एक सुनियोजित दुष्प्रचार है।



नितिन गडकरी

### परीक्षण के बाद लागू हुआ

पुणे स्थित ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) और वाहन बनाने वाली कंपनियों ने कई तरह के परीक्षण किए थे। सभी जरूरी मंजूरी मिलने के बाद ही इसे लागू किया गया। पुराने वाहनों के कुछ छोटे पुर्जों पर थोड़ा असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए वाहन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि सर्विस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### लो प्रेशर एरिया अब आगे बढ़ गया है, जिससे बारिश में कमी आएगी

## अरब सागर की सक्रियता के कारण मध्य और पश्चिमी हिस्सों में अच्छी बारिश, बंगाल की खाड़ी शांत रही इसलिए पूर्वी मप्र अभी तक 'सूखा'

**प्रदेश में औसत से 10 फीसदी अधिक बारिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरब सागर की सक्रियता के कारण मध्य और पश्चिमी हिस्सों में अच्छी बारिश हुई। बंगाल की खाड़ी शांत रही इसलिए पूर्वी मप्र अभी तक 'सूखा' है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बारिश के आंकड़े लगातार बेहतर बने हुए हैं, जबकि पूर्वी हिस्से में बारिश कम हुई है। यह आंकड़े मानसून से पहले से ही गड़बड़ाए हैं, जो अब तक नॉर्मल नहीं हो सके हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस महीने यह अंतर कुछ हद तक बना रह सकता है। हालांकि, जुलाई में पूर्वी हिस्से में बारिश ने काफी ▶▶ शेष पेज 6 पर


राजधानी में छाए रहे बादल, शाम 5:30 बजे चेतक ब्रिज का दृश्य

### बंद हुए त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के कपाट, श्रद्धालु सुरक्षित निकाले गए

**नासिक।** महाराष्ट्र में जारी मूसलाधार बारिश और मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। सुरक्षा के लिहाज से 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर और प्रसिद्ध सप्तश्रृंगी माता मंदिर के कपाट अगले आदेश तक श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। त्र्यंबकेश्वर-नासिक क्षेत्र में बादल फटने जैसी स्थिति और करीब 300 मिमी तक बारिश की आशंका को देखते हुए ▶▶ शेष पेज 6 पर

शांति नगर कॉलोनी इब्राहिमगंज से निकाली जाएगी रथयात्रा

# मोतियों के बंगले में विराजेंगे भगवान जगन्नाथ 16 जुलाई को शहर में निकलेगी विशाल रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर समिति के द्वारा 16 जुलाई को शांति नगर कॉलोनी इब्राहिमगंज से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। समिति के प्रमुख प्रमोद नेमा एवं दीपिका माहेश्वरी ने बताया कि 15 जुलाई को भगवान जगन्नाथ एवं राधा कृष्ण को मोतियों का बंगला बनाकर विराजित कर संकीर्तन किया जाएगा।

समिति के राहुल सिंह और रणछोड़ दास व्यास ने बताया महाआरती के बाद भगवान जगन्नाथ को रथ पर विराजित कर यात्रा निकाली जाएगी, जो शांति नगर कॉलोनी से इब्राहिमगंज बस स्टैंड घोड़ानक्कास मंगलवारा इतवारा चिंतामण चौराहा चौक बाजार लखेरापुरा बाल विहार भोपाल टॉकीज सिंधी कॉलोनी से वापस मंदिर में संपन्न होगी।

### जगन्नाथ रथ यात्रा का 42वां वर्ष

कलीकाल में मानव जीवन के उद्धार के लिए चैतन्य महाप्रभु ने राधा कृष्ण के मिलित रूप में अवतार लेकर नाम संकीर्तन से भक्ति का मार्ग दिखलाया था। इसी भक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए गौड़ीय संप्रदाय के श्री श्री 1008 वासुदेव शरण विरही जी महाराज का वृंदावन से भोपाल पदार्पण हुआ और वह अपने शिष्य शांति नगर इब्राहिम गंज स्थित स्वर्गीय श्री द्वारका प्रसाद माहेश्वरी के निवास स्थान पर पधारे माहेश्वरी परिवार की भक्ति को देखते हुए उन्होंने वहां प्रभु नाम संकीर्तन प्रारंभ किया। 8 जुलाई 1984 को महाराज की प्रेरणा एवं अपने पिता द्वारका प्रसाद के साथ स्वर्गीय हरि विष्णु माहेश्वरी ने अपने ही निवास पर श्री राधा कृष्ण चैतन्य महाप्रभु की सुंदर प्रतिमा की स्थापना की साथ ही श्री 1008 चक्रधर प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में नीम की लकड़ी से भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा की मूर्ति का निर्माण कराया।

## बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए दूसरा जत्था रवाना

**भोपाल।** बाबा बर्फानी की जयकारों के साथ बुधवार को राजधानी से अमरनाथ यात्रियों का पांचवा जत्था मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर फूल माला पहनाकर रवाना किया गया। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल का 74 शिव भक्तों का पांचवां जत्था अमरनाथ के लिए रवाना हुआ, जिसमें 10 महिलाएं शामिल हैं। इस जत्थे में 69 वर्ष के बुजुर्ग छगन लाल एवं 14 वर्ष की प्रियंका शामिल है। बालटाल मार्ग से जाने वाले जत्थे का नेतृत्व मुकेश रायकवार द्वारा किया जाएगा एवं पहलगांव मार्ग से जाने जत्थे का मुकेश यादव द्वारा किया जाएगा। मंडल का छठवां एवं सातवां जत्था शुक्रवार को अंडमान एक्सप्रेस एवं मालवा एक्सप्रेस द्वारा अमरनाथ के लिए रवाना होंगे।



बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए दूसरा जत्था रवाना।

आचार्य श्री राम विद्यालय में 'स्वगीता' से बच्चों को कराया परिचय

# गीता के पारंपरिक संस्कारों से हुई विद्यार्थियों के दिन की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक शिक्षा के संवर्धन के लिए सतत कार्यरत गायत्री शक्तिपीठ, एमपी नगर, द्वारा संचालित आचार्य श्री राम विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में गुरुवार की सुबह गीता के प्रेरक संदेशों के साथ एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि भगवान केवल सच्चे भाव के भूखे हैं, बाहरी आडंबर के नहीं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा 'ऑथर ऑफ द ईयर' से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय लेखक ऋतेश एस. निगम रहे। उन्होंने कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के बीच बैठकर अत्यंत सरल और सहज भाषा में गीता के व्यावहारिक जीवन मूल्यों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि गंभीर ब्रेन इंजरी से उबरने के दौरान उन्होंने 15 वर्षों तक प्रतिदिन गीता का एक श्लोक अपनी डायरी में लिखने का संकल्प लिया।




### सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक

यही साधना आगे चलकर 'स्वगीता' के रूप में विकसित हुई, जिसने उन्हें ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और ब्रिटिश संसद तक पहचान दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को भी नियमित अध्ययन, आत्मचिंतन और गीता के संदेशों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या शीलू शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा उतनी ही आवश्यक है जितनी शैक्षणिक शिक्षा। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षिकाओं नीलम ध्रुवे, रचना श्रीवास्तव, चंद्रकला रिछारिया, दिशा पटेरिया तथा वंदना वर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और लेखक द्वारा दिया गया संदेश 'हम जो चाहें बन सकते हैं' सभी बच्चों ने एक स्वर में दोहराया।

हाईटेक पीरियोडिक ओवरहालिंग का कार्य किया पूरा

# रेलवे का सेफ्टी मिशनः कोच फैक्ट्री में 280 कोचों के मेंटेनेंस का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे ने यात्री सुरक्षा और आरामदायक सफर की दिशा में अपने 'सेफ्टी मिशन' को नई गति दी है। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल स्थित 'सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (कोच फैक्ट्री)' ने चालू वित्त वर्ष (2026-27) के प्रथम तिमाही कुल 286 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जबकि जून में 99 कोचों का पीओएच किया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की। इस हाईटेक मरम्मत से न केवल यात्रियों का सफर सुरक्षित और आरामदायक होगा, बल्कि ट्रेनों के तकनीकी खराबी के कारण निरस्त होने या देरी से चलने की संभावना भी कम हो जाएगी।



हाईटेक परियोडिक ओवरहॉलिंग कार्य को पूरा करते कर्मचारी।

### हाईटेक ओवरहॉलिंगः अब सफर में नहीं लगेंगे झटके

*रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों की सुरक्षा और स्थिरता को विश्वस्तरीय बनाना है। पीरियोडिक ओवरहालिंग के तहत उन कोचों की पूरी तरह से कायाकल्प की जाती है, जो अपनी निर्धारित दूरी या समय सीमा पूरी कर चुके होते हैं।*

**ऐसे किया जाता है मेंटेनेंस का काम**

- कोचों की बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।
- ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- एयर ब्रेक सिस्टम, बफर व अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है, जिससे यात्रियों को झटका-रहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके।
- व्हील और एक्सल का रखरखाव और मरम्मत कर परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है।

### यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएः डीसीएम

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर वैसे तो नियमानुसार 15 मिनट का समय यात्रियों को लेने और छोड़ने के लिए पर्याप्त माना जाता है, लेकिन जब स्टेशन परिसर में भीड़ और ऑटो चालकों की मनमर्जी जारी हो तो यह समय आधा घंटे में कब तब्दील हो जाता है। ऐसी ही कुछ पार्किंग को लेकर भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को मंडल मुख्यालय को शिकायतें की जा रही थी। इसके बाद गुरुवार को यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्टेशन परिसर में उपलब्ध वाणिज्यिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-6 की ओर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म संख्या-6 की ओर स्थित वाहन पार्किंग की उपलब्धता, यातायात प्रबंधन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छता की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाए। साथ ही आवश्यक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किए जाएं।



## सांची रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत किया पुनर्विकसित

***भोपाल।*** *विश्व धरोहर सांची का रेलवे स्टेशन सहित भोपाल रेल मंडल के चार स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं से लेस हो गया। इसी योजना के तहत भोपाल मंडल के सांची, विदिशा, शिवपुरी व अशोक नगर स्टेशन का काम पूरा होने के साथ ही यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं आने वाले दिनों में मिलने लगेगी।*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल तरीके से 17 जुलाई को भोपाल मंडल के चार स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर भोपाल रेल मंडल की ओर बड़े स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सांची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास 15.32 करोड़ की लागत से किया गया है, जिसके तहत स्टेशन को आधुनिक, सुविधायुक्त एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है।*

## एनआईओएस ने परीक्षा केंद्रों के लिए मांगे आवेदन

**भोपाल।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीन शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने अक्टूबर-नवम्बर 2026 के प्रथम सप्ताह से आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए सरकारी-गैरसरकारी, स्कूल /महाविद्यालयों से परीक्षा केंद्रों के लिए ऑनलाईन आवेदन मांगे हैं। अपनी विज्ञप्ति में एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशक एसके पाण्डेय ने कहा है कि संस्थान की माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक सार्वजनिक परीक्षाएं में आयोजित करने के लिए संस्थाएं 23 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के लिए संबंधित समस्त जानकारी एवं विस्तृत दिशा-निर्देश एनआईओएस की वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को देंगे विशेष ट्रेनिंग

## महिलाओं-बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए बनेगा ऑनलाइन मॉड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में महिलाओं और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से संरक्षण तथा उनके कल्याण के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के निवास पर गूगल और 'अहान फाउंडेशन-रिस्पॉन्सिबल नेटिज्म' के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। तकनीक के सकारात्मक उपयोग और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।



### डिजिटल सुरक्षा हमारा नैतिक दायित्व

*महिला एवं बाल विकास मंत्री भूरिया ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि महिला एवं बाल विकास विभाग प्रदेश की आधी से ज्यादा आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में उन्हें इंटरनेट सेफ्टी के प्रति जागरूक करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुरक्षा और एआई आधारित महिला एवं बाल संरक्षण वर्तमान समय के बेहद संवेदनशील मुद्दे हैं। आज के युग में मोबाइल और सोशल मीडिया हमारे जीवन को गहराई से प्रभावित कर रहे हैं।*

## टाइगर रिजर्व में अब तक दो हजार कुत्तों का वैक्सीनेशन

**भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट ने गुरुवार को कान्हा टाइगर रिजर्व में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) की आशंका के बीच बाघों की मौत के मामले में राज्य सरकार से विस्तृत जवाब लिया। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच के समक्ष शासन ने बताया कि कान्हा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अब तक दो हजार कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है तथा उन्हें बूस्टर डोज देने की तैयारी भी की जा रही है। इस पर कोर्ट ने निर्देश दिया कि टाइगर रिजर्व से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। बेंच ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी नौ टाइगर रिजर्व में रिक्त पड़े वाइल्ड लाइफ वेटरनरी डाक्टरों के पद शीघ्र भरे जाएं। साथ ही डाग्स बर्थ कंट्रोल की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।







## दो दिवसीय कालिदास ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन कल से



**भोपाल।** ज्योतिष मठ संस्थान भोपाल के तत्वावधान में सप्तम कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन का आयोजन 11 और 12 जुलाई को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) सभागार नेहरू नगर में किया जाएगा। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर से करीब 400 ज्योतिषाचार्य, विषय-विशेषज्ञ और शोधार्थी भाग लेंगे। सम्मेलन के संयोजक ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम ने बताया कि आयोजन में देश-विदेश सहित भारत के 18 राज्यों से लगभग 400 ज्योतिषाचार्य शोधकर्ता और विद्वान शामिल होंगे। सम्मेलन में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ज्योतिष की भूमिका, शोध विषयों और भारतीय ज्योतिष पर विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे।

पिछले दिनों ऑटो संचालकों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की उठाई थी मांग

# अवैध रूप से चल रहीं कार, बाइक-टैक्सी जब्त होंगी, टैक्सी कंपनी पर भी होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऑनलाइन एप आधार कार व बाइक टैक्सी को लेकर क्षेत्रीय परिवहन विभाग के पास लगातार शिकायत पहुंच रही है। इसको लेकर परिवहन विभाग अब सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। इसको लेकर आरटीओ जितेंद्र शर्मा की ओर से निर्देश जारी किए है। इसके तहत अब ओला-उबर सहित अन्य कंपनियां अपनी वेबसाइट से अवैध बाइक टैक्सी और कार टैक्सी हटा लें। आरटीओ की ओर से इन पर नजर रखी जा रही है। अगर इस दौरान इस तरह की गाड़ियों का संचालन एप के जरिए होता पाया जाता है, तो न सिर्फ इन गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। बल्कि, कंपनियों के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शहर में बड़ी संख्या में प्राइवेट नंबर वाली बाइक टैक्सी के साथ ही साथ कार टैक्सी का भी संचालन किया जा रहा है। चूंकि, उक्त गाड़ियां बतौर प्राइवेट व्हीकल आरटीओ में दर्ज हैं। जबकि, बतौर टैक्सी वाहनों का इस्तेमाल करने के लिए वाहन कमर्शियल कोटे में रजिस्टर्ड होना जरूरी है। इससे सरकार को मिलने वाले राजस्व का घाटा होता है, इसके साथ ही अपराध होने की आशंका भी रहती है।

### सरकार को राजस्व का भारी नुकसान

पिछले दिनों राजधानी में ऑटो चालकों द्वारा इस संबंध में नए-नए तरीके प्रदर्शन किया था। जिसमें ऑटो चालकों का कहना था कि हम लोगों द्वारा टैक्स भरने और नियमानुसार परमिट आदि लेने के बाद ऑटो का संचालन करते है। लेकिन इन बाइक टैक्सी द्वारा बिना टैक्स के कमर्शियल यूज में बाइक चलाई जा रही है। इससे सरकार के राजस्व का नुकसान हो रहा है। तो वहीं ऑटो चालक भी सवारियां नहीं मिल रही है।

*from*

# GALGOTIAS

*to*

# CAMBRIDGE

**Pursuant to the MoU between**

GALGOTIAS UNIVERSITY

×

GIRTON COLLEGE
UNIVERSITY OF CAMBRIDGE

## 16 STUDENTS FROM GALGOTIAS UNIVERSITY

Embark on a


**Fully Sponsored Global Journey**

attending prestigious

**Entrepreneurship and Artificial Intelligence (AI) Program**

*At*

**Girton College, University of Cambridge**




*A Global Milestone. A Lifetime of Possibilities.*

**Nitya Upadhyay** – B.Tech IT, 3rd Year

**Krishna Garg** – B.TECH CSE, 3rd Year

**Aditya** – B.TECH (CSE -AI&ML), 3rd Year

**Pushkar Singh** – EE, 2nd Year

**Abhishek Kumar** – B.Tech in CSE with specialization in AI&ML, 3rd Year

**Archit Kumar** – B.TECH (CSE), 3rd Year

**Aman Singh** – B.Tech in CSE (Data Science) iOS Development Centre, 3rd Year

**Swastick Bisht** – B.Sc. (Hons. With Research) Microbiology, 3rd Year

**Saksham Saxena** – B.Tech CSE with AI&ML, 4th Year

**Ansh Sharma** – B.Tech CSE AI&ML, iOS Development Centre | 3rd Year

**Yashika Sharma** – B.Tech CSE AI&ML, 3rd Year

**Tanishqa Giri** – BBA in Financial Investment Analysis, 3rd Year

**Vayu Nandan Tripathi** – B.Tech CSE AI&ML, 2nd Year

**Gaurang Pant** – B.TECH CSE, 3rd Year

**Kavya Singh** – BBA in Financial Investment Analysis, 3rd Year

**Keshav Madan** – Btech cse + cyber security, 3rd Year

A proud step towards advancing **India–UK** collaboration through education, innovation, industry and young talent.

For Admissions Scan to Apply

**#16** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked 3rd amongst Private Universities in Uttar Pradesh

Ranked 46th amongst Top Private and Government Universities in India

Scan to Explore the World of Galgotias

**GLOBALLY RANKED FOR 3 CONSECUTIVE YEARS**

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** | **97173 00343** | **0120-4370000**

NAAC GRADE A+ Accredited University | **Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

GALGOTIAS UNIVERSITY

## पुलिस मुख्यालय ने बड़े पैमाने पर पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की

# मप्र पुलिस में पदोन्नति का रास्ता साफ: एक साथ 400 निरीक्षक बनेंगे उप पुलिस अधीक्षक, आरक्षक तक मिलेगा प्रमोशन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में करीब एक दशक से पदोन्नति का इंतजार कर रहे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। पदोन्नति पर लगी रोक हटने के बाद पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने बड़े पैमाने पर पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत एक साथ करीब 400 निरीक्षकों (इंस्पेक्टर) को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) बनाया जाएगा।

पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर गृह विभाग को भेजने की तैयारी पूरी कर ली है। विभागीय स्तर पर माना जा रहा है कि गृह विभाग की मंजूरी के बाद जल्द ही विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक होगी और इसके बाद पदोन्नति आदेश जारी किए जाएंगे।

### प्रदेश में वर्तमान में 297 कार्यवाहक डीएसपी पदस्थ



जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में 297 कार्यवाहक डीएसपी पदस्थ हैं। पदोन्नति पर लंबे समय तक रोक रहने के कारण नियमित डीएसपी के लगभग 113 पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों को भरने और कार्यवाहक अधिकारियों को नियमित पद देने के उद्देश्य से करीब 410 निरीक्षकों को डीएसपी बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इनमें कार्यवाहक डीएसपी के रूप में कार्य कर रहे अधिकारी भी शामिल हैं।

### पुलिस कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश

पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस इकाइयों को पत्र जारी कर पदोन्नति नियम-2025 के तहत पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसमें उपनिरीक्षक से निरीक्षक, निरीक्षक से डीएसपी, रक्षित निरीक्षक से निरीक्षक तथा अन्य संबंधित पदों की पात्रता सूची और अभिलेख मांगे गए हैं। सभी जिलों और इकाइयों से रिकॉर्ड प्राप्त होने के बाद अंतिम प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा जाएगा।

### एसआई को निरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक को एसआई बनाया जाएगा

पदोन्नति की प्रक्रिया केवल डीएसपी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका लाभ पुलिस विभाग की पूरी श्रृंखला को मिलेगा। सबसे पहले निरीक्षकों को डीएसपी पद पर पदोन्नत किया जाएगा। इसके बाद खाली होने वाले निरीक्षक पदों पर रक्षित निरीक्षकों को पदोन्नति मिलेगी। फिर उपनिरीक्षक (एसआई) को निरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) को एसआई बनाया जाएगा। यह प्रक्रिया आगे बढ़ते हुए आरक्षक स्तर तक पहुंचेगी, जिससे हजारों पुलिसकर्मियों के पदोन्नति के अवसर खुलेंगे। उनको इसका लाभ मिलेगा।

### प्रस्ताव तैयार कर गृह विभाग को भेजने की तैयारी

### परिवहन विभाग में भी लंबे समय बाद पदोन्नति शुरू

उधर, परिवहन विभाग में भी लंबे समय बाद पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई है। विभाग के 27 परिवहन उपनिरीक्षकों को परिवहन निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। हालांकि ये पदोन्नतियां सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों और भविष्य में आने वाले न्यायालय के आदेशों के अधीन रहेंगी। पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने से पुलिस विभाग में लंबे समय से रुका करियर ग्रोथ का रास्ता खुलने की उम्मीद है। इससे न केवल अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव होगा।

---

## अब हर तीन साल में बदले जाएंगे आयुर्वेद कॉलेजों में विभागाध्यक्ष

**भोपाल।** मध्य प्रदेश समेत देशभर के स्नातकोत्तर आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में विभागों में एक से ज्यादा प्रोफेसर होने की स्थिति में प्रति तीन वर्षों में बारी-बारी से विभागाध्यक्ष पद परिवर्तित होगा। यानी प्रत्येक प्रोफेसर विभागाध्यक्ष बन सकेंगे। इस आशय का सर्कुलरपत्र बोर्ड ऑफ आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के सदस्य डॉ. अतुल बी वार्ष्णेय ने जारी किया है। सर्कुलर में स्पष्ट है कि प्रोफेसर हटाए नहीं जाएंगे, बल्कि सभी को समान अवसर देकर प्रति तीन वर्षों में बारी-बारी से विभागाध्यक्ष का पद दिया जाएगा। इस नियम का पालन न करने पर विनियमों का उल्लंघन माना जाएगा और एनसीआईएसएम अधिनियम 2020 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने कहा कि वरिष्ठ प्रोफेसर्स के रहते जूनियर विभागाध्यक्ष पद से मरहूम रह जाते थे और देशभर में निकलने वाले शासकीय पदों पर नियुक्तियों के लिये प्रभावित हो जाते थे। अब एनसीआईएसएम नई दिल्ली द्वारा हितार्थ निर्णय से समस्त प्रोफेसर्स लाभान्वित हो सकेंगे। प्रदेश समेत देशभर में डेढ़ सौ से ज्यादा स्नातकोत्तर आयुर्वेद कॉलेज संचालित हैं। अब इस निर्णय का लाभ सभी प्रोफेसर्स को मिल सकेगा।

■ देशभर में डेढ़ सौ से ज्यादा स्नातकोत्तर आयुर्वेद कॉलेज संचालित

---

### कालापीपल को दी 30.86 करोड़ की सौगात, दोहराया यूसीसी लागू करने का संकल्प

# फिल्मी गाने की तरह शाजापुर हमारे लिए सोना उगलने वाली धरती: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कालापीपल अद्भुत क्षेत्र है। मां राज-राजेश्वरी की इस पर असीम कृपा है। आज यह क्षेत्र पौधरोपण में नया रिकॉर्ड बना रहा है। नेवज, लकुंदर, चिल्लर, पार्वती इन पांच नदियों की क्षेत्र को कृपा मिल रही है। परमात्मा ने शाजापुर को अद्भुत सौंदर्य दिया है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे प्रदेश में शाजापुर जैसा जिला है। उन्होंने कहा कि एक गाना है, 'मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे-मोती, मेरे देश की धरती...' इसी गाने की तरह शाजापुर हमारे लिए सोना उगलने वाली धरती भी है।

डॉ. यादव शाजापुर जिले के कालापीपल को 30.86 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। कई कामों के लोकार्पण और भूमिपूजन किए। उन्होंने आयोजित किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन एवं 'हरा-भरा कालापीपल' पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। इससे पहले कालापीपल में उनका 'रोड शो' हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉ. यादव ने शाजापुर को नई सड़कें और रेलवे ओवर ब्रिज देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसी महीने राज्य में यूसीसी लागू करने के प्रयास किए जाएंगे। देश में अलग-अलग कानून नहीं होने चाहिए।

### किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन एवं 'हरा-भरा कालापीपल' पौधरोपण अभियान प्रारंभ



हितग्राहियों को चेक सौंपते मुख्यंत्री डॉ. यादव व मंत्री परमार।

### किसानों के लिए सबकुछ करने को तैयार: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो धरती को हरियाली का उपहार देते हैं, वही आने वाले कल को आकार देते हैं। 'किसान मुस्कुराए तो मुस्कुराता जहां है, इन्हीं की मेहनत से महकता अपना हिंदुस्तां है।' आज का यह आयोजन केवल भूमिपूजन, लोकार्पण का औपचारिकता का कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों का 6-6 महीने के ब्याज का झंझट खत्म हो जाएगा। अब हम एक साल के लिए लोन देंगे। किसानों के लिए हमारी सरकार सब कुछ करने के लिए तैयार है।

### खेत में किसान और सीमा पर जवान का सम्मान

डॉ. यादव ने कहा कि खेत में किसान और सीमा पर जवान, दोनों का सम्मान, ये है भाजपा की पहचान। हमने पारस पत्थर तो नहीं देखा, लेकिन यह पक्की बात है कि अगर सूखे खेत को पानी मिल जाए, तो सोना उगलने लगता है।

### सीएम बोले, अलग-अलग कानूनों की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे यहां हिंदू का कानून अलग, मुसलमान का कानून अलग। कानून एक ही होना चाहिए। मुस्लिम बहनें भी हमारी बहनें हैं। उनके साथ जो होता है अब वो नहीं चलेगा।

### सीएम आज उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना का करेंगे भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र के सड़क अधोसंरचना विकास में शुक्रवार 10 जुलाई को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। इस दिन उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग परियोजना का भूमिपूजन होगा। लगभग 98.73 किमी लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण 5,017 करोड़ रुपए की लागत से मप्र सड़क विकास निगम द्वारा किया जाएगा। यह परियोजना उज्जैन दक्षिण, घट्टिया, नागदा-खाचरौद, आलोट एवं जावरा विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से मिलेगा सीधा संपर्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग के निर्माण से उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधा एवं तेज संपर्क मिलेगा। विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 के दौरान राजस्थान, गुजरात तथा देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए यह मार्ग अत्यंत सुगम और सुविधाजनक साबित होगा।

### व्यापारिक व कृषि विकास को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक, व्यापारिक एवं कृषि विकास को नई गति प्रदान करेगी। किसानों को अपनी उपज विभिन्न कृषि उपज मंडियों तक शीघ्र पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं उद्योगों, लॉजिस्टिक्स एवं निवेश गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से यात्रा समय एवं ईंधन की बचत होगी।

---

### 15 जुलाई से होगी नियमित सुनवाई

## ओबीसी आरक्षण मामलों की सुनवाई अब विशेष बैंच करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट में 2019 से लंबित ओबीसी आरक्षण से जुड़े 91 प्रकरणों की सुनवाई के लिए आखिरकार विशेष बेंच का गठन कर दिया गया।

एसीजे विवेक रूसिया के अनुमोदन से जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार इन सभी मामलों की सुनवाई अब जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच-दो करेगी। प्रकरण 13 जुलाई से प्रारंभ होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध किए जाएंगे और 15 जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होने की संभावना है।

ओबीसी वर्ग की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 19 फरवरी को विशेष पीठ गठित कर तीन माह के भीतर मामलों के निराकरण का निर्देश दिया था। इसके बाद तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने याचिकाकर्ताओं की सुनवाई पूरी कर राज्य शासन का पक्ष सुनने के लिए 16 जून की तारीख तय की थी। 16 और 24 जून को जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस भगवती प्रसाद शर्मा की डिवीजन बेंच ने प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 13 जुलाई से शुरू होने वाले सप्ताह में नियमित सुनवाई के निर्देश दिए थे।

चूंकि जस्टिस विनय सराफ पहले से इन मामलों की सुनवाई कर चुके हैं, इसलिए न्यायिक निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासनिक आदेश जारी कर उन्हें पुनः जस्टिस आनंद पाठक के साथ विशेष बेंच में नामित किया गया है।

## महिलाओं-बच्चों की डिजिटल साइबर सुरक्षा पर हुआ विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल तकनीक के तेजी से बढ़ते उपयोग के साथ महिलाओं और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा आज देश के सामने सबसे बड़ी सामाजिक और तकनीकी चुनौतियों में शामिल हो गई है।

इसी चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग, आहान फाउंडेशन और वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के सहयोग से भोपाल में आयोजित विशेष एनजीओ मीट में डिजिटल सुरक्षा , साइबर अपराधों की रोकथाम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर व्यापक विमर्श हुआ। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आयोग की सदस्य साधना स्थापक ने कहा कि सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को जन-आंदोलन का स्वरूप देना होगा।

---

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले

### दतिया चुनाव में कांग्रेस जीतेगी: पटवारी

## कांग्रेस ने दतिया उपचुनाव की कर ली है पूरी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और 500 प्रतिशत कांग्रेस ही दतिया उपचुनाव जीतेगी।

भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पटवारी ने कहा कि कांग्रेस ने दतिया उपचुनाव की पूरी तैयारी कर ली है। प्रत्याशी के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही नाम का ऐलान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ेगी और प्रदेश सरकार की नीतियों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जनता के सवालों से बच रही है। राज्य पर बढ़ते कर्ज का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पर 5.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज हो चुका है, लेकिन सरकार इस पर श्वेत पत्र जारी करने से बच रही है। कांग्रेस चुनाव प्रचार के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी।


पीसी को संबोधित करते पटवारी।

### भाजपा बदले की भावना से राजनीति कर रही है: जीतू

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने भाई नाना पटवारी को इंदौर पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद प्रदेश सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि उनके भाई को बिना किसी सूचना के हिरासत में लिया गया, जिससे यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि भाजपा की सरकार अब बदले की राजनीति कर रही है। हालांकि देर रात नाना पटवारी को छोड़ दिया गया।

### अजा कांग्रेस ने की निष्पक्ष जांच की मांग

## मंत्री प्रतिमा बागरी जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का कर रहीं प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि यदि छानबीन समिति सरकार के दबाव में फैसला देती है तो कांग्रेस इस मामले को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक ले जाएगी और सड़क पर भी आंदोलन करेगी। प्रदीप अहिरवार ने दावा किया कि मंत्री प्रतिमा बागरी के खिलाफ उनकी शिकायत पूरी तरह तथ्यों और दस्तावेजों पर आधारित है। उनका आरोप है कि मंत्री प्रतिमा बागरी छह मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सरकार जांच पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। अहिरवार ने आशंका जताई कि छानबीन समिति सरकार के दबाव में मंत्री प्रतिमा बागरी के पक्ष में फैसला दे सकती है। यदि ऐसा होता है तो यह अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात होगा और कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि जांच निष्पक्ष नहीं हुई और अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों से समझौता किया गया तो कांग्रेस कानूनी और लोकतांत्रिक स्तर पर संघर्ष करेगी।

### लगभग दो करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से हुआ निर्माण

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने किया 33/11 केवी. सनखेड़ी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रायसेन जिले में सांची के ग्राम सनखेड़ी में एसएसटीडी योजना के अंतर्गत नव निर्मित 33/11 केवी. विद्युत उपकेंद्र (5 एमवीए) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी उपस्थित रहे। लगभग दो करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र के साथ 10 किमी लंबी 33 केवी. विद्युत लाइन का निर्माण भी किया गया है।

नवीन उपकेंद्र से तीन फीडरों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाएगी, जिनमें दो कृषि फीडर एवं एक घरेलू फीडर शामिल हैं। नवनिर्मित उपकेंद्र के प्रारंभ होने से रायसेन जिले के बिशनखेड़ी, बिजौरी, सनखेड़ी, देवराखेड़ी, आकाशखेड़ा, रामगढ़, सिरोनिया, मढुआखेड़ा एवं हिम्मतगढ़ सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी। कृषि फीडरों के माध्यम से किसानों को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी निर्बाध बिजली का लाभ प्राप्त होगा। अब तक इन ग्रामों को मेहगांव उपकेंद्र से अन्य गांवों के साथ विद्युत आपूर्ति की जाती थी। नवीन उपकेंद्र के शुरू होने से न केवल एक दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि मेहगांव उपकेंद्र से जुड़े अन्य गांवों की विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा।


विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण करते ऊर्जा मंत्री तोमर।

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल के समक्ष ली सदस्यता, फिर सीएम से की मुलाकात

# कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव भाजपा में शामिल कहा-कांग्रेस में अंधभक्त, भाजपा में देशभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस को एक बार फिर झटका मिला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिंह यादव गुरूवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद राकेश सिंह यादव ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य मुलाकात की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया एवं मुंह मीठा कराया। राकेश सिंह यादव ने भाजपा की सदस्यता लेने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंधभक्त लोग हैं, राहुल गांधी और जीतू पटवारी जो कहते हैं, वही करते हैं। भाजपा में देशभक्त कार्यकर्ता हैं। जीतू पटवारी अपनी जन्मतिथि को लेकर दो दस्तावेज पेश करते हैं, जो अपनी सही जन्मतिथि नहीं बता पा रहे हैं, वह मध्यप्रदेश कांग्रेस को कैसे दिशा दे सकते हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी, नेता प्रतिपक्ष सिंघार और प्रदेश प्रभारी चौधरी पर आरोप लगाए


खंडेलवाल की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते राकेश यादव।



### राकेश सिंह अब भाजपा में प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व संभालेंगे: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सदस्यता दिलाने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी में 30 साल तक सेवा देने वाले वरिष्ठ नेता राकेश सिंह यादव को सच बोलने के कारण कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। कांग्रेस नेतृत्व से विश्वास समाप्त होने के बाद राकेश सिंह यादव ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व बिना किसी साक्ष्य के तथ्यहीन आरोप लगाता है, जिसके कारण राकेश सिंह यादव ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी है। कांग्रेस के अधिकांश कार्यकर्ताओं का उनके प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस नेतृत्व से विश्वास खत्म हो चुका है। राकेश सिंह यादव का भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं और वे भाजपा में प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व संभालेंगे।

## मंत्री करण सिंह ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा ने कार्यकर्ताओं द्वारा रखी गई जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

9 तेज रफ्तार एसयूवी ने भेड़ बकरियों के झुंड को...



14 बड़े तालाब में सुरक्षा को लेकर बंद बोटों का संचालन...





**कोहेफिजा थाने के पास ओवरब्रिज पर हादसा**

# बिजली के खंभे से टकराई स्कूल वैन, 6 बच्चियां-स्टाफ की महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा थाने के पास ओवरब्रिज पर गुरुवार सुबह निजी स्कूल की वैन बिजली के पोल में टकरा गई। घटना के समय वैन में स्कूल स्टाफ की महिला सहित छह बच्चियां थी। गनीमत रही कि किसी भी बच्ची को गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि वैन में सामने बैठी महिला स्टाफ को जरूर चोट होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वैन में एसआईएएन इंटरनेशनल स्कूल लिखा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह स्कूल वैन का चालक पंचवटी से बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था। कोहेफिजा थाने के पास ओवरब्रिज पर पहुंचते ही वैन अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में जा घुसी। हादसे के समय वैन में स्कूल स्टाफ की एक महिला और 6 बच्चियां मौजूद थी। वैन सामने से ही पोल में टकराने के कारण स्कूल की महिला स्टाफ को सिर में चोट आई है। हादसे के बाद राहगीरों ने बच्चियों को वैन से बाहर निकाला और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से वैन का पोल से हटाकर थाने लाया गया। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई कि अचानक सामने बड़े वाहन के कारण वैन चालक ने वैन का स्टेयरिंग मोड़ दिया था। जिससे वैन अनियंत्रित होकर पोल में टकरा गई।

**पंचवटी क्षेत्र से बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था वैन चालक ओवरब्रिज पर पहुंचते ही हुआ हादसा**

**स्कूल की महिला स्टाफ को सिर में चोट आने से राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती कराया**



बच्चियों को वैन से निकालते राहगीर।

## एथेनॉल से भरे टैंकर में लगी आग, टैंकर का केबिन जलकर खाक

भौरी बकानिया स्थित आयशर कॉलेज के पास एथेनॉल से भरे एक टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 11:15 बजे की है। आग लगने की सूचना मिलते ही बकानिया डिपो के फायर अमले ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, हालांकि नगर निगम की फायर दमकल ने भी आग बुझाने में मदद की, जिससे टैंकर के केबिन से आगे आग नहीं पहुंच सकी। ऐसे में बड़ा हादसा होने से बच गया। नगर निगम के फायर इंचार्ज सौरभ पटेल का कहना है कि टैंकर में एथेनॉल भरा हुआ था। राहत की बात यह रही कि आग केवल टैंकर के केबिन तक सीमित रही और एथेनॉल से भरे टैंकर हिस्से तक नहीं पहुंची। इससे किसी बड़े विस्फोट या जनहानि की आशंका टल गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

**एथेनॉल पूरी तरह सुरक्षित, टैंकर छोड़कर भागा चालक**



जला हुआ टैंकर और आग बुझाने के बाद नजदीक खड़े फायरकर्मी।

घटना के समय ट्रक चालक मौके पर मौजूद नहीं मिला। ऐसे में आग कैसे लगी और चालक कहां गया, इसे लेकर भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की पड़ताल में जुटे हैं। अफसरों का कहना है कि ट्रक का केबिन पूरी तरह जल गया है, लेकिन टैंकर में भरा एथेनॉल पूरी तरह सुरक्षित है। इसी वजह से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।

**बिल्डर्स की धोखाधड़ी, पजेशन, अधूरी सड़क और नाली की सबसे ज्यादा शिकायत**

# बीस साल पुरानी सड़क-नाली की शिकायतें लेकर पहुंचे कॉलोनीवासी, 'जनसुनवाइयों' पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र की वैध और अवैध कॉलोनियों में लोगों की बीस-बीस साल पुरानी शिकायत भी पहुंचीं। जिससे पता चलता है कि कलेक्टोरेट और नगर निगम के प्रत्येक मंगलवार को हो रही जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का निपटारा नहीं किया जा रहा है। जिले में पहली बार कलेक्टोरेट में रखी गई कॉलोनियों की समस्याओं से जुड़ी जनसुनवाई में 287 शिकायत मिलीं, जिन्हें लेकर पांच सौ से अधिक रहवासी पहुंचे थे। दावा किया जा रहा था कि मौके पर ही शिकायतों का निपटारा किया जाएगा, लेकिन शिकायतों की तादाद अधिक होने की वजह से अफसरों ने भी आनन फानन में रहवासियों से आवेदन लेकर उन्हें रिवीज दे दी। वहीं इस जनसुनवाई में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा शामिल नहीं हुए।

जनसुनवाई में सबसे ज्यादा मामले बिल्डरों की धोखाधड़ी के आए, जिसमें लोगों ने राशि दे दी है, लेकिन उन्हें प्लॉट और मकान नहीं मिला है। पजेशन में देरी की भी ढेरों शिकायत पहुंचीं। सड़क और नाली को लेकर भी सौ से ज्यादा शिकायत मिली हैं, जिन्हें निपटाने की बात कह लोगों को कलेक्टोरेट से रवाना किया गया है।

> कलेक्टोरेट में पहली कॉलोनियों की जनसुनवाई में पहुंचे 287 आवेदन

> इस जनसुनवाई से कलेक्टर मिश्रा ढाई बजे तक नदारद रहे

**सीएम हेल्पलाइन में दर्ज नहीं की शिकायत, इन शिकायतों को रखा अलग**





कॉलोनीवासियों की समस्याएं सुनते एडीएम सुमित पांडे व अन्य अफसर।

आमतौर पर जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किया जाता है, जिससे इन शिकायतों को बंद करने में आवेदक की सहमति लगती है, लेकिन इस जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को अलग से रखा गया है। जिनमें से अधिकतर शिकायतों को नगर निगम और एसडीएम को भेजा गया है। ऐसे में इन शिकायतों के फॉलोअप को लेकर दिक्कत आएगी।

**सात साल पहले रजिस्ट्री, अब तक नामांतरण नहीं**

प्राची दुबे ने बताया कि मैंने सात साल पहले डीएचएल बिल्डर से दो प्लॉट खरीदे थे। जिसकी रजिस्ट्री भी करा दी गई, लेकिन सात साल गुजर जाने के बाद तक इसका नामांतरण नहीं कराया गया है। महिला का आरोप है कि बिल्डर ने उसके साथ धोखाधड़ी की है।

**दिवालिया हुआ आकृति बिल्डर**

शिकायत में एक दर्जन से अधिक लोगों ने बताया कि आकृति हाईलैंड परियोजना का आकृति बिल्डर दिवालिया घोषित हो गया है, जिससे कई लोगों को राशि जमा करने के बाद भी मकानों का पजेशन नहीं मिला है। इसमें ऐसे लोग भी हैं, जिनके मकानों की रजिस्ट्री तक नहीं कराई गई है। रहवासी अनिल उबनाते ने बताया कि बिल्डर से वसूली कर लोगों की समस्याओं को निपटाया जाए।

**अफसरों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं**

कलेक्टोरेट में हुई जनसुनवाई में कॉलोनी सेल के प्रभारी और एडीएम सुमित पांडे, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम भुवन गुप्ता, सभी एसडीएम और नगर निगम की कॉलोनी सेल के अफसरों ने रहवासियों की शिकायतों को सुनकर निराकरण का भरोसा दिलाया है। कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए जिला प्रशासन ने एक हफ्ते पहले ही तैयारी कर ली थी, जिसके लिए नगर निगम और अन्य विभागों के अफसरों को सूचना दे दी गई थी, लेकिन पहली जनसुनवाई में सुबह 11 बजे से दोपहर ढाई बजे तक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा नदारद रहे।

**झूठा निकला बिल्डर का लिखित वादा**

वार्ड-3 की श्याम हाईलाइट सिटी के गजेंद्र सेन, बसंत फरकले ने बताया कि बिल्डर राजेश सेन ने 50 से अधिक मकान मालिकों को स्थायी बिजली कनेक्शन, पेयजल, सड़क और सीवेज जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं दी हैं, जबकि प्लाट बेचते समय बिल्डर ने इन सुविधाओं का लिखित आश्वासन दिया था। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि ईदगाह हिल्स की सरकारी जमीन पर कब्जा कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जा रही हैं। शिकायत के बाद भी बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह ने निर्माण पर रोक नहीं लगाई है।

**बिल्डरों पर कराएंगे एफआईआर**

जनसुनवाई विशेष रूप से कालोनियों से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए आयोजित की गई थी। श्याम हाईलाइट सिटी सहित सभी प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच कराई जाएगी। यदि जांच में बिल्डरों की लापरवाही, नियमों का उल्लंघन या धोखाधड़ी सामने आती है तो संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

\- सुमित पांडे, एडीएम

**मंत्रालय की जांच, जवाब पर निगाहें टिकी**

## निटर की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया पर एनएचआरसी का नोटिस, दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) की वर्ष 2025 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में लापरवाही सामने आई है। जिसको लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने शिक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने स्पष्ट कहा है कि शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया मानवाधिकारों के उल्लंघन की ओर इशारा करते हैं। शिकायत के अनुसार निटर भोपाल ने 184 में से केवल 48 सीटें भरीं और 136 सीटें खाली छोड़ दीं, जो कि आरक्षित वर्ग के योग्य अभ्यर्थियों के साथ धोखा है। इससे पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत में आरोप है कि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का संयुक्त प्रतिनिधित्व मात्र 6 प्रतिशत तक सिमट गया, जो कि आरक्षण व्यवस्था पर सवाल है।





**तीन सवाल जिनके जवाब मांगे**

जब सैकड़ों शोधार्थी प्रवेश के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब 136 सीटें खाली क्यों छोड़ दी गईं। यदि सीटें उपलब्ध थीं तो प्रवेश क्यों नहीं दिया गया? राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो ने आरोपों को गंभीर मानते हुए शिक्षा मंत्रालय के सचिव से दो सप्ताह में विस्तृत कार्रवाई प्रतिवेदन तलब किया है। अब मंत्रालय की जांच और जवाब पर निगाहें टिकी हैं।

**पूरी पारदर्शिता बरती गई**

विभाग में कुल चार प्रतिभागियों ने पीएचडी के लिए आवेदन किया था। जिनमें से लिखित परीक्षा के बाद कुल तीन विद्यार्थी इंटरव्यू के लिए पात्र पाए गए। जो कमेटी गठित हुई थी, पीएचडी इंटरव्यू के लिए उन्होंने ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर उस विभाग में तीनों में से किसी भी कैंडिडेट को चयन योग्य नहीं पाया, जबकि इनमें से एक कैंडिडेट हमारे संस्थान का इंटरनल कैंडिडेट भी था। पूरी पारदर्शिता इसमें बरती गई है एवं उस कमेटी में संस्थान के दूसरे विभाग के भी फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित थे।

डॉ. पीके पुरोहित, डीन, निटर, भोपाल

**हत्याकांड में सुराग देने वाले को मिलेगा 50 हजार का इनाम**

## सुदामा नगर रिटायर्ड दंपती की हत्या मामले में हाथ लगे फुटेज में 'संदिग्ध' आए नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुदामा नगर में गत 26 जून को रिटायर्ड रेलकर्मी हेमंत बारीक (64) और उनकी पत्नी रिटायर्ड नर्स शकुंतला बारीक (62) की उनके ही घर में गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस को मौके से चार खाली कारतूस मिले थे। वहीं, कुछ दिन बाद दंपती का मोबाइल कचरे के ढेर से मिला। अब पुलिस के हाथ कुछ सीसीटीवी फुटेज लगे हैं। फुटेज में कुछ संदिग्ध नजर आ रहे हैं। पुलिस



की आमजन से अपील में यह कहा गया है कि यदि यदि कोई भी व्यक्ति इन संदिग्धों को जानता- पहचानता है या फिर इनके बारे में किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी रखता हो, तो उक्त जानकारी ऐशबाग थाना प्रभारी, एसीपी क्राइम ब्रांच को दें। सही जानकारी देने वाले को 50 हजार रुपए के इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 26 जून की रात करीब 9 बजे किराएदार उनके घर किराया देने पहुंचा था। इस दौरान दरवाजा अंदर से बंद था। घर से बदबू आ रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर हेमंत बारीक और उनकी पत्नी का शव बेड और सौफे पर पड़े मिले थे। दोनों की गोली मारकर हत्या की गई थी।

## मल्टीलेबल पार्किंग अब कैशलेस, कैश भुगतान पर लगेगी दोगुनी पैनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम की 5 मल्टीलेवल पार्किंग को हाईटेक कर कैशलेस बनाया गया है। जिसके तहत पार्किंग में पार्क होने वाले वाहनों को बूम बैरियर पर लगे कैमरे से ट्रेस कर एप्प से पार्किंग शुल्क का भुगतान ऑनलाईन यूपीआई के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। पार्किंग शुल्क का नगद भुगतान पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। निगम की राजस्व वसूली सहित अन्य भुगतान प्रक्रियाओं को कैशलेस बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पार्किंग शुल्क का ऑनलाईन भुगतान न करने वालों से पेनाल्टी के रूप में दोगुना पार्किंग शुल्क वसूल किया जाएगा। पार्किंग स्थलों पर जल्द ही फास्ट टैग की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है, जिससे बैरियर पर लगने वाले समय को कम किया जाएगा।

**निगम की ओर से रिपोर्ट पेश नहीं होने पर बैंच का सख्त रुख**

## बड़े तालाब कब्जा मामले में नगर निगम पर एनजीटी ने ठोका 20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बड़े तालाब के आसपास अतिक्रमण मामले में गुरुवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हुई। इस मामले में नगर निगम भोपाल पर बैंच ने 20 हजार रूपए का जुर्माना किया है। भोपाल वेटलैंड प्रकरण में एनजीटी में सुनवाई के दौरान मूल आवेदन पर भोपाल नगर निगम द्वारा लगातार न्यायाधिकरण के आदेशों की अवहेलना करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए रुपए 20,000 का अर्थदंड लगाया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह, न्यायिक सदस्य एवं सुधीर कुमार चतुर्वेदी, विशेषज्ञ सदस्य की पीठ द्वारा की गई। इस मामले में पिटीशन पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने लगाई है। उनकी ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने बेंच को बताया कि पूर्व में पारित लगातार पांच आदेशों के बावजूद भोपाल नगर निगम द्वारा न तो कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और न ही कोई जवाब दाखिल किया गया। बताया गया कि पूर्व में हुई सुनवाई में बैंच द्वारा चेतावनी दिए जाने के बाद भी निगम ने आदेशों का पालन नहीं किया। नगर निगम की इस निरंतर लापरवाही एवं आदेशों की अवहेलना पर बैंच ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उस पर रुपए 20 हजार का अर्थदंड लगाया है। मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी।

**क्या है पूरा मामला**


भोपाल वेटलैंड (भोज वेटलैंड) क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण, स्थायी निर्माण, मलबा एवं कचरे का अवैध डंपिंग, अवैध भूमि भराव, जल प्रवाह बाधित करने तथा संरक्षित क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन से संबंधित है, जो वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 का उल्लंघन है। आवेदन में आरोप है कि इन गतिविधियों से अंतरराष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थल भोज वेटलैंड, जो भोपाल शहर के पेयजल का प्रमुख स्रोत एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है, को गंभीर पर्यावरणीय क्षति पहुंच रही है।

**पांच हजार से ज्यादा घरों में डेंगू का लार्वा**

## डेंगू के 44, चिकुनगुनिया के नौ, मलेरिया के मिले 4 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डेंगू, चिकुनगुनिया रोकथाम के लिए मलेरिया कार्यालय द्वारा जनवरी से अब तक '2, 24,436' घरों का सर्वे किया गया। जिसमे 5269 घरों मे लार्वा पाया। 16,47, 992 कंटेनरों में लार्वा की जांच की गई जिसमें 5776 कंटेनरों में लार्वा पाया गया। 2181 कंटेनर खाली कराए गए एवं 3595 कंटेनरों में लार्वीसाइट दवा डाली गई। जनवरी से अब तक 1 लाख 21 हजार 39 लोगों की मलेरिया जांच की गई, जिसमें चार पॉजिटिव पाए गए। इसी तरह 2730 संभावित डेंगू मरीजों की जांच में 44 पॉजिटिव मिले। इसी तरह 615 संभावित



जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

चिकुनगुनिया मरीजों की जांच में 9 पॉजिटिव मिले। प्रत्येक जोन के सभी वार्डो मे मलेरिया टीम द्वारा लार्वा सर्वे किया गया है साथ ही टीम द्वारा संजीवनी क्लीनिक, आंगनवाड़ियों एवं स्कूलों में प्रचार-प्रसार गतिविधियां की जा रही हैं।

**100 से ज्यादा वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रही थी फिसलन**

# कटारा हिल्स रोड से हटाई गई 5 डंपर मिट्टी, आसान हुआ सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**हरिभूमि इंपैक्ट**

कटारा हिल्स से रायसेन रोड को जोड़ने वाली सड़क पर पिछले 10 दिनों से फैली फिसलन आखिरकार हटा दी गई। हरिभूमि द्वारा लगातार उठाए गए मुद्दे के बाद संबंधित विभाग हरकत में आया और सड़क पर फैली करीब पांच डंपर पीली मिट्टी को तत्काल हटाने की कार्रवाई की। इससे रोजाना हो रहे हादसों पर रोक लगी और एक बड़े हादसे की आशंका भी टल गई।

*पिछले 10 दिन से रोड पर फैली पड़ी थी मिट्टी*



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
08072026 Bhopal Main - 08 Jul 2026 - Page 3
दिनभर इस रास्ते से गुजरते हैं ट्रक, डंपर, स्कूल बसें और वैन
स्लिप जोन बना कटारा हिल्स रोड: पांच डंपर मिट्टी सड़क पर डालकर छोड़ी, 10 दिन में गिरे 100 से ज्यादा वाहन चालक, राहगीर भी परेशान
रहवासी बोले...सबसे ज्यादा परेशानी रात में



मिट्टी हटने के बाद साफ सुथरी नजर आने लगी कटारा हिल्स रोड।

**लोगों को रात में थी ज्यादा दिक्कत**

बारिश के दौरान सड़क किनारे डाली गई पीली मिट्टी सड़क के बीच तक फैल गई थी। इससे पूरी सड़क फिसलन भरी हो गई थी। सबसे ज्यादा परेशानी रात में होती थी, जब मिट्टी दिखाई नहीं देती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रोज 12 से 15 दोपहिया और चारपहिया वाहन फिसल रहे थे। पिछले 10 दिनों में 100 से अधिक वाहन चालक गिर चुके थे और कई लोग चोटिल हुए।



इस तरह सड़क किनारे डाल दी गई थी पांच ट्रक मिट्टी।

**हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने पर रोड से हटी मिट्टी**

लगातार हादसों के बावजूद जिम्मेदार विभाग ने पहले कोई ध्यान नहीं दिया। इसके बाद हरिभूमि की टीम ने मौके पर पहुंचकर समस्या की पड़ताल की और बुधवार को खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। खबर का असर यह हुआ कि विभाग ने तत्काल जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से सड़क पर फैली पूरी मिट्टी हटवा दी। अब सड़क पहले की तुलना में सुरक्षित हो गई है।

**पेज एक का शेष....**

## मुख्यमंत्री ने मंजूर ....

कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके साथ डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 29 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

## दोनों देश बनाएंगे ...

जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर ऐसे विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र या इंटीग्रेटेड नेटवर्क होते हैं, जिन्हें महत्वपूर्ण खनिजों (जैसे लिथियम, कोबाल्ट, और रेयर अर्थ एलिमेंट्स) की खोज, खनन, शोधन (रिफाइनिंग) और मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्राथमिकता दी जाती है। इन गलियारों (कॉरिडोर) का मुख्य उद्देश्य आधुनिक उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा (जैसे इलेक्ट्रिक वाहन और सोलर पैनल), और रक्षा उपकरणों के लिए जरूरी खनिजों की एक मजबूत और सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला तैयार करना है। भारत में क्रिटिकल मिनरल्स की आत्मनिर्भरता के लिए तटीय राज्यों (ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल) को मिलाकर रेयर अर्थ कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की गई है। केवल घरेलू स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए भारत ने ऑस्ट्रेलिया के अलावा अर्जेंटीना और जाम्बिया जैसे खनिज-समृद्ध देशों के साथ ऐसे रणनीतिक समझौते किए हैं। मोदी ने भारतीय मूल के 30 हजार से ज्यादा लोगों को मेलबर्न में एक कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भी मौजूद थे। ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की जमकर तारीफ की और भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया के कूटनीतिक रिश्तों का भी उल्लेख किया।

## हमारे लिए ...

पीएम मोदी ने 'ग्रो मोर, अचीव मोर' का नारा दिया। उनके भाषण के दौरान पूरा स्टेडियम 'मोदी-मोदी' के नारों से गूंजता रहा। मोदी ने कहा कि अब भारत में एक सपना जन्म लेता है, तो फिर नया और बड़ा सपना जन्म ले लेता है। हमारे लिए नागरिक सर्वोपरि है। पीएम मोदी ने कहा कि अब स्थिति बदल गई है, अधिकांश कार्य स्व-सत्यापन के माध्यम से पूरे किए जा सकते हैं। यहीं से शुरू हुई यात्रा ने अब भारत में डिजीलॉकर के निर्माण को जन्म दिया है। यह एक डिजिटल प्रणाली जहां भारतीय अपने दस्तावेजों को डिजिटल प्रारूप में संग्रहीत कर सकते हैं। इसके साथ, दस्तावेजों को केवल एक क्लिक से साझा, सत्यापित और स्वीकार किया जा सकता है। एक प्रणाली बनाना एक बात है, लेकिन इसे स्केलेबिलिटी और मजबूत सुरक्षा सुविधाओं के साथ बनाना वास्तव में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## आतंकी ठिकानों पर ...

अंतरिक्ष स्टार्टअप पहली बार अपने रॉकेट का उपयोग करके उपग्रह प्रक्षेपण करने के लिए तैयार है। दुनिया भारत के रक्षा प्लेटफार्मों की क्षमता और विश्वसनीयता देख रही है। आपने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इसका प्रदर्शन देखा होगा। विस्फोट आतंकी ठिकानों पर हो रहे थे, लेकिन उनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दी।

## किशोरी से गैंगरेप...

को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दूसरे की तलाश की जा रही है। उसके मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा कि वह बालिग या नाबालिग है। पुलिस के अनुसार 16 साल 7 महीने की किशोरी कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में रहती है। वह आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी है और घर के कामकाज संभालती है। परिजन ने बताया कि वह दिमागी रूप से कमजोर है। गांव के दो लड़के उसका चार पांच दिन से पीछा कर रहे थे। वे किशोरी को शासकीय स्कूल के पास लेकर पहुंचे। स्कूल की बाउंड्री के पीछे एक लड़के ने धमकाते हुए किशोरी से संबंध बनाए। इसके बाद दूसरे ने किशोरी से संबंध बनाए। दूसरा जब किशोरी से संबंध बना रहा था तो पहले वाले लड़के ने मोबाइल पर वीडियो बना लिया।

## ट्रक से टकराई ...

4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक महिला ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में एक पुरुष, दो महिलाएं और एक मासूम बच्चा शामिल है। कार शहडोल की बॉबी ट्रेवल्स की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। उमरिया के एडिशनल एसपी आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि हादसा सुबह करीब 3:30 से 5:00 बजे के बीच हुआ। परिजनों को सूचित कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद हाईवे पर बिना इंडिकेटर बेतरतीब खड़े होने वाले भारी वाहनों और परिवहन विभाग की लापरवाही पर स्थानीय लोगों ने कड़े सवाल उठाए हैं।

## ड्राइवर की सूझबूझ...

शहरों से यात्रियों को लेकर इंदौर आ रही थी। इसी दौरान अचानक बस का एक टायर फट गया, जिससे उठी चिंगारी और धुएं को ड्राइवर विजय कुशवाह ने भांप लिया। उन्होंने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और यात्रियों को नीचे उतारा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बस आग का गोला बन गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस फिलहाल इस हादसे की जांच कर रही है।

## पीसीसी चीफ जीतू ...

भाई को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान इनके पास से 10.8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत के अनुसार, जब आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उन्होंने खुलासा किया कि वे ड्रग्स की यह खेप नाना पटवारी और मानव गंगवानी नाम के व्यक्तियों को सप्लाई करने जा रहे थे। इसी बयान के आधार पर पुलिस ने नाना पटवारी को हिरासत में लिया था। इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री के खिलाफ आवाज उठाने पर बदले की कार्रवाई और दबाव की राजनीति करार दिया। जीतू पटवारी ने कहा कि पुलिस ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनके भाई को हिरासत में लिया, जो केवल सत्ता के खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाने की एक कोशिश है।

## परीक्षण के बाद ....

के दौरान वे ऐसे पुर्जों को बदल दें। इंजन खराब होने के दावों पर नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने कुछ मामलों की जांच करने के लिए कंपनियों से कहा था। जांच में पता चला कि वहां मिलावटी ईंधन जिम्मेदार था, ई20 पेट्रोल नहीं। उन्होंने बताया कि ब्राजील में वर्ष 1970 से 27 फीसदी इथेनॉल और पेट्रोल का मिश्रण इस्तेमाल किया जा रहा है। वहां होंडा और हुंडई की फ्लेक्स-फ्यूल इंजन वाली गाड़ियां बिना किसी परेशानी के चल रही हैं। अभी असम पेट्रो-केमिकल्स रोज 700 टन मेथेनॉल बनाती है। इसकी कीमत लगभग 20 से 22 रुपए प्रति लीटर है, जबकि डीजल की कीमत करीब 110 रुपए प्रति लीटर है। इससे काफी खर्च बच सकता है।

## अरब सागर की ...

जुलाई में पूर्वी हिस्से में बारिश ने काफी कवर किया है। प्रदेश में बारिश का डिस्ट्रीब्यूशन प्री-मानसून के बाद से ही ठीक नहीं रहा है। यह अंतर प्रमुख रूप से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की सक्रियता के कारण माना जा रहा है। अब दो दिन बाद बारिश में फिर तेजी से कमी आएगी। इससे दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। इससे दिन में धूप और उमस भरा मौसम रहेगा। गुरुवार को प्रदेश में दिन का औसत पारा 32 डिग्री रहा है। यह क्रम तीन से चार दिन रह सकता है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है।

**इसलिए, बिगड़ा बारिश का डिस्ट्रीब्यूशनः** शुक्ला के अनुसार प्री-मानसून से लेकर मानसून ऑनसेट तक अरब सागर अधिक सक्रिय रहा, जिससे प्रदेश के पूर्वी हिस्से में शुरूआत से ही बारिश कम हुई, लेकिन मध्य और पश्चिमी हिस्सों तक अच्छी बारिश हुई। मानसून ऑनसेट के समय अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों ब्रांच सक्रिय रहीं। जिससे प्रदेशभर में बारिश का दौर चला। लेकिन पूर्वी हिस्से में शुरूआत से ही बारिश कम रही है। इसलिए यह डिस्ट्रीब्यूशन गड़बड़ रहा। इसके अलावा अब तक जो भी सिस्टम आए हैं, वे पूर्वी मप्र की ओर कम बढ़े हैं, जबकि पश्चिमी हिस्से में अधिक रहे। यह सिस्टम बंगाल की खाड़ी की 3 जुलाई से बढ़ी सक्रियता के कारण पश्चिमी हिस्से में अधिक सक्रिय रहे। इसके अलावा विंड शियर जोन भी पूर्वी मप्र में कम बारिश का कारण रहा है।

## बंद हुए त्र्यंबकेश्वर....

तक बारिश की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया। कपाट बंद होने के बाद मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके साथ ही, त्र्यंबकेश्वर की ओर आ रहे वाहनों को नासिक और इगतपुरी में ही रोककर वापस भेज दिया गया है।


**पश्चिम मध्य रेल**
**वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय, भोपाल**

वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदा आमंत्रित करते है। कोई भी व्यक्तिगत/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाऐंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए www.ireps.gov.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **निविदा संख्या** -98265887, **संक्षिप्त विवरण**-फायर एक्सटिंग्विशर,DCP टाइप 6 KG MAP 90, **Tender Qty.**-612 Set, **Opening Date**- 29-July-2026, **EMD Value (In Rs.)**-Rs.1,22,390 (हस्ता.)
वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शालिनी मिश्रा पुत्री श्री हरिप्रसाद मिश्रा आयु 20 वर्ष निवासी-गोरा सतना म.प्र. की होकर शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं कि:- यह कि, पूर्व में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शालनी (SHALNI) अंकित है, जो कि गलत है, जबकि मेरा सही नाम शालिनी मिश्रा (SHALINI MISHRA) है जो कि संही है जिसकी पुष्टि अंकसूची से होती है। मेरे द्वारा मेरे सही नाम की पुष्टि के लिए मेरे द्वारा मेरे अंकसूची की छायाप्रति प्रस्तुत कर रही हूँ। उपरोक्त मेरे नाम के परिवर्तन के संबंध में यदि किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
शपथ पत्र CA 249591

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
बीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/145/2025
बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम मयंक श्रीवास्तव
NEXT DATE: 14-08-2026
प्रेषिती-
**मयंक श्रीवास्तव राम विनोद श्रीवास्तव**
पता - मकान नं. 33, गणपति होम्स जय हिन्द कालेज के पास अयोध्या नगर, जिला भोपाल
यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आपके विरुद्ध आरसीएस बी/145/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख **16-06-2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश
कृष्णकांत बागरे
बीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल (म.प्र.)

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
सीओऍमऍम एस /22/2023
बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम रुद्रा बाई
NEXT DATE: 20-08-2026
प्रेषिती-
**प्रवीण चौहान भाईजी चौहान**
**कैलाश कुमार मंगल सिंह**
पता - ग्राम रिछोदा, तह. बुधनी, जिला-सीहोर म.प्र.
यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आपके विरुद्ध सीओऍमऍम एस /22/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख **14-05-2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश
श्रीमती गुंजन शर्मा
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल (म.प्र.)

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
सीओऍमऍम एस /24/2023
बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम सुधाबाई किरार
NEXT DATE: 20-08-2026
प्रेषिती-
**प्रदीप किरार स्व. नेपाल सिंह किरार**
**राहुल किरार स्व. नेपाल सिंह किरार**
**प्रवीण किरार भाईजी किरार**
पता - ग्राम रिछोदा, तह. बुधनी, जिला-सीहोर म.प्र.
यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आपके विरुद्ध सीओऍमऍम एस /24/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख **14-05-2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश
श्रीमती गुंजन शर्मा
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल (म.प्र.)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल
**आम सूचना**
हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक जूनियर एम.आई.जी. / डी- 508 (भू तल) मण्डल द्वारा श्री सुरेश चन्द्र गुप्ता आत्मज स्व. श्री आर. डी. गुप्ता के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21/06/2005 को पंजीकृत किया गया है। श्री सुरेश चन्द्र गुप्ता आत्मज स्व. श्री आर. डी. गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सोमवती तोमर पत्नी श्री रणवीर सिंह को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03/03/2008 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती सोमवती तोमर पत्नी श्री रणवीर सिंह के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल
**आम सूचना**
हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस-144 मण्डल द्वारा श्रीमती आसिया अली पत्नी श्री मोहम्मद अरमान अली के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 26/10/2022 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 06/09/2024 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का लीज नवीनीकरण दिनांक 14/06/2024 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2054 तक वैध है। श्रीमती आसिया अली पत्नी श्री मोहम्मद अरमान अली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मुशर्रफ शाह आत्मज श्री कुंवर राहत शाह को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11/11/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र सयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मुशर्रफ शाह आत्मज श्री कुंवर राहत शाह के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 23-07-26

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


**JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE**
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED — ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्रटी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

**नाम परिवर्तन**
मैं, संजीव पटेल, आत्मज श्री किशन पटेल, आयु 19 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 1, ग्राम चीचली, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) – 461771, एतद् द्वारा सूचित करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश संजीव पटेल अंकित हो गया है, जबकि मेरे शैक्षणिक अभिलेख (10वीं एवं 12वीं की अंकसूची) में मेरा सही नाम नरेन्द्र पटेल, आत्मज श्री किशन पटेल अंकित है। अतः आज से मुझे नरेन्द्र पटेल, आत्मज श्री किशन पटेल (NARENDRA PATEL S/O KISHAN PATEL) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer)

PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 6282



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 6281 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | य | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | य |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |

## सूडोकु नवताल - 6292

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6291 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## खबर संक्षेप

### तनिष्क ने पेश की एक्सक्लूसिव ज्वेलरी

**पेरिस।** ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क़ नेचुरल डायमंड्स और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा ने पेरिस कूटुर वीक 2026 में अपना पहला एक्सक्लूसिव कूटुर ज्वेलरी कलेक्शन लांच किया। यह सहयोग भारत के प्रमुख ज्वेलरी हाउस और देश के अग्रणी फैशन डिज़ाइनर के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी के रूप में देखा जा रहा है। कंपनी के अनुसार, यह कलेक्शन ओट कूटुर और हाई ज्वेलरी का अनूठा संगम है, जिसमें आधुनिक भारतीय लग्ज़री को नए अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।

### टिंकूज ने जोमैटो के साथ की साझेदारी

**इंदौर।** लोकप्रिय कैफे ब्रांड टिंकूज ने जोमैटो के साथ साझेदारी के बाद अपने कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, ब्रांड के सालाना ऑर्डर में लगभग 2.6 गुना बढ़ोतरी हुई है। 1997 में स्थापित टिंकूज आज शहर में 10 आउटलेट्स के साथ अपने सिग्नेचर सैंडविच, कॉफी और ग्राहक-केंद्रित सेवा के लिए पहचान बना चुका है। टिंकूज के संस्थापक हेमंत कौल ने कहा ग्राहकों के बदलते स्वाद और पसंद को ध्यान में रखकर की गई थी। जोमैटो के सीईओ आदित्य मंगला ने कहा कि टिंकूज जैसे स्थानीय ब्रांड को अपनी मूल पहचान हुए है।

### मिलवर्क्स टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 14 को

**मुंबई।** मिलवर्क्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ने अपने आईपीओ को मंगलवार, 14 जुलाई 2026 से खोलने की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य अपर प्राइस बैंड पर 160.33 करोड़ रुपए जुटाने का है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ के तहत 10 अंकित मूल्य वाले 48,44,000 इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इश्यू का प्राइस बैंड 315 से 331 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह इश्यू गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### सथलोखर को 75.52 करोड़ रु.का ऑर्डर मिला

**चेन्नई।** सथलोखर सिनर्जीज ईएंडसी ग्लोबल लिमिटेड ने एमईपी, सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों से जुड़े पांच नए ऑर्डर हासिल करने की घोषणा की है। कंपनी ने इससे पहले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 840.22 करोड़ रुपए के कन्फर्म ऑर्डर्स की जानकारी दी थी। अब कंपनी को लगभग 75.52 करोड़ रुपए के अतिरिक्त कन्फर्म ऑर्डर्स प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी का संशोधित कन्फर्म ऑर्डर बुक बढ़कर लगभग 915.74 करोड़ रुपए हो गया है।

### इनवेस्को का इक्विटी लांग-शॉर्ट फंड पेश

**मुंबई।** इनवेस्को म्यूचुअल फंड ने 'समिट एसआईएफ' ब्रांड के तहत अपनी पहली निवेश रणनीति 'समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड' लांच करने की घोषणा की है। इस फंड का न्यू फंड ऑफर 2 जुलाई से खुल चुका है और 16 जुलाई तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगा। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी निवेश रणनीति है। इनवेस्को एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ नानावटी ने कहा कि एसआईएफ श्रेणी अनुभवी निवेशकों को ऐसा पोर्टफोलियो लचीलापन उपलब्ध कराती है।

### प्रोफ़ेशनल गोल्फ से एयर इंडिया का करार

**गुरुग्राम।** एअर इंडिया के पुरस्कार विजेता फ्रिक्वेंट फ्लायर प्रोग्राम, महाराजा क्लब ने आज प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत, महाराजा क्लब अगस्त 2026 से अप्रैल 2027 तक पूरे भारत में होने वाले डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई टूर्नामेंट्स के लिए ऑफिशियल ट्रैवल पार्टनर होगा। यह साझेदारी दो ब्रांड्स को एक साथ लाती है और यात्रा के दायरे से बढ़कर जीवनशैली के उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने पर महाराजा क्लब के बढ़ते फोकस को दर्शाती है।

---

15 दिनों में 7 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी

# शक्कर में महंगाई की कड़वाहट: एथेनॉल बनाने की सरकारी नीतियों और मानसून की अनिश्चितता से बढ़े भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गन्ने से एथेनॉल बनाने की सरकारी नीतियों और मानसून की अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार में शक्कर की मिठास में कड़वाहट घुट गई है। वैश्विक आपूर्ति के दबाव के कारण आम उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ रही है। राजधानी के स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज,जुमेराती बाजार में शक्कर के भाव पिछले 15 दिनों में 7 रुपए उछले हैं और गुरूवार का शक्कर के थोक भाव क्वालिटीनुसार 4650 रुपए से 4700 रुपए क्विंटल बोली गई है। जबकि फुटकर में शक्कर के दाम 48 से 50 रुपए किलो के भाव है।

ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार शक्कर की बढ़ती कीमतों का सीधा असर मिठाई, बेकरी, कोल्ड ड्रिंक और अन्य खाद्य उत्पादों की लागत पर पड़ सकता है। त्योहारी सीजन से पहले यदि आपूर्ति की स्थिति नहीं सुधरी, तो उपभोक्ताओं को और अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। हालांकि सरकार का कहना है कि घरेलू आपूर्ति बनाए रखने और बाजार में संतुलन कायम रखने के लिए स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

आगामी त्योहारों में 50 रुपए के पार जा सकते हैं दाम



### थोक के साथ खुदरा बाजार में भी चीनी के दाम बढ़े

व्यापारियों के अनुसार, यदि आने वाले दिनों में मानसून सामान्य रहता है और उत्पादन के बेहतर संकेत मिलते हैं, तो कीमतों में कुछ राहत देखने को मिल सकती है, लेकिन यदि मौसम प्रतिकूल रहा, तो थोक के साथ-साथ खुदरा बाजार में भी चीनी के दाम और बढ़ सकते हैं। कारोबारियों का कहना है कि फिलहाल बाजार में चीनी की उपलब्धता सामान्य है, लेकिन बढ़ती लागत और भविष्य की आशंकाओं के चलते व्यापारी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। उनका मानना है कि त्योहारी सीजन नजदीक आने के साथ मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतों पर और असर पड़ सकता है।

### शक्कर महंगी होने से मिठाइयों की लागत बढ़ेगी

मिठाई कारोबारी मोहन शर्मा ने कहा कि शक्कर महंगी होने से मिठाइयों की लागत बढ़ेगी, जिसका असर त्योहारी सीजन में ग्राहकों की जेब पर भी पड़ सकता है। जानकारों का कहना है कि यदि सरकार समय रहते स्टॉक सीमा लागू कर जमाखोरी पर नियंत्रण नहीं करती, तो कीमतों में और तेजी आ सकती है। उनका मानना है कि बढ़ती मांग और सीमित उपलब्धता के चलते आने वाले दिनों में शक्कर के दाम नए स्तर पर पहुंच सकते हैं। शक्कर कारोबारी के अनुसार पिछले कुछ हफ्तों में थोक बाजार में चीनी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उनका मानना है कि मानसून को लेकर बनी अनिश्चितता, गन्ने की संभावित कम पैदावार और एथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने की बढ़ती मांग के कारण बाजार में कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

### गन्ने का बड़ा हिस्सा एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल हो रहा

शक्कर व्यापारी देवानंद सचदेवा ने कहा कि इस बार सामान्य से कम बारिश की आशंका के कारण गन्ने की पैदावार प्रभावित हो सकती है, जिससे चीनी उत्पादन पर दबाव बनने की संभावना है। इसके साथ ही सरकार की एथेनॉल मिश्रण नीति के तहत गन्ने का एक बड़ा हिस्सा एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल हो रहा है, जिससे चीनी की उपलब्धता पर भी असर पड़ रहा है। आम उपभोक्ताओं की रसोई का जरूरी हिस्सा शक्कर लगातार महंगी होती जा रही है। बीते 15 दिनों में शक्कर के थोक और खुदरा भाव में करीब 7 रुपए प्रति किलो का उछाल दर्ज किया गया है। व्यापारियों और बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार ने स्टॉक सीमा लागू नहीं की, तो आगामी रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेशोत्सव जैसे त्योहारों के दौरान शक्कर के दाम 50 रुपए प्रति किलो से ऊपर पहुंच सकते हैं।

---

डीजल के दाम घटाने और तीन माह टोल टैक्स में राहत की मांग

# ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने प्रधानमंत्री समेत तीन केंद्रीय मंत्रियों को भेजा ज्ञापन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट के बावजूद देश में डीजल के दामों में अपेक्षित कमी नहीं होने पर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को ज्ञापन भेजकर डीजल की कीमतों में तत्काल कमी, तीन माह के लिए टोल टैक्स में राहत और ट्रांसपोर्ट क्षेत्र के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अपने उच्च स्तर से घटकर लगभग 68.69 डॉलर प्रति बैरल रह गई हैं, लेकिन इसका लाभ डीजल उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है। संगठन का दावा है कि इससे ट्रांसपोर्ट उद्योग, किसान और आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है।






### परिवहन व्यवसाय प्रभावित

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सबरवाल, आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी, चेयरमैन सीएल मुकाती के अनुसार देश के अधिकांश छोटे ट्रांसपोर्टर, जिनके पास एक से दस तक व्यावसायिक वाहन हैं, बढ़ती परिचालन लागत, कम मालभाड़े और आर्थिक मंदी के कारण गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। डीजल के साथ-साथ टायर, स्पेयर पार्ट्स, लुब्रिकेंट्स, इंजन ऑयल, बीमा और टोल टैक्स की बढ़ती लागत ने परिवहन व्यवसाय को प्रभावित किया है। वहीं, वाहन ऋण की किस्तें समय पर जमा नहीं होने से कई वाहन मालिकों के खाते एनपीए बनने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। यह भी उल्लेख किया गया है कि कृषि कार्यों में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और डीजल चालित उपकरणों के व्यापक उपयोग के कारण किसानों की लागत लगातार बढ़ रही है। वहीं परिवहन खर्च बढ़ने से खाद्यान्न, फल-सब्जियां, दूध, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है, जिसका सीधा भार आम उपभोक्ताओं पर पड़ता है।

### संगठन की प्रमुख मांगें

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के अनुरूप डीजल के दामों में तत्काल कमी।
- तेल कंपनियों के अतिरिक्त लाभ का हिस्सा ट्रांसपोर्टरों, किसानों और आम जनता को राहत के रूप में दिया जाए।
- कमर्शियल वाहन मालिकों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज, लोन रीस्ट्रक्चरिंग और ब्याज में राहत।
- राष्ट्रीय एवं राज्यीय टोल प्लाजा पर कम से कम तीन माह के लिए टोल टैक्स वसूली स्थगित की जाए।
- ट्रांसपोर्ट संगठनों, किसान संगठनों और संबंधित हितधारकों के साथ बैठक कर स्थायी समाधान के लिए नीति बनाई जाए।

---

### लांच हुई नई निसान टेक्टॉन, सी-एसयूवी सेगमेंट में चुनौती




**मुंबई।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में आयोजित वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान अपनी नई प्रीमियम सी-एसयूवी निसान टेक्टॉन से पर्दा उठा दिया। कंपनी ने इसे अपने उत्पाद विस्तार अभियान का अहम कदम बताते हुए भारतीय बाजार के सबसे तेजी से बढ़ते एसयूवी सेगमेंट में उतारा है। हालांकि, कंपनी ने फिलहाल इसकी कीमत का खुलासा नहीं किया है और शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू होकर टॉप वेरिएंट के लिए 18.59 लाख रुपए तक जाती है। नई टेक्टॉन की सबसे बड़ी खासियत इसका 100 प्रतिशत टर्बोचार्ज्ड इंजन लाइन-अप है, जो सभी वेरिएंट्स में उपलब्ध होगा। एसयूवी में 280 एनएम का टर्बो परफॉर्मेंस, गूगल इन-बिल्टकनेक्टिविटी और 700 लीटर का क्लास-लीडिंग बूट स्पेस जैसे सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स दिए गए हैं।

---

जीएसटीएटी के जस्टिस वार्ष्णेय से प्रतिनिधिमंडल की भेंट

## अपील दायर करने आ रही है दिक्कत बोले-हेल्प डेस्क से समाधान का भरोसा



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बार एट जीएसटी ट्रिब्यूनल भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण , मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष जस्टिस रूपेश चंद्र वार्ष्णेय और सदस्य (न्यायिक) उपेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत करते हुए जीएसटीएटी में अपील दायर करने के दौरान अपीलकर्ताओं, अधिवक्ताओं और कर सलाहकारों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया।

बैठक में जीएसटीएटी के डिप्टी रजिस्ट्रार विनीत कुमार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार अमित जैन सहित प्रशासनिक स्टाफ भी मौजूद रहा। इस दौरान अपील प्रक्रिया को सरल और सुचारु बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सदस्य (न्यायिक) ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि अपीलकर्ता और अधिवक्ता नियमित रूप से जीएसटीएटी पोर्टल का अवलोकन करें तथा वहां उपलब्ध कॉज लिस्ट और आदेशों की जानकारी प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि पोर्टल या अन्य किसी भी तकनीकी समस्या को जीएसटीएटी के संज्ञान में लाया जा सकता है, जिसके समाधान के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। जीएसटीएटी के उपाध्यक्ष जस्टिस रूपेश चंद्र वार्ष्णेय ने अधिवक्ताओं के पावर ऑफ अटॉर्नी और लेटर ऑफ अथॉरिटी को सही तरीके से और पूर्ण रूप से जमा करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक में जीएसटीएटी और बार प्रतिनिधिमंडल के बीच बेहतर समन्वय एवं अपील प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने पर सहमति बनी।

---

## चार दिन में 15 हजार रुपए सस्ती हुई चांदी सोने की कीमत भी 1.43 लाख रु. के नीचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतों में लगातार चौथे दिन गिरावट देखने को मिली है। वैश्विक बाजार में बढ़ती अनिश्चितता, पश्चिम एशिया के तनाव और निवेशकों की बदलती रणनीति का असर कीमती धातुओं पर पड़ा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सितंबर 2026 डिलीवरी वाली चांदी वायदा कीमत करीब 2,000 रुपए की गिरावट के साथ 2,21,502 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले चार कारोबारी दिनों में चांदी करीब 15,000 रुपए प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो चुकी है। वहीं, अगस्त 2026 डिलीवरी वाला सोना वायदा करीब 610 रुपए गिरकर 1,43,101 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सर्राफा बाजार में भी चांदी की कीमत में करीब 10,000 रुपए की गिरावट दर्ज की गई और यह लगभग 2,35,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। हालांकि, घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में मामूली तेजी देखने को मिली।



### एका मोबिलिटी ने लांच की ईवी स्कूल बस

**नई दिल्ली।** कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी एका मोबिलिटी ने आज देश के प्रमुख बस और यात्री परिवहन प्रदर्शनी प्रवास 5.0 में अपनी नई एका 9एम इलेक्ट्रिक स्कूल बस पेश की। गौरतलब है कि कंपनी भारत सरकार की ऑटो पीएलआई योजना के तहत 'चैंपियन ओईएम' श्रेणी में शामिल है। स्कूल परिवहन के लिए विशेष रूप से तैयार की गई एका 9एम इलेक्ट्रिक स्कूल बस, एका के हल्के मोनोकोक प्लेटफॉर्म पर आधारित है। हाई-स्ट्रेंथ स्टील स्ट्रक्चर से लैस यह बस बेहतर सुरक्षा, आरामदायक यात्रा और बेहतर परिचालन क्षमता प्रदान करती है। इसमें ड्राइवर सहित कुल 44 लोगों के बैठने की व्यवस्था है ।



---

हरित ऊर्जा पर टाटा पावर का बड़ा दांव

## 2030 तक 1 लाख करोड़ राजस्व और 10 हजार करोड़ रुपए मुनाफे का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टाटा पावर ने वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपए के राजस्व और 10 हजार करोड़ के शुद्ध लाभ का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने वार्षिक आम बैठक में कहा कि कंपनी स्वच्छ और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से विस्तार कर रही है तथा एनर्जी ऐज ए सर्विस मॉडल के जरिए उपभोक्ताओं को टिकाऊ ऊर्जा समाधान उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने वर्ष 2030 तक 30 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का लक्ष्य बरकरार रखा है। टाटा पावर बिजली उत्पादन, पारेषण, वितरण, अक्षय ऊर्जा, रूफटॉप सोलर, ईवी चार्जिंग और सौर उपकरण निर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ा रही है। कंपनी जल्द ही ओडिशा में नए सौर विनिर्माण संयंत्र की घोषणा भी करेगी। उन्होंने बताया कि एआई आधारित डेटा सेंटरों के विस्तार और बढ़ते तापमान के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2025 में वैश्विक बिजली की मांग में 3 प्रतिशत और डेटा सेंटरों की बिजली खपत में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।





---

## बिजनेस न्यूज

### पीपुल्स हॉस्पिटल के पीजी रेजिडेंट डॉ. अरिहंत ठाकुर को राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रथम पुरस्कार

**भोपाल।** पीपुल्स हॉस्पिटल, भानपुर के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अंतिम वर्ष के पीजी रेजिडेंट डॉ. अरिहंत ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करते हुए चौथा ब्रोंको-पल्मोनरी वर्ल्ड कांग्रेस 2026 के अंतर्गत आयोजित वैज्ञानिक सम्मेलन की पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। पीपुल्स ग्रुप के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रोहित पंडित ने डॉ. अरिहंत ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पीपुल्स ग्रुप की विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था, अनुभवी फैकल्टी के मार्गदर्शन और शोध को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. आकाश श्रीखंडे ने कहा कि यह सम्मान विभाग की अकादमिक उत्कृष्टता और गुणवत्तापूर्ण शोध कार्यों का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि डॉ. अरिहंत ठाकुर की सफलता में विभाग के डॉ. दक्ष शर्मा और डॉ. अमित सिंह का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। पीपुल्स ग्रुप प्रबंधन ने डॉ. अरिहंत ठाकुर, डॉ. आकाश श्रीखंडे और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की पूरी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।



### बिरला ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**भोपाल।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की इकाई सतना सीमेंट वर्क्स ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत ग्राम बठिया कलां शासकीय विद्यालय में सप्लीमेंट्री लर्निंग क्लास के द्वितीय वर्ष का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उनकी शैक्षणिक क्षमता में निरंतर सुधार लाना है। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रेसिडेंट कौशल मिश्रा के मार्गदर्शन में कंपनी द्वारा समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े कई कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसी क्रम में एचआर क्लस्टर हेड प्रदीप सिंह बघेल और सीएसआर क्लस्टर हेड रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में सप्लीमेंट्री लर्निंग क्लास के दूसरे वर्ष की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सीएसआर क्लस्टर हेड रंजीत प्रसाद, विजय, अनामिका सहित ग्राम सरपंच ओंकार सिंह, उप सरपंच लाला सिंह, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमलेश साकेत, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




### मंडी परिसर में पूर्व मंडी अध्यक्ष मोता ने किया पौधरोपण



**भोपाल।** करोंद स्थित कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुधीर मोता ने अपना 71वां जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण के नाम समर्पित करते हुए पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पहले से लगाए गए पौधों की देखभाल की और नए पौधे भी रोपे। इस मौके पर सजीव जैन सहित अनाज व्यापारी मौजूद थे। सुधीर मोता कई वर्षों से जामुन की गुठलियों से पौधे तैयार कर पर्यावरण संरक्षण का अभियान चला रहे हैं। वे स्कूलों में बच्चों को पौधे तैयार करने के लिए प्रेरित करते हैं और उनके द्वारा तैयार पौधों को एक वर्ष तक संरक्षित करने के बाद किसानों को निःशुल्क वितरित करते हैं। उनके इस अभियान तहत भोपाल और आसपास के क्षेत्रों में हजारों जामुन के पौधे लगाए जा चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनते देखना ही उनके लिए जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है। उनका यह प्रयास समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रेरणादायी संदेश देता है।

### मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के बीच एमओयू



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन ब्रांड मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत सरकार की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) की पुरानी ट्रकों और बसों के प्रतिस्थापन संबंधी नीति के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के साथ दो अलग-अलग समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ये एमओयू मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक के ई-मीडियम एवं हेवी कमर्शियल व्हीकल तथा ई-स्मॉल कमर्शियल व्हीकल कारोबारों द्वारा नई दिल्ली में संपन्न किए गए। एनसीआरपीबी की यह नीति क्षेत्र में संचालित पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को चरणबद्ध तरीके से बदलने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों को बढ़ावा देकर यह पहल शून्य वाहन उत्सर्जन के माध्यम से वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ-साथ भारत के व्यापक डीकार्बोनाइजेशन (कार्बन उत्सर्जन में कमी) लक्ष्यों को भी समर्थन देगी।


## कार्यालय नगर परिषद भैरुंदा, जिला-सीहोर

क्र./2026/ई-निविदा/2317 — भैरुंदा 03/07/2026

**ई-निविदा आंमत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागतं | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD _519893_1 | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एम.आर.एफ./ कम्पोस्टिंग प्लांट के निर्माण / सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य। | 1. 12 माह 2. 71,52,479/- | 1. 10000/- 2. 53650/- | 08.08.2026 |

नोट : - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन / शुद्धिपत्र (Corrigendum) का प्रकाशन केवल https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, इसके संबध मे पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अव्यवहारिक निविदाओं मे अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी संशोधित आदेश क्रमांक 237/2024/18-2 दिनांक 06.09.2024 अनुसार जमा कराना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद भैरूंदा जिला सीहोर

## कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) जिला अशोकनगर (म.प्र.)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर की परियोजना अशोकनगर जिले अंतर्गत गुना-अशोकनगर मार्ग पर रेल्वे कॉसिंग क. 47 पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य हेतु भू-अर्जन प्रकरण में आपसी सहमति कय नीति 2014 के अंतर्गत भू-अधिग्रहण (भूमि कय बावत) (ग्राम शाढौरा की तरफ) के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि के कय हेतु मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल के परिपत्र दिनांक 12 नवम्बर 2014 द्वारा जारी आपसी सहमति से भूमि कय नीति के अंतर्गत निम्नलिखित भूमि धारकों से उनके समक्ष दशार्ये गये विवरण अनुसार भूमि कय करने हेतु विचार किया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फायनेंस, फर्म, शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यालय को उक्त भूमि के स्वत्य के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस की अवधि में आधार सहित कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) जिला अशोकनगर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। भूमि का विवरण निम्नानुसार है:-

जिला:- अशोकनगर
तहसील:- शाढौरा
ग्राम:- शाढौरा
क्षेत्रफल:-0.239 है.

| स.क्र. | भूमि धारक/धारकों के नाम | परियोजना हेतु क्रय हेतु विचाराधीन भूमि का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सतेन्द्र सिंह पुत्र नीलम सिंह स.भा, जितेन्द्र सिंह पुत्र नीलम सिंह स.भा. धर्मेन्द्र सिंह पुत्र नीलम सिंह स.भा. मनीष सिंह पुत्र नीलम सिंह स.भा, सावित्रीबाई पत्नी नीलम सिंह स.भा, वंदना पुत्री नीलम सिंह स.भा.. जाति रघुवंशी ग्राम भू स्वामी। | सर्वे नं. 2276/2 कुल रकवा 0.951 हेक्टेयर, अर्जित रकवा 0.239 हेक्टेयर, ग्राम शाढौरा, तहसील शाढौरा, जिला अशोकनगर, पटवारी हल्का नं. 15. राजस्य निरीक्षक वृत्त नं. 02 |

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अशोकनगर, जिला अशोकनगर, तहसीलदार तहसील शाढौरा एवं कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर के कार्यालय में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

जी - 15398/26 — स्वच्छता ही सेवा

कलेक्टर
जिला अशोकनगर (म.प्र.)

## चिंतन

# ऑस्ट्रेलिया से 'नाभिकीय' समझौता लाएगा बदलाव

क्वाड पर अमेरिका के ठंडे रुख के बाद भारत ने अपने स्तर पर क्वाड के अन्य प्रमुख साझेदार देशों जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को नई गति देने की रणनीति अपनाई है। क्वाड चार प्रमुख लोकतांत्रिक देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का रणनीतिक समूह है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करना है। बदलते वैश्विक समीकरणों और बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत अब अपने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत और व्यावहारिक आधार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में पहले जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने भारत का दौरा किया, जहां दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इससे स्पष्ट है कि भारत अपने भरोसेमंद साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता दे रहा है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच यूरेनियम आपूर्ति से जुड़ा बहुप्रतीक्षित असैन्य परमाणु समझौता हुआ है। माना जा रहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह 'नाभिकीय' समझौता ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इसके साथ ही रक्षा, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिज, साइबर सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, अंतरिक्ष सहयोग और निवेश सहित लगभग 18 महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। डिफेंस इनोवेशन कॉरिडोर, मैरीटाइम सिक्योरिटी रोडमैप और यूरेनियम सप्लाई एग्रीमेंट जैसे समझौते दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देंगे। ये समझौते केवल द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सामरिक समीकरणों का भी स्पष्ट संकेत हैं। बढ़ती साझेदारी यह दर्शाती है कि दोनों लोकतांत्रिक देश अब केवल व्यापारिक साझेदार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोगी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस परमाणु समझौते के बाद भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का मार्ग खुल जाएगा। दोनों देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर विकसित करने का भी निर्णय लिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर, रक्षा उपकरण और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों के लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल स्थापित किए जाने से भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित अन्य अंतरिक्ष अभियानों को तकनीकी सहायता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की तीन बहुमूल्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक कलाकृतियां लौटाने की घोषणा की है। इनमें देवी भद्रकाली की आकृति वाला धातु का त्रिशूल, भगवान शिव के वाहन नंदी की पत्थर की प्रतिमा तथा छह मुख वाले भगवान कार्तिकेय की दुर्लभ प्रतिमा शामिल हैं। इनकी स्वदेश वापसी दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और सांस्कृतिक सहयोग का भी प्रतीक है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की यह यात्रा संकेत देती है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, तकनीकी प्रगति और आर्थिक हितों को मजबूत करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है। भारत रक्षा समेत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ यह 'नाभिकीय' समझौता इसी नई सोच और दूरदर्शी रणनीति का महत्वपूर्ण उदाहरण है।



मुद्दा

डॉ. आशीष वशिष्ठ

# आतंक व बातचीत साथ नहीं चल सकते

> भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने की उम्मीद से दोनों देश के प्रधानमंत्रियों को जानी-मानी 117 हस्तियों ने मिलकर पत्र लिखा है। पत्र लिखने वालों में 61 लोग भारत से और 56 पाकिस्तान से हैं। पत्र में मांग की गई है कि अब संबंधों को सामान्य किया जाए और तल्खियां घटाई जाएं। ये पहल सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस के अध्यक्ष ओपी शाह की तरफ से की गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत का स्पष्ट रुख रहा है कि जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक कोई वार्ता संभव नहीं है। इस पत्र को लेकर अब प्रश्न भी उठ रहे हैं। अहम सवाल यह है कि भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत क्यों करे? राजनयिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंध क्यों पुनः स्थापित किए जाएं? आतंकियों को पालने-पोसने वाले देश को कड़ा सबक सिखाना चाहिए अथवा संवाद के माध्यम से प्रेम का प्रदर्शन करना चाहिए? जो 117 चेहरे आज पाकिस्तान के पक्षकार बने हैं, क्या वे भूल गए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है? क्या वे पहलगाम का नरसंहार भूल गए? क्या पुलवामा में 40 'शहीदों'का बलिदान भूल गए? क्या उरी से लेकर 26/11 मुंबई आतंकी हमले तक पाक परस्त शैतानों और हत्यारों के षड्यंत्र भी भूल गए? पत्र लिखने वालों में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर और सैफुद्दीन सोज भी शामिल हैं। मणिशंकर ने सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान जाकर आर्त पुकार की थी कि मोदी सरकार हटाने में सहायता करें। यह नवंबर, 2015 का प्रसंग है। दोनों कथित कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मोदी को हटाए बिना भारत-पाक संबंध बेहतर नहीं हो सकते। अब समर्थकों की सूची में शामिल हैं, तो वह बिल्कुल निरर्थक है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का पाकिस्तान प्रेम जगजाहिर है। इनके बयानों से ऐसा अहसास होता है मानो पाकिस्तान सरकार का कोई प्रवक्ता बोल रहा है। भारत की गुप्तचर एजेंसी रॉ के प्रमुख रहे एएस दुलत भी सूची में हैं, जो पाकिस्तान की आत्मा तक से परिचित हैं और कई आतंकी हमलों के साक्षी रहे हैं। ओपी शाह, मनोज झा, जवाहर सरकार आदि कितने बड़े कूटनीतिज्ञ हैं, यह हम नहीं जानते, लेकिन सूची में जो 61 नाम भारतीयों के हैं, वे विश्वासपूर्वक प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर विरोधी हैं और पाकिस्तान के अनुयायी चेहरे हैं। आज उन्हें कौन पूछता है? क्या प्रासंगिकता है इनकी? क्या इनमें से किसी ने भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आतंकी सांपों को पालना बंद करें? आतंक के अड्डे समाप्त किए जाएं। सरकार और फौज आतंकियों की आर्थिक मदद करना और उन्हें



'जेहादी समर्थन' देना भी बंद करें। पत्र लिखने वालों की मंशा क्या है, यह वे स्वयं बेहतर जानते हैं। पत्र लिखने वालों में से किसी ने आतंकवाद में अपने किसी परिजन को खोया है? यह पीड़ा, हत्या, दर्द, खालीपन, सूने आंगन, उजड़े सिंदूर को कैसे और कौन भूल सकता है? और फिर क्या गारंटी है कि संवाद और संबंधों की पुनर्स्थापना के बाद सीमा पर तनाव कम हो जाएगा? सीमा पार से आतंकी भेजे नहीं जाएंगे? वैश्विक मंचों पर, कश्मीर की आड़ में, भारत-विरोधी दुष्प्रचार थम जाएंगे? पत्र से जुड़े लोग इससे भी भलीभांति परिचित होंगे कि पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का केंद्र हमेशा से सेना रही है और वर्तमान सेना प्रमुख तो इतने शक्तिशाली बना दिए गए हैं कि उन्हें फील्ड मार्शल की पदवी प्राप्त हो चुकी है। वास्तव में, आतंकवाद की चर्चा जब भी होती है, तो ये समर्थक हकलाने लगते हैं या अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो आजकल 'एटमी युद्ध' की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान के कथित उप प्रधान मंत्री इशाक डार सिंधु नदी का पानी रोकना युद्ध की कार्रवाई मानते हैं। क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' के हमले भूल गया है पाकिस्तान, जिनमें उसके 11 एयरबेस को मिट्टी-मलबा कर दिया गया था? ऐसे आतंकी, धमकीबाज मंत्रियों की सरकार से भारत बात क्यों करेगा? पाकिस्तान में सार्वजनिक कार्यक्रमों, जनाजों और सरकारी आयोजनों में आतंकवादियों का खुलकर घूमना आम बात है। जिन लोगों पर संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादी होने का आरोप है, वे पाकिस्तान में खुलेआम दिखाई देते हैं। ऐसे देश के साथ बैठकर बातचीत कैसे की जाए और भरोसा कैसे किया जाए? पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले चेहरे यह भूल गए हैं कि पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों ने हमारे 40,000 से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हैं? मठ-मंदिर ध्वस्त किए हैं? महिलाओं का सतीत्व लूटा है? पाकिस्तान में कौन लोग हैं, जो आपसी संबंध मधुर और श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं? पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है कि एक तरफ बातचीत की मेज पर बैठना और दूसरी तरफ आतंकी हमले करवाना। शिमला समझौते के करीब 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर का दौरा किया। पाकिस्तानी जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए वे मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए कि त्रासद विभाजन के बावजूद भारत पाकिस्तान की संप्रभुता को पूरी तरह स्वीकार करता है। उन्होंने वहां विजिटर्स बुक में यह भी लिखा कि एक स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान भारत के हित में है।

वाजपेयी की इस राजनयिक पहल का जवाब पाक ने कारगिल युद्ध छेड़कर दिया और शांतिपूर्ण संबंधों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई।अटलजी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को अपनी भली मंशा के संकेत देने के लिए दिसंबर 2015 में काबुल से भारत लौटते समय लाहौर का दौरा किया और उस समय प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से मिले। दस दिन बाद पाकिस्तान ने पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पत्र लिखने वाले भारतीयों को इतना तो याद रखना चाहिए कि उरी हमले के बाद भारत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट रहा कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं। इसमें सिंधु जल संधि को रोकना भी शामिल है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से यह पूरी तरह सही भी है। इस कसौटी को अनदेखा करते हुए भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं ने एक ऐसे पत्र पर स्वाक्षर किए हैं, जिसमें आतंकवाद का उल्लेख भी नहीं है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जल संरक्षण

बाल मुकुन्द ओझा



# आज पानी बचाएंगे तो भविष्य होगा सुरक्षित

देश में हर साल मानसून आता है और सर्वत्र बारिश होती है, इसके बावजूद लोग पानी के लिए तरस जाते हैं। इसका एक मुख्य कारण है हम वर्षा जल का संचयन नहीं कर पाते। मौसम विभाग की मानें तो मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहां पानी मिलता है, वहीं किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते हैं। बारिश से कई जगह बाढ़ की हालत भी हो गई है। वर्षा जल की एक-एक बूंद अनमोल है। जल है तो जीवन है। इसका संचय, संरक्षण से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जल की अनावश्यक बर्बादी नहीं होने दें। जल संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा और सामूहिक प्रयास करना होगा। इससे जल संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। देश में जल संसाधन सीमित और दुर्लभ हैं। पानी घट रहा है और साल 2050 तक यह कमी एक बड़ा संकट बन सकती है। ऐसे में हमें वर्षा जल संचयन जैसे जल संरक्षण के स्थायी तरीकों को अपनाना चाहिए। देशभर में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। राजधानी दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। भूस्खलन एवं वर्षा के बाद विभिन्न घटनाओं में अनेक लोगों की मौत हो गई। हर साल की तरह इस साल भी देश में मानसून की एंट्री के साथ ही बाढ़ की तबाही भी शुरू हो गई है। वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संचयन कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिए अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाए। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है, जिसमें से 160 बीसीएम की पुनः प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है। यहां सवाल यह उत्पन्न होता है कि भारी मात्रा में मानसूनी जल उपलब्ध होने के बावजूद हम जल संकट का सामना क्यों कर कर रहे हैं। इसका जवाब है कि हमने अपने परंरागत जल स्त्रोत समाप्त कर दिए। भारत को कुए, बावड़ी और तालाबों का देश कहा जाता है। यहां नदियां हर समय पानी से लबालब भरी होती थी। इसके बावजूद हम जल समस्या का सामना कर रहे हैं। यह समस्या हर साल गहराती जा रही है। खेत तो दूर की बात, पीने को भी पानी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर जल संचयन का बीड़ा उठाया है। हमारे देश में हर साल मानसून में बहुत सा पानी व्यर्थ बह जाता है, जिसके संचयन की कारगर व्यवस्था अब तक नहीं खोजी जा सकी है। साल भर में होने वाली बारिश का कम से कम 31 प्रतिशत पानी धरती के भीतर रिचार्ज के लिए जाना चाहिए। जबकि केवल 13 प्रतिशत पानी ही धरती में समाता है। रिचार्ज नहीं होने की वजह से भूगर्भ में पानी की कमी हो जाती है और उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष देश में औसत बारिश हो सकती है। इस बारिश का संचय कर पेयजल संकट से निपटने के साथ खेतों में बंपर पैदावार हासिल की जा सकती है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। भारत अब तक के सबसे बड़े जल संकट से जूझ रहा है। करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ़ाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है। अगर बरसात के बाद नदी-नालों से बहने वाले पानी का प्रभावी तरीके से संग्रहण किया जाए तो पानी कई गुना और ज्यादा मिलने लगेगा। वैश्विक संस्थाओं की लगातार चेतावनियों का लगता है लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है। विभिन्न संगठनों की पानी सम्बन्धी रिपोर्टों में साफ कहा गया है कि भूगर्भ में अब पानी नहीं रहा है और वर्षांत का पानी सहेजने में हम नकारा साबित हुए हैं। विशेषकर भारत में पानी के प्रति घोर लापरवाही का परिणाम आम आदमी को शीघ्र भुगतना होगा। दुनियाभर में 200 करोड़ से ज्यादा लोग साफ पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# छोटे-छोटे संकल्प हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं




संकलित

**दर्शन**

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है, उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे, उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है, वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

# गुरु की बात को गिरधर भी नहीं टाल सकते




संकलित

**प्रेरणा**

वृंदावन में एक संत के पास कुछ शिष्य रहते थे। उनमें से एक शिष्य मंद बुद्धि का था। एक बार गुरु देव ने सभी शिष्यों को अपने करीब बुलाया और सब को एक मास के लिए ब्रज में अलग-अलग स्थान पर रहने की आज्ञा दी और उस मंद बुद्धि को बरसाने जाकर रहने को कहा। मंद बुद्धि ने बाबा से पूछा बाबा मेरे रहने खाने की व्यवस्था वहां कौन करेगा। बाबा ने हंस कर कह दिया राधा रानी, कुछ दिनों बाद एक-एक करके सब बालक लौट आए पर वो मंद बुद्धि बालक नहीं आया। बाबा को चिंता हुई कि दो मास हो गए मंद बुद्धि बालक नहीं आया, जाकर देखना चाहिए। बाबा अपने शिष्य की सुध लेने बरसाने आ गए। बाबा ने देखा कि एक सुन्दर कुटिया के बाहर एक सुन्दर बालक बहुत सुन्दर भजन कर रहा है, बाबा ने सोचा क्यों ना इन्ही से पूछा जाए। बाबा जैसे ही उनके करीब गए वो उठ कर बाबा के चरणों में गिर गया और बोला आप आ गए गुरु देव! बाबा ने पूछा ये सब कैसे, तू ठीक कैसे हो गया? शिष्य बोला- बाबा आपके ही कहने से किशोरी जी ने मेरे रहने खाने पीने की व्यवस्था की और मुझे ठीक कर भजन करना भी सिखाया। बाबा अपने शिष्य पर बरसती किशोरी जी की कृपा को देख खूब प्रसन्न हुए और मन ही मन सोचने लगे कि मेरे कारण मेरी किशोरी जी को कितना कष्ट हुआ। उन्होंने मेरे शब्दो का मान रखते हुए मेरे शिष्य पर अपनी सारी कृपा उड़ेल दी। इसलिए कहते हैं कि गुरु की बात को गिरधर भी नहीं टाल सकते।

## सटाका




## आज की पाती

### जागो, नहीं तो गर्मी से जल जाएगा संसार

आजकल दुनिया के कुछ देशों में कुदरत का प्रकोप झुलसाने वाली गर्मी के रूप में बरप रहा है। यूरोप में जर्मनी और अन्य देशों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया, शायद यहां जून और जुलाई महीनों में तापमान 30 डिग्री से कम रहता है। ऐसे ही गर्मी और भी कई देशों में अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। अमरीका और अन्य कुछ देशों में तो भयंकर गर्मी कुछ लोगों की जान की दुश्मन भी बन गई। अगर हम अपने देश भारत की बात करें तो यहां भी गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। हमारे देश में आजकल मानसून का समय है, देश के कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हो रही है। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। धरती पर बढ़ता तापमान सारी दुनिया के लिए बड़ी चिंता का विषय है। - *मंजू यादव, हिसार*

## करंट अफेयर

# मेक्सिको के गांव में मादक पदार्थ तस्करों के ड्रोन हमले



मेक्सिको के एक गांव में मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह ने बुधवार सुबह छह बजे ड्रोन से हमले किए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी दी। गुआजेस डी अयाला नामक गांव के ग्रामीणों को कई हफ्तों से 'ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना' नाम के मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से चेतावनी मिल रही थी। हालांकि उनकी मदद की गुहार पर किसी ने ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस समय मेक्सिको सिटी, ग्वाडलहारा और मॉन्टेरी जैसे बड़े शहरों में फुटबॉल विश्वकप आयोजन को लेकर जश्न का माहौल था। मारिलु सोलोरियो नाम की 24 वर्षीय प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मादक पदार्थ गिरोह के तस्करों और समुदाय के सतर्कता विभाग के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद 70 अन्य महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने पास के एक बंद पड़े मेडिकल क्लिनिक में शरण लिया। अपने आश्रय स्थल से सोलोरियो ने फोन पर हुई बातचीत में फुटबॉल टूर्नामेंट का जिक्र करते हुए कहा, 'एक तरफ कुछ लोग फुटबॉल के गोल का जश्न मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ बम ले जा रहे ड्रोन लोगों की जान ले रहे हैं। जिन जगहों पर विश्व कप खेला जा रहा है वहां के लोगों की सुरक्षा करने के बजाए (मेक्सिको की सरकार को) हम जैसे लोगों की सुरक्षा करनी चाहिए जिन्होंने कभी कुछ गलत नहीं किया।'

## ऑफ बीट

# फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान



मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।

## ट्रेंड

### 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल शुरू



दिल्ली सरकार ने पेड़ लगाने के लिए 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल शुरू किया है, जिसके ज़रिए मुफ़्त पौधे मिलेंगे। जहाँ भी ज़मीन उपलब्ध हो, लोगों को पेड़ लगाने चाहिए और 'ग्रीन दिल्ली' के संकल्प को पूरा करना चाहिए।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### युवा नए नजरिए से देखें खेती



युवाओं को खेती को नए नज़रिए से देखने की ज़रूरत है। अपनी इनोवेशन, स्किल्स और एंटरप्रेन्योरशिप के ज़रिए वे एक ऐसी खेती-बाड़ी व्यवस्था बनाने में योगदान दे सकते हैं जो आधुनिक, आत्मनिर्भर, स्मार्ट, प्रकृति-अनुकूल और टिकाऊ हो।

-**राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### ऊर्जा क्षेत्र में सुरक्षा मजबूत



भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के मामले में नए मानक स्थापित कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम की आपूर्ति को लेकर हुआ यह महत्वपूर्ण समझौता देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा।

- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

### विरोध दबाने की कोशिश



सरकार इथेनॉल के मामले में दूसरे देशों के उदाहरण देकर लोगों के विरोध को दबाने की कोशिश कर रही है। सच तो यह है कि जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में ई10 से ज़्यादा ग्रेड वाले ईंधन का इस्तेमाल भी नहीं हो रहा है। जापान में अभी सिर्फ़ ई3 का इस्तेमाल हो रहा हैं।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देखकर महिला ने क्लिक किया तो उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ लिया**

# ऑनलाइन कमीशन पर प्रोडक्ट को खरीदने और बेचने का झांसा देकर जालसाज ने की सवा लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेलीग्राम पर प्रोडक्ट की ऑनलाइन सेल-परचेज पर कमीशन का झांसा देकर साइबर जालसाज ने गृहणी से एक लाख 30 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता ने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्राम होम का एड देखकर क्लिक किया तो उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ लिया। फिर कमीशन पर प्रोडक्ट खरीदने-बेचने का झांसा देकर धोखाधड़ी की गई। कोलार पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार वरुण नगर ललिता नगर कोलार निवासी आरती द्विवेदी पत्नी चन्द्र प्रकाश तिवारी (32) गृहणी हैं। विगत 12 अप्रैल 2026 को उन्होंने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्राम होम का एड देखा। एप्लाई पर क्लिक करने पर उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया। उस पर बिजनेस अकाउंट डेडटेन्क लिखा आ रहा था।

**कोलार पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

## पैसे कमीशन के साथ रिटर्न करने की बात कही

टेलीग्राम पर उन्हें बताया गया कि आपको आपके पैसे कमीशन के साथ रिटर्न किए जाएंगे। भरोसे में आकर आरती सामान खरीदती रहीं और यूपीआई पर अलग-अलग पैमेंट करती रहीं। इसके बाद उन्हें कमीशन का टैक्स 25 फीसदी लगाने के लिए कहा गया। तब उन्होंने 28 हजार 645 रुपए और 23 हजार 871 रुपए का पैमेंट अदा किया। पुलिस ने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को साइबर जालसाज ने फरियादिया को रिस्पांस करना बंद कर दिया और खाते से भी ब्लॉक कर दिया। तब उन्हें खुद के साथ हुए फ्राड का पता चला। फरियादिया का कहना है कि उसके साथ कुल एक लाख 30 हजार रुपए का ऑनलाइन ठगी हुई है।




**कई बार यूपीआई से पेमेंट भी किया था**

जॉब रजिस्ट्रेशन के लिए यूपीआई आईडी निखिल कुमार के नाम से थी, जिसका यूटीआर 13 अप्रैल को करवाया गया था। उसके बाद आरती द्विवेदी को टेलीग्राम का लिंक भेजा और जॉब के लिए टेलीग्राम से कनेक्ट कर लिया। टेलीग्राम लड़की के नाम से था। इसके बाद फरियादिया को प्रोडक्ट ऑनलाइन परचेज-सेल करते रहे। अलग-अलग बार में करीब 12-13 बार फरियादिया के द्वारा यूपीआई की गई।

### पटवारी 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**भोपाल।** गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने विदिशा जिले की नटेरन तहसील में पदस्थ पटवारी संदीप यादव को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी पटवारी पारिवारिक जमीन के बंटवारा, नामांतरण और फौती प्रकरण में कार्रवाई करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, विदिशा के काठी मोहल्ला निवासी प्रमेन्द्र धाकड़ ने 6 जुलाई को लोकायुक्त कार्यालय भोपाल में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि पटवारी संदीप यादव राजस्व संबंधी प्रकरणों में कार्रवाई करने के बदले 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।

छोला मंदिर थाना के सृष्टि मैरिज गार्डन के पास हुआ हादसा

## कार ने बाइक सवार नाबालिग को मारी टक्कर, हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर सृष्टि मैरिज गार्डन के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार नाबालिग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार नाबालिग कार से टकराकर सड़क पर गिरा था। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

■ अश्वीन को हाथ और सिर में आई काफी चोटें

पुलिस कार के नंबर के आधार पर टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार अश्वनी मीणा पिता प्रीतम सिंह मीणा (16) कोलुआ दामखेड़ा, बायपास छोला में रहता था। वह स्कूली छात्र था। मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह भानपुर से मालीखेड़ी की तरफ जा रहा था। तभी कार चालक ने अश्वनी मीणा की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अश्वनी बाइक सहित रोड पर गिर गया, जिससे अश्वनी को हाथ और सिर में काफी चोटें आई थी। राहगीर ने उसे कार में बिठाकर निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान बुधवार शाम अश्वनी मीणा की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### संतनगर में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर शुरू

**संतनगर।** संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) द्वारा आयोजित दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर सिद्ध भाऊ एवं अहमदाबाद से आईं धरती बेन ठक्कर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर के प्रारंभ में मेडीकल डायरेक्टर डा. गुलाब टेवानी ने समस्त साधकों को बताया कि दस दिनों के दौरान जो दिनचर्या में बदलाव किया, घर पर भी समस्त साधकगण इसी प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा स्वयं एवं अपने परिवार को कैसे स्वस्थ कर सकते है, इसके बारे में बताया। गुजरात से आईं धरती बेन ने कहा कि आहार को औषधि की तरह लें तो आपको जीवन प्रयन्त औषधि को आहार की तरह नहीं लेना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ ने कहा कि इस दुर्बल मनुष्य जीवन का लाभ हमें तब मिलेगा जब हम स्वस्थ होगें।

### अर्जुन नगर में खुलेआम बिक रही अवैध कच्ची शराब

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर स्थित वार्ड 10, 11 एवं 12 में अवैध कच्ची शराब का कारोबार खुलेआम किया जा रहा हैं। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि गांधी पार्क के आसपास सहित क्षेत्र के कई स्थानों पर कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है। 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कच्ची शराब 20 से 30 रुपये प्रति गिलास तथा छोटे-छोटे पाउच में भी बेची जा रही है। वहीं सब्जी बाजार के मछली मार्केट में खुलेआम दारू बेची जा रही है। रहवासियों का दावा है कि क्षेत्र में करीब 10 से 12 स्थानों पर अवैध कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है। प्रशासन और आबकारी विभाग को जानकारी होने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

### औबेदुल्लागंज नप में इंजीनियर का पद खाली विकास कार्य प्रभावित

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद औबेदुल्लागंज में पिछले कई दिनों से इंजीनियर का पद रिक्त होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बरसात के मौसम में कई वार्डों की गलियों और मोहल्लों में कीचड़ की समस्या बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड 8 के पार्षद रामेश्वर नागर, वार्ड 2 की पार्षद भारती नरेश सेठी एवं वार्ड 13 की पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने बताया कि नगर परिषद में इंजीनियर नहीं होने से निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्यों की निगरानी और स्वीकृति प्रभावित हो रही है। इसके चलते कई विकास कार्य ठप पड़े हैं। पार्षदों ने शासन एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि नगर परिषद ओबेदुल्लागंज में शीघ्र स्थायी इंजीनियर की नियुक्ति की जाए, ताकि लंबित विकास कार्यों को गति मिल सके।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 579 | 14 | 347 |
| रात: | 178 | 68 | 125 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 157 | 3- | 000 |
| रात: | 370 | 00 | 550 |

आरोपी को गिरफ्तार कर भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट लेकर पहुंची पुलिस

# नहाते समय का वीडियो बनाकर 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म, गर्भपात कराने खिलाई गोली

**1** जिला कोर्ट में प्रेक्टिस करता है आरोपी, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कर रहा था ब्लैकमेल

**2** तबीयत बिगड़ने पर परिजन युवती को अस्पताल लेकर पहुंचे, तब हुआ खुलासा

**3** काउंसलिंग में पीड़िता ने बताया जुलाई 2025 से आरोपी ने 6-7 बार दैहिक शोषण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र में 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म और गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। आरोपी करीब एक साल से किशोरी को ब्लैकमेल कर उससे शारीरिक संबंध बना रहा था। जब वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे गर्भपात कराने गोली खिला दी। गोली खाते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, तब जाकर पता चला कि उसके साथ मोहल्ले में रहने वाला 23 साल का युवक दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जिला कोर्ट में प्रेक्टिस करता है। उसे गुरुवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार 14 साल की किशोरी थाना क्षेत्र में रहती है और नवीं कक्षा में पढ़ती है। इसी इलाके में 23 साल का युवक रहता है और जिला कोर्ट में प्रक्टिस करता है। उसने अभी अभी वकालत की पढ़ाई पूरी की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब एक साल पहले जुलाई 2025 में आरोपी ने नहाते समय उसका वीडियो बना लिया था।

## आरोपी धमकी देकर बुलाता था



उक्त वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह बार-बार उसे बुलाता था और उससे दुष्कर्म कर रहा था। गत दिनों वह गर्भवती हो गई। इस पर वकील ने उसे गर्भपात कराने गोली खिला दी। गोली खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां पता चला कि उसे गर्भपात कराने वाली गोली खिलाई गई है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी की काउंसलिंग कराई। काउंसलिंग में उसने बताया कि जुलाई 2025 से आरोपी उसका 6-7 बार दैहिक शोषण कर चुका है।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, घर बुलाकर छात्रा से की छेड़छाड़

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में चौदह साल की किशोरी से घर में बुलाकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपी उसका इस्टाग्राम फ्रेंड है। उसने छात्रा को मिलने के घर बुलाया था और दरवाजे की कुंदी लगातार उससे छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजन को दी थी। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 14 साल की किशोरी आठवीं कक्षा में पढ़ती है। मोहल्ले में रहने वाला बीस साल का युवक उसका इंस्टाग्राम पर दोस्त है। दोनों चेटिंग और मोबाइल पर बातचीत होती है। बुधवार दोपहर भी चेटिंग हुई। इस दौरान आरोपी युवक ने उसे अपने घर मिलने के लिए बुलाया। वह आरोपी के घर पहुंची तो आरोपी ने दरवाजे की कुंदी बंद कर ली और उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा ने शोर मचाया तो आरोपी ने कुंदी खोल दी। छात्रा घर पहुंची और उसने परिजन को घटना की जानकारी दी। बाद में परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### प्रेम विवाह के बाद जेल गया युवक, युवती के परिजन पर झूठा प्रकरण दर्ज कराने का आरोप

प्रेम विवाह के बाद एक युवक को युवती के परिजन ने प्रकरण दर्ज करा दिया। युवक का कहना है कि उसने युवती के बालिग होने के दस्तावेज देखकर शादी की थी। युवती भी शादी के लिए राजी थी। बावजूद इसके युवती के परिजन ने बेटी को नाबालिग बताकर उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करा दी। लिहाजा पुलिस ने उसे नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक महीने बाद वह जेल से छूटकर आया तो पता चला कि युवती की कहीं और परिजन ने शादी तय करते हुए सगाई कर दी। दुखी युवक ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार अभिषेक मीना औबेदुल्लागंज के एक गांव का रहने वाला है। 24 मार्च को उसने गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग के बाद शादी की। शादी से पहले उसने युवती के दस्तावेज देखे जिसमें बालिग थी। शादी की भनक लगते ही युवती के परिजन ने औबेदुल्लागंज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। परिजन ने बेटी की अंकसूची पुलिस को सौंपी थी। उसमें उम्र कम थी। लिहाजा पुलिस ने परिजन की शिकायत पर अभिषेक मीना पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। अभिषेक का कहना है कि पुलिस ने ठीक से जांच नहीं की थी।



हादसे में 26 भेड़-बकरियों की मौके पर मौत

## तेज रफ्तार एसयूवी ने भेड़ बकरियों के झुंड को कुचला

राष्ट्रीय राजमार्ग-45 बायपास स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गौहरगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार थार कार ने भेड़-बकरियों के झुंड को टक्कर मार दी। हादसे में 26 भेड़-बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग-45 बायपास स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास तेज गति से आ रही एक कार ने सड़क पार कर रहे भेड़-बकरियों के झुंड को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 26 भेड़-बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गौहरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश एवं दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### पुलिसकर्मियों के परिवारों को मिले 1-1 करोड़ रुपए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस की पुलिस सैलरी पैकेज योजना एक बार फिर दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए आर्थिक संबल साबित हुई है। योजना के तहत दमोह जिले में पदस्थ रहे दो दिवंगत पुलिसकर्मियों के आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपए की दुर्घटना बीमा दावा राशि प्रदान की गई। यह राशि भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से संचालित पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दमोह में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने दिवंगत प्रधान आरक्षक शमीम खान और आरक्षक भूपेंद्र ठाकुर के परिजनों को 1-1 करोड़ रुपए के चेक सौंपे।

हम प्रशिक्षुओं की हर संभव मदद करने को तैयार: उपाध्याय

## भेल में 'प्रवीण मैनुअल एएम-4' इंडक्शन मॉड्यूल का उद्घाटन

कार्यपालक निदेशक ने दिया 'जीरो रीवर्क' और समयबद्ध कार्य निष्पादन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवीण मैनुअल के अंतर्गत एएम-4 (सीआईएल–कॉमन इंडक्शन लर्निंग) मॉड्यूल का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक, एचईपी भोपाल प्रदीप कुमार उपाध्याय ने किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक मानव संसाधन टीयू सिंह, एचआरडीसी प्रमुख आरिफ अहमद सिद्दीकी तथा एचआरडीसी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि बीएचईएल की सुदृढ़ ऑर्डर बुक के मद्देनज़र समयबद्ध कार्य निष्पादन, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण कार्य तथा 'जीरो रीवर्क' के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को आश्वस्त किया कि विभिन्न स्थानों से आने के कारण यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़े, तो संगठन उनकी हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा।



एएम-4 मॉड्यूल का उद्घाटन करते भेल ईडी प्रवीण कुमार उपाध्याय।

### राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी

कार्यक्रम के दौरान उपाध्याय ने एचआरडीसी द्वारा विकसित आउटबाउंड प्रशिक्षण गतिविधि क्षेत्र का अवलोकन किया तथा इस अभिनव पहल के लिए एचआरडीसी टीम की सराहना की। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टीयू सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में बीएचईएल की महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी प्रशिक्षु इस राष्ट्रीय दायित्व के सहभागी हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कार्यपालक निदेशक द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपने कार्य, व्यवहार एवं आचरण में आत्मसात करने का आह्वान किया।

दिल्ली पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल कॉर्पोरेट प्रबंधन से मिला, सौंपा मांगपत्र

## बीएचईएल कर्मचारियों के इंसेंटिव के लिए ऐबू का संघर्ष तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन (ऐबू)-निफ्टू ने कर्मचारियों के इंसेंटिव (रिवार्ड) से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज कर दिया है। बीएचईएल कॉर्पोरेट, नई दिल्ली में वरिष्ठ प्रबंधन के समक्ष रिवार्ड स्कीम-2024 के व्यापक पुनरीक्षण की मांग पुरजोर तरीके से उठाई। 13 जुलाई 2026 को प्रस्तावित रिवार्ड स्कीम समीक्षा उप-समिति की बैठक से पूर्व यूनियन का प्रतिनिधिमंडल महासचिव रामनारायण गिरी के नेतृत्व में बीएचईएल के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एम. श्रीधर से मिला। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अगस्टीन खाखा एवं अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रवीण चौधरी भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने रिवार्ड योजना-2024 के पुनरीक्षण के संबंध में विस्तृत मांगपत्र सौंपकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी, कोषाध्यक्ष विशाल वाणी तथा सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भी शामिल रहे।



भेल के कॉर्पोरेट प्रबंधन को मांगपत्र सौंपता ऐबू का प्रतिनिधिमंडल।

### एरियर का शीघ्र भुगतान की मांग

बैठक में यूनियन ने सबसे पहले रिवार्ड योजना-2024 के भाग-2 की राशि की गणना में हुई त्रुटि के कारण वर्ष 2024 से सहायक कर्मचारियों को हुए आर्थिक नुकसान का मुद्दा उठाते हुए एरियर का शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग रखी। इस विषय पर कॉर्पोरेट प्रबंधन के साथ विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर प्रबंधन ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए मामले पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### रिवार्ड योजना के भाग-2 की राशि का समान वितरण हो

यूनियन ने यह भी मांग की कि रिवार्ड योजना के भाग-2 की राशि का समान वितरण किया जाए तथा जिन विभागों का पीपी इंडेक्स 105 प्रतिशत से अधिक हो, उन्हें उसी अनुपात में अतिरिक्त इंसेंटिव दिया जाए। साथ ही मशीन ब्रेकडाउन की स्थिति में कर्मचारियों को पिछले तीन माह की औसत प्रोत्साहन राशि, ड्यूटी के दौरान अथवा ड्यूटी पर आते-जाते समय दुर्घटनाग्रस्त कर्मचारियों को कार्य पर लौटने तक औसत इंसेंटिव का भुगतान करने की मांग की।

सड़क किनारे स्थित दुकानदारों का कारोबार हो रहा प्रभावित

# संतनगर में तीन सड़कों के निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार से बढ़ा जनाक्रोश, आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर बैरागढ़ के वार्ड क्रमांक 4 में तीन सड़कों के सीमेंट कंक्रीटीकरण का निर्माण कार्य दो माह बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। बारिश के मौसम होने के बावजूद निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है, जिससे आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, सड़क किनारे के दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। निर्माण कार्य के चलते दो प्रमुख सड़कें बंद होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना जाम, कीचड़ और धूल के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। गौरतलब है कि इन तीन सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन 13 मई को किया गया था। इसके बावजूद पंजाब नेशनल बैंक रोड का निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका है, जबकि डॉ. बलानी रोड और निरंकारी भवन रोड पर निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है।



सड़क के निर्माण कार्य के लिए खोदी गई रोड, अब तक नहीं बन सकी।

कार्य अधूरा रहने से क्षेत्र में जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर तीनों सड़कों का काम शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और व्यापारियों को हो रहे नुकसान से भी निजात मिल सके।

### बारिश के कारण काम में आ रही रुकावट

उक्त सड़कों के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने प्रयास किया जा रहा है। बारिश के कारण काम में कुछ रुकावट आ रही है, लेकिन जल्द ही काम को पूरा किया जाएगा, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

राजेश हिंगोरानी, एमआईसी मेंबर व क्षेत्रीय पार्षद

कोरोना काल से बंद है कई ट्रेनों का स्टॉपेज

## औबेदुल्लागंज में नर्मदा एक्सप्रेस का स्टॉपेज बहाल करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज




कोरोना काल से बंद पड़े नर्मदा एक्सप्रेस के ओबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव को पुनः शुरू कराने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। नागरिकों एवं व्यापारियों का कहना है कि नर्मदा एक्सप्रेस वर्षों तक औबेदुल्लागंज स्टेशन पर रुकती रही, लेकिन कोरोना काल में इसका स्टॉपेज बंद कर दिया गया था, जिसे आज तक बहाल नहीं किया गया है।

नागरिकों का कहना है कि उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए नर्मदा एक्सप्रेस सबसे सुविधाजनक ट्रेन थी। स्टॉपेज बंद होने के कारण क्षेत्र के यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से शीघ्र ही इस ट्रेन का ठहराव पुनः शुरू करने की मांग की है। लोगों ने मेमू ट्रेन का संचालन भी जल्द शुरू करने की मांग उठाई है। नगरवासियों ने यह भी मांग की है कि ओबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर जबलपुर–राजकोट एक्सप्रेस, जबलपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस तथा झेलम एक्सप्रेस का भी ठहराव किया जाए।

# थिएटर के माध्यम से संवाद, सहयोग और रचनात्मकता की सशक्त शुरुआत

## एनआईडी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विहान ग्रुप की विशेष थिएटर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) मप्र में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के नवप्रवेशित फाउंडेशन स्टडीज विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा एक दिवसीय विशेष थिएटर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस विशेष कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल एक-दूसरे से परिचित कराना नहीं था, बल्कि उनके बीच विश्वास, सहयोग, संवाद, संवेदनशीलता और रचनात्मक सहभागिता की नींव रखना था।


चित्र बनाकर दिखाते विद्यार्थी।


कल्पनाओं को दिया रूप।


चित्र दिखाती छात्रा।

### अभिव्यक्ति आधारित गतिविधियों से सजी कार्यशाला

इस अनुभवात्मक सत्र में थिएटर गेम्स, इम्प्रोवाइजेशन, मूवमेंट, समूह अभ्यास और अभिव्यक्ति-आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी झिझक को पीछे छोड़ते हुए स्वयं को खुलकर अभिव्यक्त किया, साथियों को समझा, उनकी भावनाओं को महसूस किया और एक मजबूत समूह के रूप में जुड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए।

### रचनात्मक अभिव्यक्ति का जीवंत वातावरण रहा

डिजाइन शिक्षा में किसी भी नए बैच का प्रारंभ केवल अकादमिक परिचय भर नहीं होता, बल्कि सहयोग, विश्वास, संवाद और सामूहिक रचनात्मकता की संस्कृति विकसित करने की प्रक्रिया भी होता है। कार्यशाला के संचालन में विहान ड्रामा वर्क्स के हेमंत देवलेकर, श्वेता केतकर, अंकित पारोचे, ईशा गोस्वामी और रुद्राक्ष भायरे ने अपनी विशेषज्ञता के साथ विभिन्न सत्रों का संचालन किया। पूरे दिन परिसर में ऊर्जा, उत्साह, संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति का जीवंत वातावरण बना रहा। इस आयोजन के संबंध में श्रुति निगम ने कहा कि नए विद्यार्थियों के लिए ऐसी अनुभवात्मक कार्यशालाएं उन्हें संस्थान के वातावरण से सहज रूप से जोड़ने, आत्मविश्वास विकसित करने और एक सहयोगी सीखने वाले समुदाय का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।


कार्यशाला में अभ्यास करते हुए प्रतिभागी।

## बिट्टन मार्केट में उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट एक्सपो शुरू, 20 तक चलेगा



**भोपाल।** राजधानी के बिट्टन मार्केट स्थित दशहरा मैदान में शादी-ब्याह और विंटर सीजन की विशेष खरीदारी के लिए उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क एक्सपो का भव्य शुभारंभ हो गया है। यह एक्सपो 20 जुलाई तक चलेगा। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ मंत्री कृष्णा गौर ने किया। मंत्री गौर ने देशभर से आए शिल्पकारों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हमारी लुप्त होती, पारंपरिक कलाओं को पुनर्जीवित करने वाले ये कलाकार देश की असली धरोहर हैं और हमे ऐसे हुनरबाजों को मंच प्रदान कर उन्हें दोबारा स्थापित करना चाहिए। एक्सपो में आए बुनकरों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कर्नाटक से आए बुनकर विजय चौधरी बताते हैं कि लहरिया अब अपनी छाप पैठनी पर भी छोड़ चुका है। पारंपरिक डिजाइन वाली पैठनी पर अलग-अलग रंग से लहरिया उतारा जा रहा है। कर्नाटक में बनने वाली मूंगा सिल्क साड़ी पर पिछवई को भी संजोया जी रहा है। यह साड़ियां 15 हजार रुपए तक की होती हैं। गुजरात से आए बुनकर टंपी बताते हैं कि पाटन के लगभग हर पुश्तैनी घर में पटोला बनाई जाती है। जोधपुर से आए बनकर मुजफ्फर हुसैन ने बताया कि बदलते दौर में पारंपरिक बुनकारी और नवाचार दोनों को पसंद किया जा रहा है।

## रवींद्र भवन में आरएनटीयू और विश्वरंग की अनूठी सांस्कृतिक सौगात, 'स्वाधीनता के गान' की मनमोहक प्रस्तुति

# वंदेमातरम के सामूहिक जयकारों और तिरंगे के साथ देशभक्ति का रोमांच

**प्रस्तुति के दौरान दर्शकों ने भी तिरंगा लहराया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बादल, बयार और बौछारों से गमकती गुरुवार की शाम राजधानी के आसमान पर देशभक्ति का सतरंगी इन्द्रधनुष खिला। शब्द, स्वर, लय-गतियों और देह-मुद्राओं का जादुई सम्मोहन जगाते नौनिहाल तथा युवा कलाकारों ने रंगमंच पर आजादी के महासमर की गाथा रच दी। ये 'स्वाधीनता के गान' की रंगोमहक से भरी एक सुंदर सौगात थी। रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि और विश्वरंग फाउण्डेशन के संयोजन में तैयार हुई अनूठी इस प्रस्तुति को देखने शहर के कलाप्रेमियों का हुजूम रवींद्र भवन में उमड़ आया। हर गीत पर तालियां बजी, नृत्य की थिरकन जागी और भारत माता के जयकारों की गुंजार सभागार में फैल गई। समापन पर जैसे 'वंदेमातरम' की प्रस्तुति शुरू हुई दर्शकों के हाथों में भारत का तिरंगा लहरा उठा।

### 'स्वाधीनता के गान' का हुआ लोकार्पण

इस अवसर पर आईसेक्ट पब्लिकेशन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रकाशित पुस्तक 'स्वाधीनता के गान' का लोकार्पण भी हुआ। हिंदी के 34 कवियों की पचास से भी अधिक देशभक्ति की कविताओं का यह संग्रह साहित्यकार श्रीराम परिहार तथा रामवल्लभ आचार्य ने तैयार किया है।


रवींद्र भवन में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

### ये रहे स्वाधीनता के गान...

- भारत दुर्दशा- भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
- उरूजे कामयाबी पर- जगदम्बा प्रसाद मिश्र
- मस्तक ऊंचा रहे मही का- मैथिलीशरण गुप्त
- हिमाद्रि तुंग श्रृंग- जयशंकर प्रसाद
- ज्योति भूमि जय भारत- सुमित्रानंदन पंत
- जागो फिर एक बार- सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
- वीरों का कैसा हो वसंत- सुभद्राकुमारी चौहान
- बढ़े चलो, बढ़े चलो- सोहनलाल द्विवेदी
- जाग तुझको दूर जाना है- महादेवी वर्मा
- मेरे नगपति, मेरे विशाल- रामधारी सिंह दिनकर
- चाह नहीं मैं सुरबाला- माखनलाल चतुर्वेदी
- वंदेमातरम- बंकिमचन्द्र चटर्जी

### जब कविता आंदोलन बन जाए और नृत्य बलिदान की गाथा कहे

जब शब्द देशभक्ति बन जाएं, जब कविता आंदोलन बन जाए और जब नृत्य बलिदान की गाथा कहे- तब इतिहास सिर्फ पढ़ा नहीं जाता, जिया जाता है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि ने ऐसा ही दृश्य रच दिया। भारतेन्दु से लेकर निराला और माखनलाल चतुर्वेदी से लेकर सुभद्रा कुमारी चौहान तक 12 कवियों की पंक्तियां यहां केवल पढ़ी और गाई नहीं गई नृत्य और संगीत की भाषा में भी उनके गहरे आशय उभरकर सामने आए।





### 75 से अधिक नृत्यांगनाओं ने प्रस्तुत की मनोहारी भाव-मुद्राएं

वरिष्ठ कवि-कथाकार संतोष चौबे की मुख्य परिकल्पना, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना क्षमा मालवीय का नृत्य संयोजन, संतोष कौशिक और राजू राव का संगीत तथा जाने-माने कला समीक्षक विनय उपाध्याय की धीर-गंभीर आवाज में बढ़त लेती वतन परस्ती की कहानी रोमांचक अहसास में बदल गई। पूरू कथक नृत्य अकादमी की 75 से अधिक नृत्यांगनाओं ने अपनी मनोहारी भाव-मुद्राओं से दर्शकों का मन जीत लिया। रंगकर्मी अनूप जोशी का प्रकाशन आकल्पन, उमेश तरकसवार के संगीत संयोजन तथा आईसेक्ट स्टुडियो के तकनीकी समन्वयक ने पूरी प्रस्तुति को बेहतर प्रदर्शन में ढाला।




## लेखक स्वानंद किरकिरे ने किया जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक्टर, गीतकार, लेखक स्वानंद किरकिरे एवं उनकी टीम ने गुरुवार को मप्र जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं, चित्र प्रदर्शनी, चिन्हारी सोविनियर शॉप और पुस्तकालय लिखन्दरा का अवलोकन किया। संग्रहालय की दीर्घाओं एवं उनमें जनजातीय समुदाय के दैनंदिनी जीवन और कला परम्परा के बेहतर प्रदर्शन तथा कलात्मक संयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संग्रहालय ज्ञानवर्द्धक एवं विचार प्रेरक है। कलाकारों एवं संग्रहालय निर्माण में योगदान करने वाले व्यक्तियों को बधाई, जिन्होंने संग्रहालय निर्माण का कार्य किया।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर '8 बिलियन एंजेल्स' का विचारोत्तेजक प्रदर्शन

## आठ अरब लोगों की दुनिया, एक पृथ्वी और अनेक चुनौतियां...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (एनसीएचएसई) और सिने क्लासिक द्वारा गुरुवार को चर्चित डॉक्यूमेंट्री फिल्म '8 बिलियन एंजेल्स' का प्रदर्शन किया गया। यह विचारोत्तेजक डॉक्यूमेंट्री विश्व की बढ़ती जनसंख्या और उसके पर्यावरण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा तथा प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले प्रभावों की पड़ताल करती है।

**लोकतांत्रिक समाधानों की भी चर्चा करती डॉक्यूमेंट्री**




### जनसंख्या, उपभोग और पर्यावरणीय संकट आपस में ज़ुड़े हैं गहराई से

फिल्म विभिन्न वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों के विचारों के माध्यम से यह प्रश्न उठाती है कि सीमित संसाधनों वाली पृथ्वी पर मानवता का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह डॉक्यूमेंट्री केवल समस्या की ओर संकेत नहीं करती, बल्कि महिलाओं की शिक्षा, लैंगिक समानता, जागरूक नागरिकता और स्वैच्छिक परिवार नियोजन जैसे मानवीय और लोकतांत्रिक समाधानों की भी चर्चा करती है।




## बैंकर्स साहित्य एवं कला परिषद की द्वितीय पावस गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ सागर सिल्वर स्प्रिंग क्लब हाउस में हुआ आयोजन

बैंक कर्मियों की संस्था बैंकर्स साहित्य एवं कला परिषद तथा सागर सिल्वर स्प्रिंग्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सागर सिल्वर स्प्रिंग क्लब हाउस में पावस गोष्ठी का आयोजन, चर्चित व्यंग्यकार शारदा दयाल श्रीवास्तव के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी ने की। मुख्य अतिथि पूर्व वाइस चांसलर, जीवाजी राव विवि डॉ. विनोद सक्सेना, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र गुप्ता, सारस्वत अतिथि चर्चित साहित्यकार सुरेश पटवा भी मंचासीन रहे। सरस और सफल संचालन संस्था सचिव जयंत भारद्वाज ने किया।

**बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन की पहल: वर्क-लाइफ बैलेंस का मंत्र**

## हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय में तनाव मुक्ति के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' का सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय पर्यावास भवन में गुरुवार सुबह 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' द्वारा प्राणायाम, ध्यान और योग पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कर्मचारियों को वर्क-लाइफ बैलेंस का मंत्र दिया।

'आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलुरु से आए शास्त्री विनोद सोनी ने कार्यस्थल के तनाव से मुक्त रहने और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, कमिश्नर आईएएस गौतम सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुनीता लाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी आर.एस.शर्मा सहित मण्डल मुख्यालय के अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित हुए।



**कर्मचारियों ने सीखे तनाव मुक्ति और ध्यान के गुर**

### सरल और प्रभावी श्वांस अभ्यास कराए

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की ओर से 15 से ज्यादा राज्यों में ट्रेनिंग दे चुके मुख्य वक्ता शास्त्री विनोद ने समूह को संबोधित करते हुए साथ ही प्राणायाम के माध्यम से मन को शांत करने और शरीर को ऊर्जावान बनाने के लिए सरल और प्रभावी श्वांस अभ्यास कराए गए।



### एमसीयू में हुआ आयोजन

## सुपर मास्टर क्लास में प्रोफेसर बने स्टूडेंट, वीसी बैक बैंचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि में नए सत्र की तैयारी है। पहले चरण की काउंसलिंग पूरी हो चुकी है। क्लासरूम खुल रहे हैं। पहली क्लास विद्यार्थियों की नहीं है। यहां सारे प्रोफेसर और एचओडी स्वयं दस दिन के लिए विद्यार्थी की भूमिका में विद्यार्थियों की ही जगह पर बैठे एक नए विषय में बाहर से आए विशेषज्ञों को सुन रहे हैं। प्रेक्टिकल कर रहे हैं। प्रश्न पूछ रहे हैं। रोचक यह है कि विवि के कुलगुरु स्वयं बैक बेंचर हैं। वे विद्वान आचार्यों के सबसे पीछे बैठे अपनी डायरी में नोट्स ले रहे हैं। यह एक ऐसी सुपर मास्टर क्लास है, जिसकी तैयारी पिछले आठ महीने से चलती रही है। यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर दस दिन के फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हिस्सा है।



कई शहरों में बारिश बनी आफत जनजीवन को किया अस्त व्यस्त

# गाजियाबाद में 32 मंजिला बिल्डिंग के पास अचानक फटी जमीन, गड्ढे में समा गई कार व स्कूटी, बिजली का पोल भी गिरा, 5 लोगों की जान गई

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

यहां के वसुंधरा सेक्टर-13 में लगातार बारिश के बीच गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। एक निर्माणाधीन 32 मंजिला बहुमंजिला इमारत के पास की मुख्य सड़क ताश के पत्तों की तरह धंस गई। एक कार और स्कूटी देखते ही देखते करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में समा गईं। बिजली का पोल भी 10 फीट तक जमीन के अंदर धंस गया। गाजियाबाद में 3 लोगों की मौत हो गई। इंदिरापुरम के ज्ञानखंड में ट्रांसफार्मर में करंट उतरने से एक युवक की मौत हो गई। लोनी के अंकुर विहार में नाले के तेज बहाव से एक अज्ञात शख्स की लाश सड़क पर तैरती पाई गई। वहीं सर्वोदय नगर में घर में पानी भर जाने से 3 साल की एक बच्ची की डूबकर मौत हो गई।

## 2 घंटे की मशक्कत के बाद निकाले गए वाहन



हादसे के बाद निर्माण स्थल पर हड़कंप मच गया। बिल्डर के मौजूद न होने पर वहां काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों ने क्रेन बुलाई। करीब दो घंटे की भारी मशक्कत के बाद कार, स्कूटी और बिजली के खंभे को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रखी गई।

## दीवार गिरी, कॉलोनियां जलमग्न

क्रॉसिंग में पंचशील वेलिंगटन की बाहरी दीवार गिर गई है। शालीमार गार्डन में एक जिम के ऊपर छज्जे का प्लास्टर भरभराकर गिर गया, इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। करण गेट चौकी के पास एक सड़क धंस गई है। लोनी क्षेत्र के इंद्रापुरी स्थित अंकुर विहार एसीपी कार्यालय के बाहर सड़क पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता मिला। राजेंद्र नगर क्षेत्र में घरों में जलभराव होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत आपूर्ति बाधित है। नंदग्राम स्थित राजकीय पुस्तकालय में भी पानी भर गया है। लाल कुआं पर भी जलभराव है। मसूरी एमजी रोड पर कॉलोनियों में जलभराव हो गया है।

## मिलेनियम सिटी गुरुग्राम का बेड़ा गर्क



दिल्ली से सटी मिलेनियम सिटी गुरुग्राम का भी बरसात में हाल बेहाल है। गुरुग्राम के सेक्टर-70 की सड़क तालाब बन चुकी है, गाड़ियां आधी डूब कर सड़क से निकल रही हैं। 2 फीट से ज्यादा पानी सड़क पर जमा हुआ है। बेसमेंट में भी लबालब पानी है।

## महाराष्ट्र बाढ़ में अब तक 63 की मौत

महाराष्ट्र के वसई विरार और नालासोपारा में पिछले 5 दिनों से बारिश के चलते सोसायटी और रास्तों पर जलभराव हो गया है। महाराष्ट्र में 1 जून से अब तक बारिश से हुई दुर्घटनाओं में 63 लोगों की मौत हो चुकी है। दीवार गिरने से 25 लोगों की, आकाशीय बिजली गिरने से 23 लोगों की और पेड़ गिरने से 6 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ के पानी में बहने से 3 लोगों की जान गई। हादसों में अब तक 78 लोग घायल हुए हैं।

## उत्तराखंड में भी बाढ़ का दिखा असर

उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश का असर पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक देखने को मिल रहा है। कई राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण बंद हैं। हरिद्वार और रुड़की में जलभराव से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चमोली में फरासू स्लाइड जोन में रॉक फॉल के कारण बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नालूपानी, धरासू घाट और नगुण के पास भूस्खलन से कई जगह बाधित है।

## खबर संक्षेप

### नमाज के बाद गिरा जामा मस्जिद का गुंबद

**मथुरा।** यहांबुधवार की शाम चौक बाजार स्थित जामा मस्जिद की मुख्य गुम्बद का एक हिस्सा भरभरा



कर गिर गया। तेज धमाके के साथ गुंबद का हिस्सा गिरने से सब्जी मंडी व सर्राफा बाजार में खलबली मच गई। धमाका इतनी तेज हुआ कि आसपास गुजर रहे वाहन तक थम गए। मंगलवार की रात से ही कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हो रही थी। नमाज हो चुकी थी।

### दीपक नांदल गैंग के 4 बदमाश ढेर

**गुरुग्राम।** क्राइम ब्रांच और कुख्यात गैंगस्टर दीपक नांदल गैंग के शूटरों के बीच एक भीषण मुठभेड़ हो गई



है। इस एनकाउंटर में गैंग के चार शूटरों के मारे जाने की प्रारंभिक सूचना है, जबकि पांचवें शूटर को गोली लगने के कारण पुलिस टीम गंभीर हालत में अस्पताल ले जा रही है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से की गई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

### टीएमसी को बड़ा झटका 3 पूर्व सांसद भाजपा में

**नई दिल्ली।** टीएमसी को गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। टीएमसी के 3 पूर्व राज्यसभा सांसदों ने



भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा में शामिल होने वालों में सुष्मिता देव, प्रकाश चिक बराइक और सुखेंदु शेखर रॉय शामिल हैं। तीनों नेताओं ने कोलकाता में बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।

### एक परिवार के 2 की मौत और 2 गंभीर

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में वित्तीय विवाद में जहर खाने से एक परिवार के दो सदस्यों की मौत हो



गई, जबकि दो अन्य लोग अस्पताल में जिंदगी के लिए जूझ रहे हैं। मृतकों की पहचान निजी बैंक के कर्मचारी विकास बटिश और उनकी बेटी खुशी बटिश के रूप में हुई है। विकास की पत्नी तमन्ना व बेटे कनव बटिश का इलाज किया जा रहा है।

### रॉड से पीटा, गर्दन मरोड़कर बच्चे की हत्या

**बेंगलुरु।** यहां येलाहंका के पास एक रेजिडेंशियल स्कूल के फिजिकल एजुकेशन टीचर पर



आरोप है कि उसने 12 साल के बच्चे की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना बागलूर के कदयारप्पनाहल्ली गांव में स्टर्लिंग इंग्लिश रेजिडेंशियल स्कूल में हुई। पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा में टीचर पर केस दर्ज किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती, उठाए सवाल और चेतावनी दी

अधिकारियों की मिलीभगत पर जताई नाराजगी

# नगर निकायों को लगाई कड़ी फटकार अवैध कब्जों पर बताएं क्या कार्रवाई की

अदालत ने नगर निकायों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जमीन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट अवमानना की कार्रवाई करेगा। कोर्ट ने अवैध कब्जों के मामलों में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर भी कड़ी नाराजगी जताई। इसके साथ ही अदालत ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी भी दी है और कार्रवाई करने को कहा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली- लखनऊ में हुए हालिया अग्निकांड की घटनाओं को लेकर कड़ा रख अपनाते हुए नगर निकायों को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में अवैध कब्जों को लेकर भी नाराजगी जताई और पूछा कि अवैध कब्जों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है? अदालत ने नगर निकायों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जमीन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट अवमानना की कार्रवाई करेगा। कोर्ट ने अवैध कब्जों के मामलों में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर भी कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने घटना के बाद अधिकारियों द्वारा इज्जत बचाने के लिए की जाने वाली कार्रवाइयों की भी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि घटनाओं के बाद सिर्फ बिल्डरों को ही गिरफ्तार किया जा रहा है, जबकि घटना वाले क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को छोड़ दिया जा रहा है। कोर्ट ने रिपोर्ट तलब करते हुए मामले की सुनवाई अगली तारीख तक स्थगित कर दी।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस काम में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और कमेटी को एक सच्ची रिपोर्ट सौंपनी चाहिए। बेंच ने कहा कि हम यह साफ करते हैं कि कमेटी की ओर से सच्ची रिपोर्ट देने में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अगर हमें इस पर शक हुआ तो रिपोर्ट की सच्चाई जानने के लिए इस कोर्ट से एक स्पेशल टीम भेजी जा सकती है।

जमीन पर नहीं दिखी कार्रवाई तो दर्ज होगा अवमानना मामला



सुप्रीम कोर्ट

### नगर निकायों को दिया अल्टीमेटम

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागू की पीठ ने अवैध कब्जों से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान मालवीय नगर की घटना, लखनऊ में लगी आग और साकेत में इमारत गिरने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमें उम्मीद थी कि अधिकारी कुछ कार्रवाई करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अदालत ने ये भी पूछा कि मालवीय नगर की घटना के बाद दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई?

### मालवीय नगर में लगी थी आग

दिल्ली के मालवीय नगर में बीती 3 जून को एक होटल में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं लखनऊ में बीती 22 जून को एक व्यवसायिक परिसर में लगी आग में झुलसकर 15 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने दिल्ली नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे नगर निकाय के आचरण से चिंतित हैं।

### विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने लाजपत नगर, साकेत और सरोजनी नगर जैसे इलाकों का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया है और एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश दिया है। इस विशेषज्ञ समिति में आईआईटी दिल्ली के सिविल विभाग के दो वरिष्ठ प्रोफेसर, आईआईटी के दो ड्राफ्ट्समैन और अधिकारी कोर्ट द्वारा नियुक्त अधिकारी शामिल रहेंगे।

### 20 मई के आदेश के बाद क्या कार्रवाई की?

अदालत ने बीती 20 मई को सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षा मानदंड पर निर्देश जारी करने का आदेश दिया था। साथ ही अदालत ने उन मीडिया रिपोर्ट्स पर भी संज्ञान लिया, जिनमें बताया गया कि गुरुग्राम की 93 प्रतिशत इमारतें अग्नि सुरक्षा ऑडिट में फेल रही हैं। अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अधिकारियों को 20 मई को निर्देश दिए गए थे कि क्या करना है?

### 4 तक कार्रवाई नहीं तो अफसर नपेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में गैर-कानूनी और असुरक्षित इमारतों और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, पटना और तमिलनाडु के नगर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने उन जर्जर इमारतों को गिराने या खाली कराने के लिए की गई कार्रवाई की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है, जिनसे आपदा का खतरा हो सकता है। साकेत और मालवीय नगर में इमारत गिरने की घटना व अलीगंज में आग की घटनाओं का संज्ञान लिया।

### जिम्मेदारों पर होगा एक्शन

कोर्ट ने यह चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नगर निगम और विकास प्राधिकरण के कमिश्नर, सीईओ और दूसरे जिम्मेदार अधिकारी अगली तारीख तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट रिकार्ड पर नहीं रखते या कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं करते तो, उनके खिलाफ संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

## महाराष्ट्र की राजनीति में मचा बवाल

# शिंदे-शरद पवार की मुलाकात राउत बोले-भरोसा कम हो रहा



एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार के विधान भवन परिसर में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात पर बवाल मच गया है। शिवसेना यूबीटी के



सांसद संजय राउत ने इस पर शरद पर सवाल खड़े किए हैं। राउत ने कहा कि उनकी पार्टी शिंदे के ऑफिस में पवार की मीटिंग से परेशान और दुखी है और ऐसी हरकतों से उनके जैसे सीनियर लीडर पर भरोसा कम होता है। उन्होंने कहा कि यह मीटिंग गद्दारों की बड़ाई करने जैसा था। शरद की पार्टी ने राउत पर कड़े शब्दों में पलटवार करते हुए उन पर डबल स्टैंडर्ड अपनाने का आरोप लगाया और उन्हें याद दिलाया कि पवार की उनसे और शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे से हुई मीटिंग्स को पहले पॉलिटिकल स्टेट्समैनशिप कहा गया था। एक मीटिंग से क्यों घबरा रहे हैं?

### पवार ने शिंदे से सौजन्य भेंट की

शरद ने बुधवार को मुंबई में विधान भवन कॉम्प्लेक्स में शिंदे के ऑफिस में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। पवार लंबे समय से पेंडिंग महाराष्ट्र-कर्नाटक बॉर्डर विवाद पर राज्य सरकार द्वारा बनाई गई हाई-पावर्ड कमेटी के मेंबर के तौर पर एक मीटिंग में शामिल होने के लिए विधानसभा परिसर में थे। पवार ने शिंदे से उनके चैंबर में कर्टजी विजिट की। राउत ने कहा कि शरद पवार एक सीनियर और इज्जतदार नेता हैं। एक सीनियर लीडर की क्रेडिबिलिटी तब कम होती है जब वह एक ऐसे गद्दार की छत के नीचे जाकर ऐसी मीटिंग्स करता है, जिसने हमारी सरकार गिरा दी।पवार का शिंदे के ऑफिस जाना देशद्रोहियों की बड़ाई करने जैसा है।

### भ्रष्टाचार फैलाने के पीछे शिंदे

उन्होंने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार की दीमकों के फैलने के पीछे शिंदे का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्या पूरी विधानसभा मौजूद नहीं थी (कि पवार को शिंदे के केबिन में मीटिंग करनी पड़ी)? वाईबी चव्हाण प्रतिष्ठान राष्ट्रवादी भवन भी पास में ही था। राउत ने कहा कि यह एक वफादार पार्टी वर्कर की राय है। हम इतने टॉलरेंट नहीं हैं कि गद्दारों के ऑफिस में मीटिंग करने दें। हमारा दिल इतना बड़ा नहीं है और हम ऐसा भी नहीं करेंगे।

## ममता को कोर्ट से राहत

# पार्टी के तीनों खातों से पैसा निकाल सकेगी 'टीएमसी'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में 2बड़े घटनाक्रम सामने आए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम ममता बेनर्जी



की गुट वाली टीएणसी को पार्टी के फ्रीज किए गए 3बैंक खातों के संचालन के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त कर दिया, वहीं पूर्व मंत्री अरूप विश्वास पर कथित अंडे फेंकने की घटना पर कहा,आरोपियों की सार्वजनिक बेइज्जती है।

### खातों का सीमित इस्तेमाल हो सकेगा

जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने रिटायर्ड जज जस्टिस सुब्रत तालुकदार को 30 सितंबर तक विशेष अधिकारी नियुक्त किया। उनकी निगरानी में ही बैंक खातों का सीमित इस्तेमाल कर सकेगी। कोर्ट ने साफ कर दिया कि खातों से सिर्फ पार्टी के रोजमर्रा के संचालन और कानूनी मामलों से जुड़े खर्च ही किए जा सकेंगे। स्पेशल ऑफिसर किसी भी अन्य बड़े या छोटे खर्च की अनुमति नहीं देंगे।

## झांसा देकर 16 करोड़ की ठगी

# पुलिस ने फर्जी कंपनी के तीन निदेशक समेत 6 को दबोचा



एजेंसी ▶▶ हावड़ा

महज 25 महीने में निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने के आरोप में हावड़ा सिटी पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) की टीम ने एक फर्जी निवेश कंपनी के3 निदेशकों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### '51 कदम पीछे मत देखना'... बुजुर्ग महिला से 3.05 लाख के जेवर पार

**नागपुर।** धार्मिक आस्था का फायदा उठाकर ठगी करने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय हैं। इमामवाड़ा थाना क्षेत्र में 2अज्ञात युवकों ने 81 वर्षीय बुजुर्ग महिला मेडिकल रोड निवासी सुजाता भगवानलाल अग्रवाल को धार्मिक बातों में उलझाकर करीब 3.05 लाख के सोने के जेवरात और मोबाइल ठग लिए। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए।

महाराष्ट्र में भी लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

# फडणवीस ने रिटायर्ड जज देसाई के नेतृत्व में बनाई 7 सदस्यीय कमेटी

## 6 महीने में रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में भी अब यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू करने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। राज्य की फड़नवीस



सरकार ने इसको लेकर गुरुवार को 7 सदस्यों वाली एक कमेटी के गठन करने ऐलान किया है। कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जज रंजना देसाई करेंगी।विधानसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि कमेटी के अन्य सदस्यों में हाई कोर्ट के पूर्व जज आरसी चव्हाण और एसजी मेहरे, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव डीके जैन, पूर्व एडवोकेट जनरल वीरेंद्र सराफ, संवैधानिक मामलों के जानकार रमेश पतंगे और शिक्षाविद सुवर्णा रावल शामिल हैं।

### शीतकालीन सत्र में करेंगे पेश

फडणवीस कहा कि समिति से छह महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम नागपुर में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश करने का प्रयास करेंगे। संविधान में निहित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों का हवाला देते हुए फडण वीस ने कहा कि तदनुसार एक समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए एक ढांचा तैयार करने हेतु न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।महाराष्ट्र से पहले, असम और गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता के लिए कानून का मसौदा तैयार करना शुरू कर दिया था।

## पंजाब कांग्रेस में बगावत खत्म होने के संकेत

# बैकफुट पर चन्नी, नेतृत्व के आदेश पर काम करेंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस में बगावत पर हाईकमान के कड़े रुख के बाद अब नाराज नेताओं का गुट बैकफुट पर आ गया है। पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी ने कहा कि कांग्रेस को एकजुट करके चलना हमारा मकसद है। पार्टी हाईकमान जो रणनीति बनाएगा हम मिलकर साथ चलेंगे। चन्नी ने चंडीगढ़ में अपने समर्थकों के साथ बैठक की। इससे पहले प्रियंका गांधी ने चन्नी से फोन पर बात की थी। भूपेश बघेल पूर्व मंत्री ब्रह्म महेंद्र को मनाने पहुंचे। बघेल का दावा है कि सभी नाराज नेता जल्द एकजुट हो जाएंगे।

## समर्थकों के साथ की बैठक, प्रियंका ने चन्नी से की बात



### *इस वक्त हम कोई प्रयोग नहीं कर सकते: चन्नी गुट*

चन्नी गुट के समर्थक विधायक परगट सिंह ने कहा कि हम पंजाब में इस वक्त एक्सपेरिमेंट नहीं कर सकते। उनका निशाना हाल ही में हाईकमान द्वारा नियुक्त किए गए 3 नए कांग्रेस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्षों पर था। हमारे बीच मतभेद हो सकता है लेकिन हम सभी कांग्रेसियों का मकसद पंजाब में आप और भाजपा द्वारा बनाई जा रही रणनीति को ध्वस्त करना है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में किसी मुद्दे पर मतभेद होना कोई गलत बात नहीं है। हरेक बात का अपना मूल्य होता है।

### भाजपा ने साधा निशाना- यहां खेल चल रहा



बगावत पर भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने कहा कि भूपेश बघेल का बयान कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी तानाशाही, वंशवादी राजनीति और चापलूसी वाली कार्यप्रणाली को साफ तौर पर दिखाता है। गांधी-नेहरू परिवार पिछले सात दशकों से पंजाब के साथ 'गुड्डा-गुड्डी' का खेल खेल रहा है।

### हुड्डा-सुरजेवाला के बीच जबरदस्त बयानबाजी



हरियाणा कांग्रेस में लंबे समय से चल रही गुटबाजी अब दिखाई देने लगी है। प्रदेश प्रभारी संजय दत्त की मौजूदगी में बैठक के दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के मध्य बयानबाजी ने अंदरूनी मतभेदों को सामने ला दिया है।

## सरकार का बड़ा फैसला

# अब ईवी कमर्शियल वाहनों को मिलेगी 7 साल की परमिट छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है जिसे सुनकर कमर्शियल और ट्रांसपोर्ट गाड़ी चलाने वालों की खुशी का ठिकाना नहीं है।


सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक नया नोटिस जारी किया है, जिसमें अब कुछ खास तरह के कमर्शियल वाहनों को 7 साल तक के लिए कमर्शियल परमिट लेने की अब झंझट नहीं रहेगा। सरकार का यह फैसला देश में साफ-सुथरे फ्यूल यानी ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है।




### इन 4 तरह के कमर्शियल वाहनों मिलेगा फायदा

अब सभी बैटरी से चलने वाले वाहनों को 7 साल तक किसी भी तरह का परमिट लेने की जरूरत नहीं होगी। एथेनॉल, मेथेनॉल और भविष्य के फ्यूल से चलने वाले कमर्शियल पैसेंजर और माल ढोने वाले वाहनों को शामिल किया है।

## अमेरिका ने होर्मुज के पास ईरानी इलाकों में किए हमले


अमेरिका का ईरान के कुहेस्तक बंदरगाह पर हमला

ईरानी सेना के मुताबिक हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया

# ईरान के परमाणु ठिकानों के पास अमेरिका का हमला, तेहरान ने खाड़ी देशों को बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान

ईरान ने अमेरिका पर बुशहर परमाणु बिजली फैसिलिटी के पास हवाई हमला करने का आरोप लगाया है। यह हमला गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। ईरान के होर्मोजगान प्रांत के कुहेस्तक में अमेरिकी हमले के बाद बंदरगाह क्षेत्र से धुआं उठता दिखाई दिया।

यह बंदरगाह होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित है। जवाब में ईरान ने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिका के सैनिक अड्डों पर ड्रोन हमले किए हैं। ईरानी सेना के मुताबिक, हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया।

### *अमेरिका ने 2 दिन में 170 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया*

*अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि पिछले दो दिनों में उसकी सेना ने ईरान के 170 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। सेंटकॉम के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।*

### बुशहर में किया हवाई हमला



अमेरिका ने ईरान के एकमात्र बुशहर परमाणु बिजली फैसिलिटी के पास हवाई हमला किए। फिलहाल धमाकों के कारण या किसी नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। बुशहर के गवर्नर मोहम्मद मोजफ्फरी ने कहा कि बुधवार सुबह अमेरिका ने बुशहर शहर पर फिर हमला किया, लेकिन परमाणु बिजली संयंत्र और खार्ग द्वीप को निशाना बनाए जाने की खबर गलत है। ईरान के चाबहार पोर्ट पर किए गए अन्य हमले में शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल को नुकसान पहुंचा है। इस टर्मिनल में भारत का अरबों का निवेश है। वहीं अमेरिका ने चीन-ईरान को जोड़ने वाले एक रेलवे पुल को भी निशाना बनाया गया है।

### ईरान बोला- पुलों पर हमला युद्ध अपराध

ईरान ने अमेरिका पर दो पुलों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए इसे खुला युद्ध अपराध बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी सेना ने देश के पूर्वी हिस्से में मशहद जाने वाले रेलवे मार्ग पर बने दो पुलों को निशाना बनाया। पिछले 48 घंटों में अमेरिका ने अपराधी हमले किए हैं। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और पिछले महीने हुए सीजफायर समझौते का भी उल्लंघन किया है।

### ईरान के सिरिक में 3 की मौत

ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने ईरान के सिरिक शहर में हमला किया। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हुए हैं।

### जॉर्डन ने मिसाइलें मार गिराने का दावा किया

*जॉर्डन सरकार के प्रवक्ता मोहम्मद अल मोमानी ने कहा कि ईरान ने गुरुवार को उनकी तरफ मिसाइलें दागी जिसे सेना ने हवा में ही मार गिराया। साथ ही पूरे देश में चेतावनी देने वाले सायरन बजाए गए। फिलहाल किसी नुकसान या हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है।*

### कुवैत में ईरानी हमले में एक घायल

*कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार को ईरान के हमलों में एक व्यक्ति घायल हुआ है। मंत्रालय ने दावा किया कि हमलों के दौरान कुवैत की सेना ने 3 बैलिस्टिक मिसाइल, 1 क्रूज मिसाइल और 10 ड्रोन को हवा में ही मार गिराया।*

## खबर संक्षेप

### चीन में जूता फैक्ट्री में आग, 28 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** चीन के फुजियान प्रांत में एक जूता फैक्ट्री में लगी भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया है। इस घटना में करीब 28 लोगों की मौत हो गई है। हादसे के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बचाव अभियान तेज करने, घटना की गहन जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। फायर और रेस्क्यू टीमों ने 183 लोगों और 35 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आग फैक्ट्री की ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी बाद में पूरी फैक्ट्री में फैल गई।

### भारत और म्यांमार सुरक्षा सहयोग बढ़ाएंगे



**नई दिल्ली।** भारत और म्यांमा के बीच दो दिन की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस 23वीं राष्ट्रीय स्तर की बैठक में दोनों पक्षों ने सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। गृह मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों ने आतंकवाद, उग्रवाद, मादक पदार्थों, हथियारों, वन्यजीव और मानव तस्करी, साइबर अपराध तथा संगठित अपराधों सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने खुफिया जानकारी साझा करने और साझा सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के पर भी सहमति व्यक्त की।

### भारतीय इंजीनियर ने की पत्नी की हत्या



**नई दिल्ली।** अमेरिका में रह रहे एक 30 वर्षीय भारतीय इंजीनियर को यूएस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंजीनियर पर नौ माह पहले अपनी पत्नी की हत्या का आरोप है। पुलिस ने बताया कि भारतीय इंजीनियर अविनाश नारने ने अपनी पत्नी रंजीता सब्बीनेनी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी के शव की फोटो भारत में रह रही अपनी प्रेमिका को भी भेजी थी। पुलिस जांच के बाद हत्या का मामला साफ हो जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय बैठक में कई अहम समझौते

# रक्षा और सुरक्षा पर संयुक्त घोषणा पत्र जारी सप्लाई चेन सहित कई क्षेत्रों में नई साझेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ मेलबर्न

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझा प्रयासों को नई दिशा देगा। दोनों देश जहाज निर्माण, जहाजों की मरम्मत और उनके रखरखाव के क्षेत्र में भी मिलकर काम करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता की। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देते हुए नागरिक परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स), साइबर सुरक्षा और सप्लाई चेन जैसे अहम क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया।

■ समन्वय को मजबूत बनाएंगे दोनों

दोनों नेताओं ने दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने का संकल्प दोहराया। बैठक के बाद दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा पर संयुक्त घोषणा जारी की।

इसके अलावा ऊर्जा सहयोग पर संयुक्त बयान तथा साइबर सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए साझा रोडमैप भी जारी किया गया। इन समझौतों का उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों देशों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना है।

फूड प्रोसेसिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेश की अपील की


पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज

### ऑस्ट्रेलियाई निवेशक भारत में 50 करोड़ डॉलर निवेश करेंगे



इंडिया-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में पीएम मोदी

पीएम मोदी ने इंडिया-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम को संबोधित किया। पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस इवेंट को भी संयुक्त रूप से संबोधित किया। ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े पेंशन फंड ऑस्ट्रेलियनसुपर ने घोषणा की कि वे भारत के राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष में 50 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का निवेश करेंगे। पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियनसुपर की इस घोषणा का स्वागत किया। पीएम ने कहा कि भारत में पोर्ट, बंदरगाह, सड़क, रेलवे, सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर में सहयोग की असीम संभावनाएं हैं।

### आतंकवाद पूरी मानवता के लिए चुनौती

पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी मानवता की चुनौती है। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया आतंकवाद के खिलाफ अपनी साझा लड़ाई को और मजबूत बनाएंगे तथा इस दिशा में सहयोग लगातार बढ़ाया जाएगा।

### *यह हैं मुख्य समझौते और घोषणाएं*

- 2014 के असैन्य परमाणु समझौते को लागू करना
- रक्षा-सुरक्षा सहयोग के लिए जारी किया संयुक्त घोषणापत्र
- समुद्री सुरक्षा सहयोग के लिए जारी किया रोडमैप
- साइबर, जटिल तकनीकों, सप्लाई चेन के लिए दी पैक्ट्स को मंजूरी
- समुद्री कानूनों के अनुपालन के लिए एमओयू
- ऑस्ट्रेलिया के रक्षा कॉलेजों में 2028-29 में जाएंगे मिलिट्री इंस्ट्रक्टर, मिला निमंत्रण
- भारत को लौटाई 3 प्राचीन कलाकृतियां (नंदी, मंगलमयी काली, कार्तिकेय)
- अंतरिक्ष सहयोग के तहत गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन को अपना समर्थन
- खनन में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए हुआ एमओयू
- खनन में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना
- सीएसआईआर, मेलबर्न विवि. के बीच हुआ के लिए हुआ एमओयू
- ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भारत नवाचार साझेदारी के लिए हुआ एमओयू

## पीएम क्रिस्टोफर लक्सन का दावा

# न्यूजीलैंड के 57% सामान पर नहीं लगेगा टैरिफ, होगा लाभ

*न्यूजीलैंड ने भी भारतीय सामान पर टैरिफ शून्य किया*


क्रिस्टोफर लक्सन, नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से न्यूजीलैंड के कारोबार को जबरदस्त गति मिलेगी और भारतीय बाजार में उसके निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे। लक्सन ने कहा कि भारत के साथ होने वाले व्यापार समझौते के तहत न्यूजीलैंड से भारत भेजे जाने वाले कुल निर्यात का 57 प्रतिशत हिस्सा पहले ही दिन से आयात शुल्क (टैरिफ) से मुक्त हो जाएगा। इससे न्यूजीलैंड के उत्पाद भारतीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।

### व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

लक्सन ने विश्वास जताया कि इस समझौते से केवल निर्यात ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि निवेश, रोजगार और आर्थिक सहयोग को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने इसे न्यूजीलैंड के कारोबारियों और अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजारों में से एक है, ऐसे में यह समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। न्यूजीलैंड ने भारत से होने वाले निर्यात के लिए सभी 8,284 श्रेणी की वस्तुओं एवं सेवाओं पर सीमा शुल्क को शून्य कर दिया है।

### आज न्यूजीलैंड पहुंचेंगे पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद 10 जुलाई को न्यूजीलैंड पहुंचेंगे। मोदी 40 वर्ष बाद न्यूजीलैंड के दौरे पर जाने वाले पहले पीएम हैं। इससे पहले 27 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में भारत और न्यूजीलैंड ने इस मुक्त व्यापार समझौते पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर किए थे। इस एफटीए से भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांति आ सकती है। भारत को न्यूजीलैंड से विश्वस्तरीय कृषि तकनीक मिल सकती है।

## भारत-रूस आतंकवाद निरोधक बैठक

# आतंकी चुनौतियों से निपटने सहयोग के लिए बनी सहमति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-रूस आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक आयोजित में सीमा पार आतंकवाद और आतंकियों द्वारा नई तकनीक के दुरुपयोग पर चर्चा हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और रूस के उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिंस्की ने की। दोनों देशों के संबंधित मंत्रालयों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में भारत और रूस ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों, विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में सूचीबद्ध आतंकवादी संगठनों, उनके सहयोगी संगठनों और प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

## अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट में खुलासा

# आसियान में 8 करोड़ नौकरियों पर एआई तकनीक का असर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया में करीब 8 करोड़ नौकरियां जेनरेटिव एआई के प्रभाव के दायरे में हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार आसियान क्षेत्र में करीब 8 करोड़ लोग ऐसे व्यवसायों में कार्यरत हैं जिनके कामकाज पर एआई का असर पड़ सकता है। हालांकि संगठन का आकलन है कि अभी यह तकनीक बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म करने के बजाय काम का तरीका बदल रही है।

जेनरेटिव एआई एंड लेबर मार्केट्स इन आसियान नामक इस रिपोर्ट में 11 देशों के श्रम बाजार का विश्लेषण है। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र के कुल रोजगार के 22.9% हिस्से पर जेनरेटिव एआई का असर पड़ सकता है। यह संख्या 8 करोड़ लोगों के बराबर है।

## उत्तरी क्षेत्र के मोर्चों पर सेना की तैयारी परखी



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने उत्तरी क्षेत्र के अग्रिम इलाकों का दौरा किया है। उन्होंने यहां तैनात सैन्य इकाइयों की परिचालन तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दुनिया के सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण वातावरण में तैनात वायु योद्धाओं से मुलाकात कर उनकी कार्यकुशलता, पेशेवर दक्षता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने अग्रिम क्षेत्रों में संचालित वायुसेना इकाइयों की युद्धक क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था और समग्र परिचालन तैयारियों का आकलन किया। बता दें, उत्तरी क्षेत्र के अग्रिम इलाके में जम्मू कश्मीर और लद्दाख के अत्यंत रणनीतिक और कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र आते हैं।

## पीओके में जेएएसी का 48 घंटे का अल्टीमेटम

# पाकिस्तान सरकार 38 मांगों पर दे ध्यान, वरना होगा बड़ा प्रदर्शन


पीओके में जेएएसी के प्रदर्शनकारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) तनाव लगातार बढ़ रहा है। जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

जेएएसी ने पाक सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उसकी 38 मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो उन्हें भारी विरोध प्रदर्शन का सामना करना होगा।

अभी का मुद्दा 27 जुलाई को होने वाले क्षेत्रीय चुनाव हैं। 9 जून से नॉमिनेशन शुरू होने के साथ, जेएएसी ने मुजफ्फराबाद तक एक बड़े विरोध मार्च की घोषणा की है।

### विधानसभा सीटों को खत्म करने की मांग

पीओके में जारी विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में पाकिस्तान में बसे कश्मीरी रिफ्यूजियों के लिए रिजर्व 12 विधानसभा सीटों को खत्म करने की मांग रखी गई है। जेएएसी का तर्क है कि ये सीटें इस्लामाबाद को पीओके की राजनीति पर बहुत ज्यादा असर बनाए रखने की इजाजत देती हैं। पीओके सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को फैसला सुनाया कि 12 रिजर्व सीटें संवैधानिक रूप से सुरक्षित हैं और इन्हें एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता, इसके बजाय संवैधानिक बदलाव की जरूरत है।

## पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आईएसआई की नई साजिश का खुलासा

खालिस्तान आंदोलन को अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने से बौखलाई आईएसआई

# ब्रिटेन-कनाडा में भारतीयों पर हमले कर सकते हैं खालिस्तानी समर्थक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खुफिया एजेंसियों ने ब्रिटेन और कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समर्थक भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थक माने जाने वाले लोगों पर हमलों की साजिश रच रहे हैं।

हाल के वर्षों में ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा घृणा अपराध और हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं अब आशंका है कि इन्हें अधिक संगठित तरीके से अंजाम दिया जा सकता है। इन संभावित हमलों को रोकने के लिए भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पश्चिमी देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर काम कर रही हैं।




### आंदोलन के प्रति आज जनता में कम रुचि

अधिकारियों के अनुसार, हाल के वर्षों में ब्रिटेन और कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के प्रति समर्थन में उल्लेखनीय गिरावट आई है। पहले स्थानीय आबादी का एक वर्ग इस आंदोलन के प्रति सहानुभूति रखता था, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है।

### भारतीय एजेंसियों पर भी हमले की योजना

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने बताया कि खालिस्तान आंदोलन को समर्थन देने वाली आईएसआई ने यूरोप में सक्रिय अपने नेटवर्क को ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। आईएसआई भारतीय समुदाय के खिलाफ सिलसिलेवार और समन्वित हमलों की योजना बना रही है। आईएसआई की रणनीति में यह बदलाव खालिस्तान आंदोलन को गति नहीं मिलने से पैदा हुई निराशा का परिणाम है।

### *गैंगस्टर नेटवर्क का इस्तेमाल*

*हिंसक वारदातों को अंजाम देने के लिए आईएसआई अपने गैंगस्टर नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए यूरोप और भारत में सक्रिय मॉड्यूल को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत में स्थानीय गैंगस्टरों के जरिए हमलों को अंजाम देने की योजना बनाई गई है। आंदोलन से जुड़े गैंगस्टर नेटवर्क अब अपने घोषित उद्देश्य के बजाए जबरन वसूली, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी में लगे हैं।*

# यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में, पहली बार ब्राजील-जर्मनी बाहर

**पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों।

ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे ।

## आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब



इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो, इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था। यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है।

## फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच



खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।

## स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया। गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4-0 और उरूग्वे को 1-0 से हराया। अंतिम 32 में आस्ट्रिया को 3- 0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।



## यूरोप के साथ अफ्रीका और अमेरिका की एक-एक टीम

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना ) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी । वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है ।

## आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

*बोस्टन। फीफा विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले संपन्न हो चुके हैं और अब क्वार्टर फाइनल के लिए आखिरी 8 टीमें खिताब की दौड़ में बची हुई है। गत विजेता अर्जेंटीना और खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीमें भी अपने-अपने मैचों के लिए तैयार हैं। इस बीच क्वार्टर फाइनल की सभी टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।*



### ऐसा है क्वार्टर फाइनल मैच का शेड्यूल

**पहला क्वार्टर फाइनल**
10 जुलाई को बोस्टन में फ्रांस और मोरक्को के बीच होगा (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे)।

**दूसरा क्वार्टर फाइनल**
11 जुलाई को लॉस एंजिल्स में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

**तीसरा क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को मियामी में इंग्लैंड का सामना नॉर्वे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से होगा।

**चौथे क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से (भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे) होना है।

### 14 से खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल 14 और 15 जुलाई को अर्लिंग्टन और अटलांटा में होंगे। ये दोनों मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे से होगा।

### फाइनल 20 को

फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

### ऐसे रहे राउंड ऑफ-16 के परिणाम

अर्जेंटीना ने 0-2 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए मिस्र को 3-2 से हराया। पांच बार के चैंपियन ब्राजील को नॉर्वे ने एक बड़े उलटफेर में बाहर कर दिया। फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड ने मेक्सिको को 3-2 से हराया जबकि स्पेन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-0 से बाहर कर दिया। बेल्जियम ने सह-मेजबान यूएसए को 4-1 बाहर कर दिया, और स्विट्जरलैंड क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली 8वीं और आखिरी टीम थी।


## मैक्सिको-इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।



## विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना शकीरा, बीटीएस व जस्टिन बीबर होंगे शामिल

**न्यूयॉर्क।** जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10



करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, /"फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## खबर संक्षेप


### गांगुली कल हॉल ऑफ फेम में होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। गांगुली यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। आईसीसी हर साल क्रिकेट इतिहास के महान खिलाड़ियों को इस सम्मानित सूची में शामिल करती है। 11 जुलाई को गांगुली को इस बड़ी उपलब्धि से नवाजा जाएगा।



**इन खिलाड़ियों को मिला चुका है यह सम्मानः** गांगुली से पहले भारत के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी इस सूची में शामिल किया जा चुका है। भारत की ओर से नीतू डेविड, वीरेंद्र सहवाग, डियान एडुल्जी, विनोद मांकड़, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, महेंद्र सिंह धोनी और सुनील गावस्कर यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। गावस्कर और बिशन सिंह भारत की ओर से आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें यह सम्मान 2009 में मिला था।

## वाइल्ड कार्डधारी ब्रिटिश खिलाड़ी फेरी विम्बलडन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी आर्थर फेरी ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 23 वर्ष के फेरी ने नौवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6, 6-0 से हराया। इससे पहले पुरूष एकल वर्ग में वाइल्ड कार्ड के जरिये सेमीफाइनल तक पहुंचने का कमाल गोरान इवानीसेविच ने 2001 में किया था। यह मुकाबला देखने के लिये रॉयल बॉक्स में ब्रिटेन की महारानी कैमिला भी मौजूद थी। पहला सेट जीतने के बाद दर्शकों ने खड़े होकर फेरी का अभिवादन किया। उन्होंने टाइब्रेकर में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे कोर्ट पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया और अब वह फेरी से सेमीफाइनल में खेलेंगे।

### मार्ता ने जैसमीन को हराया

*महिला वर्ग में मार्ता कोस्तियुक ने जैसमीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह लिंडा से खेलेंगी जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कोको गाफ का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा।*

## भारत 12 साल बाद इंग्लैंड से टी-20 सीरीज हारा, चौथे मैच में 9 विकेट से मिली शिकस्त

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

भारत 12 साल बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज हार गया। ब्रिस्टल में खेले गए चौथे टी-20 में इंग्लैंड ने 159 रन का टारगेट 9 विकेट रहते 13.5 ओवर में हासिल कर लिया और पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने आखिरी बार 2014 में भारत के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 सीरीज जीती थी। भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने पहला विकेट 13 रन पर गंवा दिया। कप्तान हैरी ब्रुक और फिल सॉल्ट ने नाबाद 68 बॉल पर 146 रन जोड़े और जीत दिला दी।



## लिएंडर पेस के बाद अर्नव पापरकर ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** युवा टेनिस सनसनी अर्नव पापरकर ने खेल जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दरअसल, वह जूनियर विंबलडन के बॉयज सिंगल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुए। वह 36 साल बाद इस टूर्नामेंट के इतिहास में अंतिम-8 में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना अमेरिका के जॉर्डन ली के खिलाफ होगा।

## ईस्पोटर्स विश्व कप पेरिस में शुरू

**आयोजन 23 अगस्त तक**

**पेरिस।** दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोटर्स गेमिंग टूर्नामेंट का पहला सत्र ईस्पोटर्स विश्व कप बृहस्पतिवार को पेरिस एक्स्पो पोर्टे डे वर्सेलेस में शुरू हो गया। 23 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में 2000 से अधिक एलीट खिलाड़ी, 100 से अधिक देशों के 200 शीर्ष ईस्पोटर्स क्लब दुनिया के सबसे लोकप्रिय 24 खेलों के 25 टूर्नामेंटों में भाग लेंगे जिसकी ईनामी राशि रिकॉर्ड 716 करोड़ रूपये होगी।इस टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन का कार्यक्रम इतिहास में सबसे बड़ा है जिसमें 15 लाख से ज्यादा खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोर्ट्स मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए 330 टूर्नामेंट, पब्लिशर लीग और बड़े अंतरराष्ट्रीय सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
Office of The Dy. General Manager (O&M) North Division, Harda
Phone No. : 07577-222222, E-mail : hdampeb@gmail.com
No. : /DGM/PUR/VEH./1174 — Harda, Dated : 08.07.2026

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :-

| Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (In Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Office of the DGM (O&M) Division Harda North | One Number Pool vehicle Type-E Air Conditioned Jeep or Equivalent Category MUV with 1450 CC (for Petrol/Diesel) with Airbags and ABS (As per Vehicle Policy) | 3000/- | 14.07.2026 Up to 05.00 P.M. | 15.07.2026 at 12.00 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/126809/2026 — **DGM (O&M)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल फोन-0755 2463894**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्यों हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 सी.पी.ए. 519686 | 36/ व.ले.लि. // 26-27 दि. 7.7.2026 | वार्षिक रखरखाव के अन्तर्गत विधायक विश्राम गृह स्थित खण्ड क्र.-3 एन.पी.पी., खण्ड क्र. अ. ब, स, एवं वी.आई.पी. गेस्ट हाउस आदि का विभिन्न सिविल संधारण कार्य। | रू.19,60,000.00 | रू.39200.00 | रू. 2000.00 | 12 माह | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत निविदाकार । |
| 2 | 2026 सी.पी.ए. 519688 | 37/ व.ले.लि. // 26-27 दि. 7.7.2026 | वार्षिक रखरखाव के अन्तर्गत विधायक विश्राम गृह का सामान्य पेस्ट कन्ट्रोल / डिसइन्फेक्शन ट्रीटमेंट एवं पोस्ट कन्स्ट्रशन्स एन्टी टरमाईट ट्रीटमेंट कार्य। | रू.6,38,022.00 | रू.12760.00 | रू. 2000.00 | 12 माह | - तदैव - |
| 3 | 2026 सी.पी.ए. 519692 | 38/ व.ले.लि. // 26-27 दि. 7.7.2026 | वार्षिक रखरखाव के अन्तर्गत विधानसभा भवन के गेट-5 में समीप पास ऑफिस एवं अन्य क्षेत्रों का सुधार/सुदृढिकरण कार्य। | रू.19,70,000.00 | रू.39400.00 | रू. 2000.00 | 08 माह | - तदैव - |
| 4 | 2026 सी.पी.ए. 519696 | 39/ व.ले.लि. // 26-27 दि. 7.7.2026 | वार्षिक रखरखाव के अन्तर्गत विधानसभा भवन दीवार / वूडन फर्नीचर / पेनललिंग, ग्रिली, दरवाजे, आदि का पेन्टिंग और पालिशिंग कार्य। | रू. 9,86,360.00 | रू.19727.00 | रू. 2000.00 | 08 माह | - तदैव - |
| 5 | 2026 सी.पी.ए. 519697 | 40/ व.ले.लि. // 26-27 दि. 7.7.2026 | वार्षिक संधारण के अन्तर्गत विधानसभा भवन में दुर्गा जी मंदिर के समीप वाहन चालकों के पुराने विश्राम कक्ष का सुधार एवं सुदृढिकरण कार्य। | रू.06,09,495.00 | रू.12190.00 | रू. 2000.00 | 04 माह | - तदैव - |

(1) उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (tender documents) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। (2) निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 13.7.2026 से दि. 17.7.2026 सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। (3) विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वबसाईट में देखी जा सकता है। (4) निविदा से संबंधित आवश्यक अभिलेख केवल ऑन लाईन ही प्राप्त किये जा सकेगें। यदि आवश्यक हो तो केवल निविदाकार स्वयं कार्यालय में जाकर स्थल का अवलोकन कर सकता है।

**कार्यपालन यंत्री,
भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग
ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल 0755-2463894**

जी- 15448/26 — स्वच्छता ही सेवा

**भारत व इंग्लैंड के बीच पहला महिला टेस्ट क्रिकेट मैच आज से**

## 142 साल में पहली बार लाइर्स में होगा महिला टेस्ट क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| लाइर्स

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बीच आज 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला टेस्ट मुकाबला ऐतिहासिक होगा। यह लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट मैच है।पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद इस मैदान पर महिला क्रिकेट को जगह मिलेगी। इंग्लैंड ने 1937 से अब तक 19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं और लॉड्र्स उसका 20वां टेस्ट स्थल होगा। टीम ने आखिरी घरेलू टेस्ट 2023 में खेला था।



### हाल के दिनों में टेस्ट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने इस साल सिर्फ एक मुकाबला खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में टीम को 10 विकेट से हार मिली थी। यह साल 2006 के बाद 10 टेस्ट में उसकी पहली हार थी। भारत ने 2025 में कोई टेस्ट नहीं खेला था, जबकि 2024 में सिर्फ एक मुकाबला खेला था। वहीं, इंग्लैंड ने अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2025 में खेला था, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी।

### पुरुषों के टेस्ट से अलग होता है महिला टेस्ट मैच

महिलाओं का टेस्ट मैच 4 दिन का होता है, जबकि पुरुषों का टेस्ट 5 दिन का होता है। इसमें एक दिन में कम से कम 100 ओवर फेंकना अनिवार्य है। वहीं, फॉलोऑन के लिए 200 की जगह 150 रन की बढ़त जरूरी होती है। अब तक सिर्फ 2 महिला टेस्ट मुकाबले 5 दिन तक चले हैं। 2023 एशेज में ट्रेंट ब्रिज पर खेला गया टेस्ट आखिरी 5 दिवसीय मुकाबला हुआ था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन से जीता था।




# बड़े तालाब में सुरक्षा को लेकर बंद बोटों का संचालन जल्द होगा शुरु

- निजी संचालक पुरानी लाइफ जैकेट के साथ करा रहे बोटिंग
- नगर निगम ने अभी तक प्रदान नहीं की, निजी बोट को एनओसी
- सालाना निगम एक बोट से वसूल रहा 20 हजार रुपए
- निगम निजी बोट की खामियों को कर रहा नजर अंदाज
- फिर लोगों की जान से समझौता
- 120 में से 40 नाव के बीते माह लाइसेंस किए गए हैं रिन्यू, लेकिन लाइफ जैकेट अब भी पुरानी

## झील में जल्द उतरेंगी एमपी पर्यटन की बोट


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

जबलपुर के बरगी डेम में हुए क्रूज हादसे के बाद बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर सुरक्षा जांच और मेंटेनेंस के लिए बंद किया गया बोट संचालन अब जल्द शुरू होने वाला है। करीब एक महीने से फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म, बोट की फिटनेस और सुरक्षा उपकरणों की जांच का काम चल रहा था। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीटी) के अधिकारियों के अनुसार करीब 80 प्रतिशत मेंटेनेंस पूरा हो चुका है और जल्द ही पर्यटकों के लिए बोट क्लब फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

### सुरक्षा पर सवाल...

हालांकि, इस दौरान निजी बोट संचालकों ने इसका फायदा उठाया। पर्यटकों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। कई नावों पर किराया सूची तक नहीं लगी है, जिससे सैलानियों को तय दरों की जानकारी नहीं मिल पाती। सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा को लेकर है। कई निजी नावों में अब भी पुरानी और अनफिट लाइफ जैकेट का उपयोग किया जा रहा है।नगर निगम की जांच में पहले 40 लाइफ जैकेट अनफिट मिली थीं। वहीं बड़े तालाब में चलने वाली करीब 120 निजी नावों में से केवल 40 के लाइसेंस पिछले महीने रिन्यू किए गए हैं। इसके बावजूद कई नावें झील में संचालित हो रही हैं।

### अभी तक नगर निगम से एनओसी नहीं मिली है, फिर भी कई नावें संचालित

निगम प्रत्येक निजी नाव से सालाना 20 हजार रुपए शुल्क भी वसूलता है। गुरुवार को हरिभूमि टीम ने बोट क्लब का निरीक्षण किया। निजी नाव संचालकों ने बताया कि उन्हें अभी तक नगर निगम से एनओसी नहीं मिली है, फिर भी कई नावें संचालित की जा रही हैं। नगर निगम के झील प्रभारी संदीप ठाकुर ने बताया कि 40 से अधिक निजी नावों को एनओसी जारी कर दी गई है। उनकी फिटनेस और मेंटेनेंस की जांच के बाद ही संचालन की अनुमति दी गई है।

## अगस्त तक टैक्स जमा करने पर मिलेगी रियायत

**भोपाल।** शुक्रवार 10 जुलाई को निगम के सभी वार्ड दफ्तरों में विशेष राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में प्रॉपर्टी और पानी कर की अग्रिम राशि जमा करने पर दह फीसद की विशेष छूट दी जाएगी। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शुक्रवार को सभी वार्ड कार्यालयों में विशेष राजस्व वसूली शिविर लगाने की हिदायत दी है, जिसके त त सुबह 9 बजे से प्रॉपर्टी टैक्स और जल प्रभार की राशि जमा करने पर विशेष छूट दी जाएगी।




## पिछड़ा वर्ग में हुई जिला अध्यक्षों की नियुक्ति


**भोपाल।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने मोर्चा के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसमें आगर और रायसेन जिले में नियुक्तियां की हैं। आगर जिले में कमल सिंह गंगापुर और रायसेन में कमल साहू को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### लाइसेंस रद्द होने तक बेच सकेंगे पटाखे

## हलालपुरा की पटाखा दुकान, गोदामों की एनओसी रद्द, फिलहाल सील नहीं होंगी दुकानें

नई जगह पर शिफ्ट करना पड़ेंगी दुकानें, गोदाम, वरना होंगी सील

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल



हलालपुरा और लालघाटी की दो लाख आबादी के लिए खतरा बनीं पटाखा दुकान और गोदाम अब भोपाल इंदौर सड़क पर नहीं चलेंगे। इसके लिए दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर दुकानों को सील कर दिया जाएगा। गुरुवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सभी पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द कर दी हैं, जबकि बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने कारोबारियों को मंगलवार तक जवाब पेश करने की मोहलत दी है। बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने यहां के पंद्रह सौ किलो स्टॉक वाले 15 दुकानदार और पांच गोदाम संचालकों को आखिरी नोटिस जारी किया है, जिसके तहत 9 जुलाई को जवाब पेश करना था, लेकिन जवाब पेश नहीं किया गया, जिसके बाद एसडीएम ने मंगलवार तक की मोहलत दी है। थोक पटाखों दुकानों की एनओसी रद्द होने के बाद पटाखा दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई पीईएसओ करेगा।

### यह दुकानें और गोदाम हटेंगे

हलालपुरा में पंद्रह सौ किलो पटाखे के स्टॉक रखने वाली 15 दुकानें हैं, जहां तय मात्रा से अधिक स्टॉक रखा जाता है। आदेश के तहत सोनी पटाखा, कालू पटाखा, आरके पटाखा, अम्बिका पटाखा, राज फायर वर्क्स, दीपक पटाखा, महादेव पटाखा समेत 15 दुकान और पांच पटाखा गोदामों की एनओसी रद्द कर दी गई है।

## सामाजिक बहिष्कार पर हाई कोर्ट सख्त, पुलिस से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज >> जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने छतरपुर जिले के बड़ामलहरा में कथित सामाजिक बहिष्कार के मामले को गंभीरता से लिया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने पुलिस प्रशासन को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ताओं की शिकायत पर अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा तलब किया है। याचिकाकर्ताओं किशोरीलाल प्रजापति एवं अन्य की ओर से अधिवक्ता रत्न भारत तिवारी ने पक्ष रखते हुए बताया कि दहेज प्रथा, अंतरजातीय विवाह के विरोध तथा विधवा विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने पर बर्दिया समाज (प्रजापति समाज) ने उन्हें समाज से बहिष्कृत करने का फरमान जारी कर दिया। समाज के लोगों को निर्देश दिए गए कि कोई भी व्यक्ति याचिकाकर्ताओं को सामाजिक आयोजनों में न बुलाए।

## महादेव एप केसः दो कारोबारी पर सीबीआई की चार्जशीट

### सौरभ चंद्राकर के 'राइट हैंड' बताए गए

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

बहुचर्चित अंतरराष्ट्रीय महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर के साथ भोपाल के दो कारोबारी भाइयों विशाल आहूजा और धीरज आहूजा के खिलाफ भी चार्जशीट पेश की है। दोनों भाइयों का नाम मामले में सह-आरोपी के रूप में शामिल किया गया है।

जानकारी के अनुसार, विशाल आहूजा और धीरज आहूजा भोपाल के लालघाटी क्षेत्र स्थित रैपिड ट्रेवल्स के संचालक हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, दोनों को महादेव एप नेटवर्क में सौरभ चंद्राकर का करीबी सहयोगी (राइट हैंड) माना जाता है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने भी दोनों भाइयों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। कार्रवाई के बाद दोनों भाई फरार हो गए थे। इसके बाद जांच एजेंसियों ने उनकी तलाश तेज कर दी। अब सीबीआई द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने के साथ ही दोनों आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया है, ताकि उनके भारत लौटने या किसी भी अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान उन्हें रोका जा सके। महादेव एप मामला देश के सबसे चर्चित ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में शामिल है।

## गोवंश का कटा हुआ सिर मिला अज्ञात के खिलाफ एफआईआर

### ईंटखेड़ी के चंदेरी गांव की घटना

आरोपी को गिरफ्तार करने हिंदू संगठन ने की मांग

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव चंदेरी में शासकीय स्कूल के पास सड़क पर मवेशी का कटा हुआ सिर मिलने से सनसनी फैल गई। हिंदू संगठन के कार्यकर्ता की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने सिर बरामद कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिशेध अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिंदू संगठन ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। हिंदू संगठन का कहना है कि आरोपी की यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं की गई तो प्रदर्शन किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार 25 साल के बलराम मीणा सुखा निपानिया ईंटखेड़ी में रहते हैं। वह खेती किसानी करते हैं और बजरंग दल के कार्यकर्ता है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे उन्हें सूचना मिली कि सुखा निपानिया और चंदेरी गांव के बीच शासकीय स्कूल के पास मवेशी का कटा हुआ सिर मिलने की जानकारी मिली थी। इसके बाद वह अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी।

### कलेक्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद

## सांदीपनी विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा, विद्यार्थियों के साथ किया सहभोज

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल



कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर 'सेंट्रलाइज्ड एजुकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम' के अंतर्गत अत्याधुनिक कंट्रोल कमांड रूम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निरंतर उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही है, इसलिए जिले में भी शिक्षा की गुणवत्ता और मॉनिटरिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर मिश्रा गुरुवार को सांदीपनी विद्यालय, टीटी नगर में आयोजित समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के बाद उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के मेस में सहभोज कर उनसे आत्मीय संवाद भी किया। बैठक में जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी, शासकीय विद्यालयों, पीएम श्री, नवोदय एवं केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि विद्यालयों से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित एसडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्यों के प्रथम संपर्क अधिकारी होंगे। उन्होंने निर्माण कार्य, यातायात और अतिक्रमण जैसी समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों की सही जानकारी संकलित कर पोर्टल पर प्रमाणिक डेटा दर्ज करने तथा इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी। कलेक्टर मिश्रा ने नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नियमित पाठ्यक्रम के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण से जोड़कर रोजगारोन्मुखी बनाया जाए।

# सेहतनामा

## मरीज से ज्यादा मेडिकल सर्टिफिकेट की चिंता

जिला अस्पताल में इन दिनों इलाज से ज्यादा मेडिकल सर्टिफिकेट की चर्चा है। गलियारों में कानाफूसी है कि यहां कुछ लोगों ने ऐसा नेटवर्क बना लिया है, जिसमें मरीज से ज्यादा सर्टिफिकेट की फिक्र होती है। कहा जा रहा है कि पहले संपर्क होता है, फिर सेटिंग बनती है और उसके बाद मेडिकल सर्टिफिकेट तैयार होकर हाथ में आ जाता है। चर्चा यह भी है कि इस पूरे खेल में हर किसी का हिस्सा पहले से तय रहता है। काम कराने वाला भी खुश, काम कराने वाले भी खुश और जरूरतमंद का काम भी मिनटों में पूरा। बस एक शख्स हैं, जिन्हें इस पूरी व्यवस्था की भनक तक नहीं है, और वे हैं अस्पताल के मुखिया। अस्पताल में लोग मजाक में कहते हैं कि यहां इलाज की कतार लंबी हो सकती है, लेकिन सेटिंग की लाइन हमेशा फास्ट ट्रैक पर चलती है। अब सवाल यही है कि यह चर्चा सिर्फ अफवाह है या फिर किसी जांच का इंतजार कर रही सच्चाई।

## नहीं चली चालाकी, एप ने बिगाड़ दिया खेल

सरकारी दफ्तरों में अब हाजिरी लगाने के भी नए-नए हुनर विकसित हो गए हैं। पहले रजिस्टर में कलम चलती थी, अब मोबाइल एप पर अंगुलियां दौड़ती हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि शरीर कहीं और होता है और उपस्थिति कार्यस्थल पर लग जाती है। लगता है तकनीक को भी कुछ लोगों ने वर्क फ्राम एनीवेयर का सरकारी संस्करण बना दिया था, लेकिन इस बार एप ने ही खेल बिगाड़ दिया। लोकेशन ने ऐसा सच उगला कि कई किमी दूर बैठकर लगाई गई मौजूदगी पकड़ में आ गई। नतीजा यह हुआ कि वेतन पर कैंची चली और अनुशासन का नोटिस भी घर पहुंच गया। अब चर्चा है कि तकनीक जितनी स्मार्ट होती जा रही है, उतनी ही मुश्किल पुराने जुगाड़ों की होती जा रही है। सलाह यही दी जा रही है कि अगर ड्यूटी करनी है तो कार्यस्थल पर पहुंचिए, क्योंकि मोबाइल की लोकेशन अब बहानों से नहीं, सैटेलाइट से चलती है।

## रिटायरमेंट के बाद भी नहीं छूटा कुर्सी का मोह

सरकारी दफ्तरों में कुर्सी का आकर्षण किसी चुंबक से कम नहीं होता। आयुष विभाग के एक बड़े अस्पताल के साहब इसका जीवंत उदाहरण बने हुए हैं। रिटायरमेंट हुए अरसा बीत गया, वेतन बंद हो गया, पेंशन की गाड़ी भी अभी पटरी पर नहीं आई, लेकिन कुर्सी से मोह ऐसा कि रोज उसी शान से दफ्तर पहुंच रहे हैं। लगता है कुर्सी अब पद नहीं, पारिवारिक विरासत बन चुकी है। अस्पताल और कालेज में चर्चा है कि साहब का कार्यालय से रिश्ता सरकारी आदेश से नहीं, भावनात्मक अनुबंध से चलता है। कर्मचारी भी हैरान हैं कि आखिर यह सेवा विस्तार है या कुर्सी विस्तार। नए फैसलों से ज्यादा लोगों की नजर इस बात पर रहती है कि साहब आज भी उसी कुर्सी पर विराजमान हैं या नहीं। गलियारों में कानाफूसी है कि जब तक कुर्सी खुद आवेदन देकर मुक्त नहीं होगी, तब तक यह साथ निभाती रहेगी। सरकारी रिकार्ड भले रिटायरमेंट दिखा दे, लेकिन कुर्सी के रिकार्ड में साहब अभी भी कार्यरत हैं।

-सचिन सिंह बैस

## बारिश में जलभराव से बढ़ा हादसों का खतरा, जाम से भी जूझ रहे लोग




## जहांगीराबाद चौराहे पर गड्ढों से बचाने के लिए लगाए बेरिकेड्स

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

शहर के जहांगीराबाद चौराहे पर सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए हर समय हादसे का खतरा बना रहता है।

### गड्ढों को छिपाने के लिए लगाए बेरिकेड्स...

हालात इतने खराब हैं कि गड्ढों की स्थायी मरम्मत करने के बजाय पुलिस को सुरक्षा के लिए मौके पर बेरिकेड्स लगाने पड़े हैं। हालांकि यह व्यवस्था केवल अस्थायी राहत दे रही है। गड्ढे जस के तस बने हुए हैं और बारिश के साथ समस्या और गंभीर होती जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। हर बार पैचवर्क कर दिया जाता है, लेकिन बारिश होते ही वह उखड़ जाता है और गड्ढे फिर सामने आ जाते हैं। जिम्मेदार विभाग स्थायी समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### बेरिकेड्स लगाए जाने से सड़क का एक हिस्सा बंद...

जहांगीराबाद चौराहे पर सुबह और शाम के पीक आवर्स में वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को रोजाना जाम का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि पानी से भरे गड्ढों से बचने के लिए कई बार अचानक ब्रेक लगाना या वाहन मोड़ना पड़ता है। इससे पीछे आ रहे वाहनों के टकराने का खतरा भी बना रहता है। रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही वाले इस चौराहे पर जल निकासी की भी कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक स्थगित

*दतिया उपचुनाव एवं विधानसभा सत्र के दृष्टिगत लिया गया निर्णय*

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की ओरछा में आयोजित होने वाली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक स्थगित हो गई है। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बताया कि 18 एवं 19 जुलाई को ओरछा में आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तिथि दतिया विधानसभा उपचुनाव तथा मध्यप्रदेश विधानसभा के आगामी सत्र के दृष्टिगत आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रदेश संगठन द्वारा आगामी तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

### आठ सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मिल रही गति

सिंहस्थ-2028 की तैयारी

## सरकार का 3,778 करोड़ का मेगा प्लान, उज्जैन समेत सात जिलों के धार्मिक-पर्यटन स्थलों का भी होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

सिंहस्थ-2028 को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा मास्टर प्लान तैयार किया है। सरकार ने 3,778 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन सहित सात जिलों के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों के विकास का खाका तैयार किया है। इस योजना के तहत सड़क संपर्क, घाट निर्माण, मंदिर परिसरों का विकास, श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं और पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग पर विशेष जोर दिया जाएगा। फिलहाल 800 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे हैं, जिन्हें 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### नावघाट खेड़ी में 163 करोड़ रुपए की लागत से घाटों का निर्माण



ओंकारेश्वर और नावघाट खेड़ी में 163 करोड़ की लागत से घाटों का निर्माण होगा। ममलेश्वर मंदिर कॉम्प्लेक्स और आसपास के क्षेत्र के विकास पर 119 करोड़ खर्च किए जाएंगे। वहीं खरगोन में अहिल्या लोक के निर्माण के लिए 110 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा 70 करोड़ से ओंकारेश्वर सर्किट विकसित किया जाएगा, जिसमें इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर में आधुनिक सुविधाएं विकसित होंगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930